दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...

दैनिक शुभ भास्कर
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
मो० : 7764978689

वर्ष-01 | अंक-68 | RNI UP HIN/2015/64737 | पृष्ठ:9 , | मुल्य = 4 रूपया | शुक्रवार, 03 मार्च 2023

संक्षिप्त समाचार

बिहार के बजट में जो प्रावधान किये गये हैं उससे सूबे में बेरोजगारी बढ़ेगी : रंजीत यादव

रारिया। बिहार सरकार द्वारा जो बजट पेश किया गया वह बिहार एवं बिहारियों को दिग्भ्रमित करने वाला है भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सह जोकीहाट विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रहे युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत यादव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कि इस बजट में युवाओं के लिए किसानों के लिए कुछ भी नहीं यह एक झूठ का पुलिंदा है । बिहार सरकार लोगों को भ्रमित कर रही है शिक्षा, रोजगार, किसानों के लिए कुछ नहीं सिर्फ दिग्भ्रमित कर रही है बिहार सरकार बिहार के बजट में बिहार एवं बिहारियों के लिए कुछ नहीं है नीतीश कुमार बिहार के लोगों को धोखा दे रहे हैं। सरकार ने कृषि और समाज कल्याण समेत 10 विभागों के बजट में भी पिछले साल की तुलना में कोई बढोतरी नहीं की है. बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य में कृषि विभाग का बजट ही नहीं बढ़ाना सरकार की विफलता को दशार्ता है। वरीय भाजपा नेता रंजीत यादव ने बताया कि महागठबंधन सरकार का पहला बजट यथास्थितिवादी और केंद्र पर आश्रित बजट है. एक लाख करोड़ के योजना व्यय में इस साल कोई वृद्धि नहीं की गई, इसलिए ग्रामीण विकास, समाज कल्याण और कृषि जैसे 10 महत्वपूर्ण विभागों के बजट में भी कोई बढोतरी नहीं हुई। शिक्षा विभाग के बजट में मात्र 2 करोड़ की वृद्धि ऊँट के मुँह में जीरा जैसी है. उन्होंने कहा है कि बिहार के 2023-24 के पूरे बजट की 60 फीसदी राशि करीब बिहार सरकार ने जो बजट पेश किया है उसमें 60 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार से मिलेगा।

पूर्वोत्तर न दिल्ली से दूर, न दिल से, पीएम मोदी बोले- भाजपा के अल्पसंख्यक विरोधी होने का प्रोपेगेंडा ध्वस्त

झूठ का पदार्फाश करने में सफल रही भाजपा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वोत्तर भारत के तीन राज्यों के चुनाव नतीजों को भाजपा के अल्पसंख्यक विरोधी होने के विपक्ष के प्रोपेगेंडा को ध्वस्त करने वाला बताया। भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गोवा के बाद नगालैंड और मेघालय के अल्पसंख्यक समुदाय के बीच भाजपा का समर्थन तेजी से बढ़ा है। उन्होंने केरल में भी जल्द ही भाजपा गठबंधन की सरकार बनने का भरोसा जताया। दिल्ली और दिल से दूर नहीं है पूर्वोत्तर – पीएम ने कहा, पूर्वोत्तर के मतदाताओं ने जिस तरह का जनादेश दिया है, उससे स्पष्ट है कि यह क्षेत्र न तो दिल्ली से दूर है और न ही दिल से।

पार्टी मुख्यालय में कार्यकताओं ने मोदी-मोदी के नारों के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। वहीं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को दिया। मोदी ने कहा कि विपक्षी दल देश-विदेश में लगातार भाजपा के अल्पसंख्यक विरोधी होने का झूठ फैलाते रहे हैं। सबसे पहले गोवा और अब मेघालय और नगालैंड के अल्पसंख्यकों ने भाजपा को समर्थन देकर इस झूठ का पदार्फाश कर दिया है। नतीजों से साफ है कि अल्पसंख्यक बहुल नगालैंड और मेघालय में भाजपा का समर्थन बढ़ रहा है। लंबे समय से इस तरह के झूठे प्रचार से जनता को गुमराह करने की कोशिश की जाती रही है, भाजपा इन सभी झूठ का पदार्फाश करने में सफल रही है। आदिवासी जनता ने भी दिया भाजपा को वोट- मोदी के अनुसार, बनिया पार्टी, हिंदी पट्टी की पार्टी से लेकर शहरी मध्यम वर्ग की पार्टी बताकर भाजपा के जनाधार को नकारने की कोशिश की गई। लेकिन गरीबों, पिछड़ों और दलितों ने भारी संख्या में भाजपा को समर्थन देकर इस मिथक को तोड़ दिया। इसी तरह भाजपा को आदिवासियों का समर्थन नहीं होने का भ्रम फैलाया गया, जिसे पिछले विधानसभा चुनाव में गुजरात की आदिवासी जनता ने तोड़ दिया।पीएम मोदी ने कांग्रेस और वामपंथी गठबंधन पर कसा तंज त्रिपुरा में कांग्रेस और वामपंथी गठबंधन को मिली हार पर भी प्रधानमंत्री ने तंज कसा। कहा कि जनता को गुमराह करने के लिए दोनों एक राज्य में दोस्ती करते हैं, तो दूसरे राज्य में कुश्ती करने का दिखावा करते हैं। केरल की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी भले ही यहां विरोधी होने का दिखावा कर रहे हों, लेकिन हकीकत यही है कि दोनों आपस में मिले हुए हैं और केरल की जनता को लूट रहे हैं।

जयमाला के दौरान स्टेज पर दूल्हे की अचानक मौत

सीतामढ़ी। सोनबरसा प्रखंड क्षेत्र के इंदरवा गांव में दूल्हे का जयमाला के दौरान स्टेज पर ही अचानक मौत हो गई। मौत से दोनों पक्ष के लोगों की खुशी गम में तब्दील हो गई। दुल्हन अपने रिश्तेदार, परिवार व सहेलियों संग लाल जोड़े में वर और वधू दोनों एक-दूसरे को वरमाला डाल चुके थे। उसके बाद दोनों पक्षों के अभिभावकों द्वारा स्टेज पर ही स्नेहाशीष कार्यक्रम हो रहा था।इसी दौरान अचानक दुल्हा बेहोश होकर गिर पड़ा। दुल्हा के गिरते ही अफरा तफरी मच गई। शादी परिहार प्रखंड के धनहा पंचायत के मनिथर वार्ड 9 निवासी स्व गुदर राय के पुत्र सुरेंद्र कुमार की थी। वहां आसपास मौजूद परिजनों ने फौरन दुल्हा को उठाया और इलाज के लिए उसे नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसे सीतामढ़ी बेहतर उपचार के लिए ले जाया गया रास्ते में ही मौत हो गई। चर्चा है कि दरवाजा लगने के दौरान तेज डीजे की आवाज से ही दूल्हे को घबराहट होने लगी थी। डीजे रथ को बार-बार दूर रखने को कह रहा था।

जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया जनता दरबार का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट

गोपालगंज बिहार जिला पदाधिकारी,गोपालगंज डॉ० नवल किशोर चौधरी द्वारा समाहरणालय कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार मे लगभग बीसों फरियादियों ने जिलाधिकारी से मिलकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया और अपनी बातों को बताया। जिलाधिकारी के निदेशानुसार अपर समाहर्ता ,गोपालगंज सुनील कुमार द्वारा जमीन संबंधित समस्याओं/विवादों के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गयी जिला पदाधिकारी ने अन्य मामले संबंधित सभी के आवेदनों और समस्याओं के लिए संबंधित को कार्रवाई करने के निदेश दिये। मिलने वालों में रानी देवी सिसई प्रखंड भोरे ,सावित्री देवी नौकाटोला बसडिला प्रखंड गोपालगंज, रीता देवी भगवानपुर प्रखंड सिधवलिया, विजय कुमार बर्नवाल काली स्थान रोड गोपालगंज ,धीरज कुमार सिंह माधवपुर प्रखंड बरौली ,दूधनाथ सिंह हरपुर गोसाई प्रखंड माझा, डॉ०राम आग्रह प्रसाद सदर हॉस्पिटल गोपालगंज ,चंद्रिका सिंह सेमरिया प्रखंड कटेया और सत्येंद्र कुमार कुशवाहा रसौती प्रखंड कटेया आदि थे।

जिला उद्योग केंद्रो की रैंकिंग में शिवहर जिला का प्रथम स्थान

शिवहर - उद्योग विभाग,बिहार सरकार द्वारा जिला उद्योग केंद्रो के माध्यम से जिला स्तर पर उद्योग के विकास के लिए योजनवार उपलब्धियों की समीक्षा के आलोक में जिलो का रैंकिंग तैयार किया गया है। यह रैंकिंग माह जनवरी 23 की डेटा एवं उपलब्धियों के आधार पर की गयी है जिसमें शिवहर जिला प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम(PMEGP), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) , स्टार्ट-अप योजना, MSME, बैंक एवं उद्योग के साथ नियमित बैठक शामिल है। जिलाधिकारी शिवहर मुकुल कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में शिवहर जिला के भविष्य की परिकल्पना करते हुए उद्योग धंधे पर अत्यधिक जोड़ दिया गया है जिसका एक उद्देश्य रोजगार सृजन भी है जिसके फलस्वरूप जिले के उद्योग विभाग एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक शिवहर के निरंतर प्रयास के उपरांत बिहार में शिवहर जिला को उद्योग स्थापित करने में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

बिहार का यह बजट सामाजिक सुरक्षा के सभी मानकों में अव्वल :डा. शत्रुघ्न मंडल

सिकटी। सिकटी विधानसभा सीट से आर जे डी के प्रत्याशी रहे डा. शत्रुघ्न प्रसाद सुमन उर्फ शत्रुघ्न मंडल ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा में प्रस्तुत बजट 2023-24 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवम उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के न्याय के साथ विकास की यात्रा में ऐतिहासिक कदम है। इस बजट में बिहार के सभी वर्गों के लोगों का ध्यान रखा गया है, खासकर छात्र-छात्राएं, युवा, किसान, मजदूर, महिलाओं के लिए सरकार के विभिन्न योजनाओं के तहत सीधे राहत पहुंचाने की कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। 2023-24 का बजट आकार 261885 करोड़ तक पहुंच चुका है, जो 2005 में सिर्फ 23800 करोड़ के करीब था। बिहार की आर्थिक वृद्धि दर 10.87% है जो राष्ट्रीय वृद्धि दर से 2.28% अधिक है एवं पूरे देश में आर्थिक वृद्धि दर में बिहार तीसरे नंबर पर है जो नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता को परिलक्षित कर रहा है। बिहार मुख्यमंत्री श्री कुमार के नेतृत्व में अपनी सीमित संसाधनों के बावजूद लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। बिहार के आर्थिक वृद्धि में केंद्र का योगदान ऊंट के मुंह में जीरे के समान है । जीएसटी लागू होने से बिहार को भारी नुकसान हुआ है। जून 2022 से जीएसटी कंपोजिशन की राशि बिहार को बंद कर दिया गया है । युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी एवं रोजगार के संकल्प को पुनः दोहराया गया है एवं विभिन्न विभागों के द्वारा सभी पदों को भरने के कार्य में सरकार लगातार कार्य कर रही हैं। इस बजट में चतुर्थ कृषि रोड मैप की घोषणा की गई जिसके माध्यम से हर खेत में सिंचाई का पानी, किसानों के खेत तक विधुत कनेक्टिविटी, किसानों को नकदी खेती की तरफ रुझान के लिए कार्य करना, दलहन तिलहन जैसे उत्पादों के उत्पादन क्षमता को बढ़ाने पर विशेष जोर देना यह लक्ष्य रहेगा। कृषि के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा बिहार सरकार को उल्लेखनीय कार्य के लिए लगातार पुरस्कार दिया जा रहा है लेकिन बिहार में भाजपा के नेताओं के द्वारा कृषि में किये गए कार्य का दुष्प्रचार किया जाता है। ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के कजरा में अक्षय ऊर्जा के तहत ऊर्जा उत्पादन में कार्य किया जाएगा। राजद नेता डा मंडल ने कहा कि केंद्र में बैठी सरकार मुख्यमंत्री के सभी सफल योजनाओं का नाम बदलकर लागू करती है एवं वाहवाही लूटने का प्रयास करती है। लेकिन बिहार की जनता सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। बिहार का ये बजट सामाजिक सुरक्षा के सभी मानकों में सकल घरेलू उत्पाद के 3% से कम है अब्बल स्थान पर हैं।

एनएच पर वाहन पलटा, खगड़िया के 26 मजदूर घायल

मुंगेर बिहार सफिया सराय ऑफिस क्षेत्र अंतर्गत एनएच 80 पर सिंधिया के समीप मजदूरों से सदा एक पिकअप वैन सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटा। घटना में पिकअप वैन पर सवार खगड़िया निवासी 26 मजदूर जख्मी हो गया। मजदूरों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सफियासराय आरोपी पुलिस द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में अधिकांश महिलाएं एवं बच्चे शामिल है। गंभीर रूप से घायल चार महिला मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए, हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।सफियासराय पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जप्त कर वाहन मालिक और चालक तथा खलासी की पहचान की जा रही है । खड़िया के बेल्ट और और दुगार्पुर निवासी सभी मजदूरों को मसूर वाक्य हूं फसल की कटाई के लिए 2 पिकअप वैन पर सवार शेखपुरा के गदबदिया गाँव निवासी किसान विपिन शर्मा अपने साथ ले जा रहा था। इसी दौरान चालक की लापरवाही से एक पिकअप वैन सिंधिया में एनएच 80 किनारे गड्ढे में पलट गया।

बेटा पैदा नहीं हुआ तो पत्नी को दिया तलाक

दैनिक शुभ भास्कर विष्णु कुमार की रिपोट

बिहार, जमुई के गिधधोर में एक महिला को महज इसलिए पति ने तलाक दे दिया, क्योंकि उसने बेटा को पैदा नहीं किया। मामले को लेकर मोरा गांव की पीड़िता रवीना खातून ने जमुई एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन से न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में एसपी ने पीड़िता को न्याय का भरोसा दिलाया है । महिला ने न्याय नहीं मिलने मिलने पर आत्म हत्या की बात कही है। जानकारी के अनुसार मोरा गांव के गुलाम अंसारी की पुत्री रजीना खातून की शादी 5 वर्ष पूर्व अलखपुरा गांव के सिराजुद्दीन अंसारी के पुत्र मोहम्मद उमर फारूक के साथ हुई थी।

एक ही दिन होलिका दहन व शब ए बरात

दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो दिलीप कुमार साह की रिपोट

भागलपुर बिहार वैसे तो होली व शब ए बरात हर साल आता है। लेकिन इस बार ऐसा संयोग बना है की होलिका दहन के दिन शब ए बरात में मनाया जाएगा। लोग इस संयोग को आपसी भाईचारे की निशानी की तरह देख रहे हैं। ऐसा संयोग अनेकता में एकता की मिसाल से कम नहीं है। जा होली पर चारों तरफ रंग-बिरंगे तो वही इस शबे बरात पर मुस्लिम परिवारों में रोशनी से घर जगमग आएंगे। 7 मार्च को ही होलिका दहन वह सब अपराध है। कोतवाली चौक स्थित गोपेश्वर नाथ मंदिर के महंत विजयानंद शास्त्री ने बताया कि 6 मार्च को अपरहण3:57 वैसे के पास से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ हो जाएगी। 7 मार्च को होलिका दहन होगा। उन्होंने बताया कि होलिका दहन के दिन शब ए बारात भी मनाया जाएगा।

15 दिनों में करें भूमि विवाद की समीक्षा

दैनिक शुभ भास्कर विवेक कुमार की रिपोट

भागलपुर बिहार डीएम सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निष्पादन की मध निषेध अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। भूमि विवाद से संबंधित मामलों समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि जनवरी माह में प्रत्येक आवेदनों के विरुद्ध लंबित मामलों की संख्या 81 है। निर्देश दिया गया है कि लंबित मामलों को यथा शीघ्र निष्पादन किया जाए । मोनू को अकेला इंट्री कराना सुनिश्चित किया जाए। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को पाक्षिक के आधार पर थाना बार भूमि विभाग से संबंधित मामलों के कारण समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

आगामी होली एवं आने वाले अन्य पर्व के अवसर पर डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा

आगामी होली एवं आने वाले अन्य पर्व के अवसर पर डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर। सोशल मीडिया पर अश्लील एवं भड़काऊ गीत पोस्ट करने वालों तथा जातिगत एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट पर की जाएगी सख्त कार्रवाई। ऐसे पोस्ट पर एवं अश्लील एवं किसी भी जाति को लेकर बजाने वाले गीतों के विरुद्ध सख्ती अपनाते हुए सीधे एफ० आई ०आर की जाएगी होली के मद्देनजर मद्य निषेध को लेकर लगातार करें प्रभावी करवाई-- जिलाधिकारी शराब सहित अन्य मादक पदार्थों -भांग, गांजा ,ताड़ी आदि के विरुद्ध करे सघन छापामारी। ड्रॉप गेट /ट्रॉली का अधिष्ठापन कर नियमित रूप से चलाएं रोको- टोको अभियान। प्रॉपर तरीके से करें फ्रिस्किंग। हुड़दंगी, शरारती और असामाजिक एवं अपराधी तत्वों के विरुद्ध विधि सम्मत करे निरोधात्मक कार्रवाई सड़कों पर हुड़दंग मचाने वालों एवं बाइक का साइलेंसर निकाल कर वाहन चलाने वालों तथा अश्लील गाना बजाने वालों से सख्ती से निपटने का दिया निर्देश जिलाधिकारी सीतामढ़ी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय के द्वारा आगामी होली और शब-ए-बारात पर्व का जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में बनाने तथा इस अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचला अधिकारी एवं थाना प्रभारी के साथ आज स्थानीय परिचर्चा भवन में ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि होली के अवसर पर डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। साथ ही अश्लील एवं भड़काऊ गीतों पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। अश्लील एवं भड़काऊ गीतों के माध्यम से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास करने वाले एवं जातीय एवं धार्मिक उन्माद उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों पर सीधे ए.१. की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि होली और शब -ए- बरात के अवसर पर प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर स- समय पहुंचकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि शराब की अवैध खरीद- बिक्री में शामिल लोगों पर सख्ती बरती जाए। लगातार छापामारी की जाए। चिन्हित शराब माफियाओं पर नकेल कसते हुए विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जाए। बॉर्डर एरिया में विशेष तौर पर ध्यान दें। हर आशंका वाली जगह पर लगातार छापामारी किया जाए। उन्होंने शराब खेप की आवाजाही की जांच के लिए जगह-जगह चेकपोस्ट लगाए जाने के लिए भी निर्देश दिया ताकि ऐसे लोगों पर अंकुश लगाया जा सके। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होली के दौरान हर साल असामाजिक तत्वों द्वारा अपने निजी स्वार्थ को साधने के प्रयास में फसाद पैदा करने की कोशिश की जाती है। ऐसे में जिले के सभी थानों में ऐसे इतिहास वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें ।पर्याप्त संख्या में निरोधात्मक कार्रवाई करें। सभी चिन्हित संवेदनशील स्थलों पर लगातार पैनी नजर रखी जाए। जिलाधिकारी द्वारा होली और शब-ए-बारात पर्व को देखते हुए अधिकारियों के अवकाश रद्द करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि होली एक बड़ा पर्व है और इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में कहा गया कि सीसीए-3 पर सभी थानों द्वारा सख्ती से कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि धारा 107 के इस्तेमाल के समय पूर्ण सावधानी बरती जाए। वैसे लोग जिन पर सामाजिक सौहार्द बिगड़ने एवं विधि व्यवस्था को चुनौती देने की आशंका है वैसे सभी लोगों पर धारा 107 का इस्तेमाल किया जाए। डीएम और एसपी ने स्पष्ट लहजे में कहा है कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पर्व के अवसर पर सामाजिक सौहार्द में खलल डालने वाले, जातीय एवं धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले ,सड़कों पर हुड़दंग मचाने वालो पर विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। ब्रीफिंग में सभी अपर समाहर्ता ,सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सीईओ ,सभी थाना प्रभारी के साथ सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

रामगढ़ में हो गया खेला, हाथ को साफ कर लोगों ने चुन लिया केला

दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता

रामगढ़। 27 फरवरी को हुए रामगढ़ उपचुनाव के लिए कुल 67.96 प्रतिशत मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इस उपचुनाव में 18 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। मुख्य मुकाबला यूपीए समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो और एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के बीच था। एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को इस उपचुनाव में 115243 मत प्राप्त हुए वहीं यूपीए गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो को 93599 मत प्राप्त हुए। इस तरह से बजरंग माता सुनीता चौधरी में 21644 मतों से विजय घोषित हुई। जीत के बाद सुनीता चौधरी ने कहा की रामगढ़ विधानसभा में जो भी विकास का अधूरा काम पूरा नहीं हुआ है उससे मैं पूरा करूंगी औरे रामगढ़ विधानसभा में विकास का गंगा बहा दूंगी। हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा ने कहा रामगढ़ में हो गया खेला, हाथ को साफ कर लोगों ने चुन लिया केला रामगढ़ की जनता ने भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी झारखंड विरोधी सरकार को दिखाया आईना,मिशन-2024 का शानदार आगाज रामगढ़ उपचुनाव तो झांकी है, 2024 अभी बाकी है। रामगढ़ उपचुनाव में कुल 228152 मतदाताओं, जिनमें 115931 पुरुष एवं 112221 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। वहीं मतदान का प्रतिशत कुल 67.96% रहा। मतदान के दौरान कुल 83.72% दिव्यांग मतदाताओं एवं 66.26% 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों ने मतदान किया।

मृतक के परिजनों से मिले सीएस फाउंडेशन के संस्थापक चंदन सिंह, हर संभव मदद का दिया आस्वासन

चकाई संवाददाता रोहित कुमार

चकाई:सीएस फाउंडेशन के संस्थापक चंदन सिंह ने गुरुवार को मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे चकाई प्रखंड अंतर्गत नौवाडीह पंचायत के कोठा गांव.बताते चलें कि कुछ दिनों पूर्व करही पिपरा मुख्य मार्ग के कोठा काली मंदिर के समीप कोठा निवासी हरि पासवान के पुत्र अशोक पासवान की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी.इस घटना से उसके परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. वही इसकी सूचना सीएस फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा फाउंडेशन के संस्थापक चंदन सिंह को दी गई. सूचना मिलते ही श्री सिंह ने अपने सदस्यों के साथ गुरुवार को मृतक के घर नौवाडीह पंचायत के कोठा गांव पहुँचे और पीड़ित परिवारों से मिलकर ढाढस बंधाया हर संभव मदद का आस्वासन दिया।साथ ही उन्होंने कहा कि राशन सामग्री एवं मूलभूत जरूरतें सीएस फाउंडेशन के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।और उन्होंने दूरभाष पर चकाई बीडीओ दुर्गा शंकर से बात कर सरकारी मुआवजे दिलवाने की मांग की.इस मौके पर सीएस फाउंडेशन के टीम एवं दर्जनों की संख्या में कोठा ग्रामवासी मौजूद थे।

पटना के फुलवारीशरीफ से अगवा सूरज की मिली लाश, इलाके में फैली सनसनी

स्वेता कुमारी/रविशंकर मिश्रा

पटनाः राजधानी पटना के के फूलवारीशरीफ से खबर आ रही है, जहां के कुरकुरी में चितकोहरा के रहनेवाले अपहृत सूरज का शव मिलने से सनसनी फैल गया. सूरज की गला दबाकर हत्या करने के बाद उसके शव को स्कूटी के साथ कुरकुरी तालाब के पास जंगल में छिपा दिया था.युवक पिछले 24 तारीख से लापता था. मृतक सूरज के पिता के मुताबिक वह घर से किसी महिला का फोन आने के बाद शराब पीने के लिए कुरकुरी के लिए निकला था. जिसके बाद से ही वह लापता था. काफी खोज करने बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला तो फूलवारी शरीफ थाना में परिजन ने इसको लेकर मामला दर्ज कराया था.जिसके बाद पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई मामले में आरोपी महिला रेखा देवी को पकड़ा गया. उसके निशानदेही पर एक युवक को भी पकड़ा गया फिर युवक ने पुलिस के जांच पड़ताल में सारे राज उगलाना शुरू कर दिया. तब पुलिस ने उसके बताए गए जगह कुरकुरी तालाब का जलकुंभी पलटना शुरू किया तो उसके नीचे शव स्कूटी से दबा था. शव मिलने की बात परिजनों को पुलिस ने बताया तो वहां लोगों का हुजूम जुट गया. पुलिस ने आरोपी युवक महिला के निशानदेही पर शव को तालाब से निकाला पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. युवक पिछले 6 दिन से लापता था. पुलिस ने इस मामले में दो आरोपी को पकड़ा है आगे की कार्रवाई जारी है. परिजनों की मानें तो मृतक युवक सब्जी बेचने का काम करता था रोज कुरकुरी रेखा देवी के पास शराब पीने की नियत से जाता था परिजनों को पहले से यह शक भी था कि उसने ही हत्या की है. इस मामले को लेकर गर्दनीबाग थानाक्षेत्र के चितकोहरा में परिजनों ने गुरुवार सुबह आगजनी कर सड़क जाम भी किया था, जो शव मिलने की सूचना के बाद समाप्त हुआ.

इंजीनियर मासूम रजा की अम्मी की तबीयत खराब की खबर सुनते ही ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र पूर्व विधायक प्रत्याशी शाहनवाज उर्फ कल्लू ने पहुंचकर की मुलाकात

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत बेसरबाटी पंचायत के जालमीलीक गांव के इंजीनियर मासूम रजा की मम्मी की तबीयत बीते कुछ दिनों से खराब है बताते चलें की टीम मौके पर खबर सुनते ही ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी शाहनवाज उर्फ कल्लू ने पहुंचकर हालचाल जाना इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे वार्ड सदस्य मोहम्मद जब्बीर हुसैन पूर्व मुखिया प्रत्याशी आजाद हुसैन के इलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे

माटीखुड़ा गांव के लोगों ने सड़क नल जल योजना इंदिरा आवास को लेकर विरोध प्रदर्शन मुखिया प्रतिनिधि नजरुल हक ने सभी लोगों को दी अश्वासन

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जिरनगच्छ पंचायत के वार्ड नंबर 4 के तहत माटीखुड़ा आदिवासी टोला के लोगों ने नूरी चौक माटीखुड़ा सड़क व इंदिरा आवास नल जल योजना का मांग को लेकर घंटो तक आदिवासियों ने किया चक्काजाम वही सभी आदिवासियों ने मिलकर बिहार सरकार और पंचायत के मुखिया के विरोध जमकर किया नारेबाजी इसी दरमियान स्थानीय आदिवासीयों ने बताया कि ना ही हम लोगों को सड़क मिला और ना नल जल योजना मिला और नाही इंदिरा आवास तक मिला आखिर हम लोगों के साथ हमारे पंचायत के हर मुखिया अन्याय क्यों कर रहे हैं जितना भी मुखिया आया और सभी ने सिर्फ और सिर्फ आश्वासन दिखाकर वोट लेने का काम किया वही मामला की खबर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नजरुल हक मौके पर पहुंचकर सभी लोगों को समझा-बुझाकर धरना को कराया खत्म वही लोगों ने मुखिया से नल जल योजना इंदिरा आवास सड़क का किया मांग मुखिया प्रतिनिधि नजरुल हक ने सभी लोगों को 2 टाइम दिया उन्होंने बताया कि मुझे पूर्ण विश्वास है की सड़क से लेकर इंदिरा आवास एवं नल जल योजना तक अप्रैल से लेकर मई महीना तक तीनों कार्य को पूरा करने का मेरा पूरा कोशिश रहेगा और सभी लोगों का मांग को मैं जरूर पूरा करूंगा मुझे उम्मीद है जनता के हर बाधाओं को पूरा करने का कोशिश करूंगा

पुनपुन गोलीकांड का सहायक पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

रविशंकर मिश्रा/स्वेता कुमारी

पटना । मसौढ़ी के पुनपुन गोलीकांड का सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने खुलासा कर दिया है।इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने अपना अपना गुनाह कबूल कर लिया है। जिसकी जानकारी सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने पत्रकारों को प्रेस कांफ्रेंस कर दी।आपको बता दें कि पिछले दिनों पुनपुन थानांतर्गत गंज जलालपुर के रहने वाले रिटायर्ड ओएनजीसी इंजीनियर प्रमोद सिंह,पिता सुखदेव सिंह को उनके सौतेले भतीजे रजनीश कुमार ने अपने सहयोगी पिंटू कुमार के साथ मिलकर गोली मारकर जख्मी कर दिया था।इस कांड को लेकर पुनपुन थाने में इन दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था।कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक,पटना के निर्देशन पर पुनपुन थानाध्यक्ष के नेतृत्व में सशत्र बल को सम्मिलित करते हुए छापेमारी कर दोनों आरोपियों को पुलिस ने एक देशी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है।फिलहाल इन दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

भाकपा माले का पलटवार किया बीजेपी गाली के बदले गाली आरती नही

रविशंकर मिश्रा/स्वेता कुमारी

बिहार विधानसभा सत्र के आज चौथे दिन भी हंगामे का आसार रहा बता दें कि माले के विधायक महबूब आलम ने बीजेपी पर हमलावर करते हुए कहा था कि ये लोग गोडसे की औलाद है सावरकर की औलाद है वहीं बीजेपी के विधायक हरि भूषण ठाकुर ने माले पर पलटवार करते हुए कहा कि ई लोग देशद्रोही है बाबर की औलाद है इनको देश से बाहर की जाना चाहिए अगर हमें कोई गाली देगा तो उसको हम आरती नहीं दिखाएंगे उसको भी हम गाली देंगे यह हमारे संविधान में है।

पटना में गहने की दुकान से 15 लाख के जेवर उड़ा ले गये ठग, देखता रह गया दुकानदार

स्वेता कुमारी पटना : राजधानी पटना में ग्राहक बनकर ज्वेलर्स की दुकान में घुसे बदमाशों ने करीब 15 लाख के गहने चुराकर फरार हो गये. दो बदमाश स्कूटी पर सवार होकर दुकान में पहुंचे थे और दुकानदार को चकमा देकर गहने चुरा लिये.घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है. घटना जक्कनपुर थाना क्षेत्र के मीठापुर की है. बदमाशों ने 12 बजे घटना को अंजाम दिया है जिसके बाद ज्वेलरी शॉप के मालिक शिशिर कुमार ने जक्कनपुर थाना में आवेदन दिया. उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि हर दिन की तरह गुरुवार को भी शुभ लक्ष्मी ज्वेलर्स एंड ब्रदर्स दुकान में सभी लोग अपने काम में लगे हुए थे. इसी बीच दो व्यक्ति ग्राहक बनकर आए और उन्होंने चांदी का एक 10 ग्राम का सिक्का खरीदा. इसके बाद सोने का टॉप्स दिखाने के लिए कहा. इसी क्रम में वह बात में फंस गये थे और दोनों बदमाशों ने सोने के सामान का एक डिब्बा चुरा लिया. उन्होंने कहा कि डिब्बे में सोने की चेन करीब 150 ग्राम, सोने की अंगूठी करीब 80 ग्राम और कान के टॉप्स थे जिसका वजन 40 ग्राम के करीब था. दुकानदार ने कहा कि वह सामान रखने के लिए तिजोरी की तरफ जैसे ही मुड़े, दोनों बदमाश सामान लेकर दुकान से भाग गये. इसके पहले कि वो कुछ कर पाते बदमाश वहां से फरार हो चुके थे. दुकानदार ने बताया कि अपने आवेदन में बताया कि करीब 15 लाख रुपये के गहने दुकान से गायब हुए हैं. इसके बाद पीड़ित दुकानदार शिशिर कुमार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. शिशिर कुमार ने अपने आवेदन में दो लोगों के हुलिए का भी जिक्र किया है. कहा कि एक व्यक्ति की उम्र 40 से 45 के बीच होगी जबकि दूसरे की उम्र 35 से 40 के बीच होगी. उसमें से पहले वाले ने आसमानी कलर की शर्ट और ब्लैक कलर का पैंट पहना था जबकि दूसरे ने वाइट कलर की शर्ट और ब्लैक कलर की जींस पहना था. जिस स्कूटी से दोनों भागे वह डार्क ब्लू कलर की थी. मौके पर पहुंची पुलिस मामले के छानबीन में जुट गयी है. अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है. सीसीटीवी में साफ देखा जा रहा कि दो लोग एक एक कर दुकान से निकलते हैं और स्कूटी पर बैठकर फरार हो जाते हैं.

डी आर डी ए सभागार में संपन्न हुई एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

अररिया। बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी एवं बाल संरक्षण से जुड़े हितधारकों का पोक्सो एकट 2012, किशोर न्याप (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं बिहार किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण) नियमावली 2017 से सम्बंधित विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डी आर डी ए सभागार समाहरणालय अररिया में किया गया। जिसकी अध्यक्ष उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर एसडीपीओ सह जिला नोडल पुलिस पदाधिकारी अररिया पुष्कर कुमार , कार्यपालक पदाधिकारी अररिया सोनी कुमारी के द्वारा किया गया। । उक्त प्रशिक्षण का संचालन संजय कुमार अध्यक्ष जागरण कल्याण भारती फारबिसगंज ने किया। कार्यशाला में अररिया जिला के सभी थाने के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी , बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, किशोर न्याय परिषद के सदस्या के साथ- साथ, मो मुखतार आलम , सोनु कुमार जागरण कल्याण भारती , साकेत श्रीवास्तव, सुजीत ठाकुर तटवासी समाज न्यास अररिया गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधि के अतिरिक्त , जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी एवं सभी कभी उपस्थित थे। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में समाज कल्याण विभाग ,पटना के प्रशिक्षण श्री शाहीद जावेद एवं सैफुर रहमान द्वारा बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम, एवं बच्चों से सम्बंधित सभी संरक्षण हेतु विन्दुबार प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। जागरण कल्याण भारती एवं कैलाश सत्याथी चाइल्ड फांउडेशन के द्वारा अररिया जिला बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी का थाना एवं मोबाइल नंबर जारी किया गया। कार्यशाला को सफल बनाने में नीतेश कुमार पाठक ,शिव शंकर ,राज किशोर की अहम भूमिका रही।

पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में भाजपा और उसके गठ बंधन को मिले के सकारात्मक जनादेश पर भाजयुमो ने मनाया जश्न

फारबिसगंज। त्रिपुरा और नागालैंड में भाजपानीत गठबंधन सरकार की प्रचंड तरीके से वापसी व मेघालय में शानदार प्रदर्शन पर भाजयुमो कार्यकताओं ने एक साथ होली दीवाली मनाया ओर पटाखे छोड़े ओर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। नगर अध्यक्ष किशन शर्मा के अगुवाई में स्थानीय गोढियारे चौक पर अपने खुशी का इजहार करते हुए युवामोर्चा कार्यकताओं ने मोदी नड्डा जिंदाबाद भारत माता की जय का गगनभेदी नारा लगाते हुए जमकर अबीर गुलाल खेला। कार्यकताओं के गहमागहमी के बीच भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा कि पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में चुनाव के सकारात्मक जनादेश ने एक बार फिर से पीएम नरेंद्र मोदी के जन कल्याणकारी नीतियों पर ना सिर्फ मुहर है बल्कि सर्व समाज के विकास के स्थापित नये कृतिमान स्वरूप भाजपा में जनता के अटूट विश्वास की जीत है। कहा की त्रिपुरा नागालैंड, और मेघालय के जनता ने जाती धर्म जैसे सभी समीकरणों से ऊपर उठकर छद्म धर्मनिरपेक्षता का ढोंग करने वाली परिवारवाद की पोषक पार्टियों तथा निजी स्वार्थ,खोखले वादे, व तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले को नकार दिया है,और राष्ट्रवाद से प्रेरित भाजपा के सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के नीति और सुशासन तथा सशक्त नेतृत्व पर अपने विश्वास की मुहर जनता ने लगायी है,उन्होंने भाजपा के अदभुत विजय के सूत्रधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गृहमंत्री अमित शाह साथ साथ त्रिपुरा, नागालैंड एवं मेघालय में कार्यरत नेतागण असंख्य कार्यकर्ताओ,समर्थकों व मतदाताओं के प्रति श्री कुमार हार्दिक बधाई प्रेषित करते शुभकामनाएं व्यक्त की है।इस मौके पर ,अभिषेक ठाकुर रोशनकुमार,बादल झा अमित राय सुमन शर्मा, आदित्य,शर्मा आदि अनेकों युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

बिहार बजट सभी वर्गों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने वाला : ई. रूबी परवीन

पलासी। बिहार विधानसभा में पेश किया गया बजट आम लोगों बेरोजगार युवाओं, छात्रों, महिलाओं को ध्यान में रखकर पेश किया गया है, इस बजट से हर वर्गों को न्याय के साथ विकास की रफ्तार मिलेगी बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ये बातें जिला राजद महिला अररिया की प्रवक्ता सह चहटपुर पंचायत की मुखिया ई. रूबी शोएब उर्फ रूबी परवीन ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवम उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी ने युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, इसे भी इस बजट में शामिल किया गया है सभी विभागों में 63900 पदों का सृजन कर दिया गया है। किसान, मध्यमवर्गीय और सरकारी कर्मचारियों के लिए भी बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। मुखिया ई रूबी ने कहा कि न्याय के साथ विकास की यात्रा को और तेजी से बढ़ाने को लेकर सरकार लगातार कार्य कर रही है। राज्य में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग आदि क्षेत्र में खूब कार्य किए जा रहे हैं, जिसका सुखद परिणाम है कि बिहार के सकल घरेलू उत्पाद में राष्ट्रीय औसत से भी अधिक वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि विगत चुनाव में हर खेत में पानी के वादों को मूर्त रूप देने का काम किया जा रहा है, राज्य की कई योजनाओं का अनुसरण देश की सरकार कर रही है। हर घर नल का जल योजना 2016 में बिहार में चालू हुई जबकि केन्द्र सरकार ने इसे 2019 से प्रारंभ की। वैसी ही जीविका का आरंभ बिहार में 2007 में हुई,जबकि केन्द्र सरकार ने उसका नाम परिवर्तन कर आजीविका का नाम देकर 2011 में प्रारंभ की हर घर बिजली नवंबर 2016 को बिहार में प्रारंभ हुई, जबकि 2017 में केंद्र सरकार ने इसे लागू किया है। जलवायु परिवर्तन को रोकने के पहल कर रही है। बिहार सरकार ने जल जीवन हरियाली योजना की शुरूआत की, जिसकी प्रशंसा संयुक्त राष्ट्र संघ ने करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने को लेकर बिहार सरकार सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की ओर से पेश किया गया वित्तीय वर्ष 2023- 24 का बजट सभी वर्गों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। रूबी ने कहा कि रोजगार सृजन पर सरकार ने बजट में स्थिति साफ कर दी है। विभिन्न पदों और सेवाओं के लिए लोक सेवा आयोग को 50 हजार, कर्मचारी चयन आयोग को 2900, बिहार तकनीकी सेवा आयोग को करीब 12 हजार, यानी कुल 63900 पदों पर भर्ती के लिए सूचना भेजी जा चुकी है। बिहार पुलिस में 75,543 पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है। प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में 90,762 विज्ञापित पदों के लिए शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।

मध्य विद्यालय सुरीगांव बायसी के वर्ग 6, 7 एवम 8 के बच्चों ने किया खजाने का नक्शा नाटक का प्रस्तुतीकरण

बायसी। जेंडर स्टेरियोटाईप की अवधारणा एवं इस रूढिवादी समाजिक व्यवस्था को तोड़ कर समाजिक एवं लैंगिक समानता के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करने पर आधारित नाटक का प्रस्तुतीकरण मध्य विद्यालय सुरीगांव बायसी के वर्ग 6, 7एवम 8 के बच्चों ने अपने वर्ग कक्ष में किया। "खजाने का नक्शा " नामक इस नाटक में कलाकार की भूमिका काहेरून, नंदनी, कृष्णा और सिफत ने निभाई।संचालन सह निर्देशन विधालय की प्रखंड शिक्षिका मनु कुमारी कर रही थी। स्कूली बच्चों ने अपने सहपाठी का हौसला अफजाई बीच बीच में तालियां बजाकर कर रहे थे।

नारी : कल, आज और कल विषयक राष्ट्रीय वेबिनार चार मार्च को

मधेपुरा। भारतीय महिला दार्शनिक परिषद् के तत्वावधान में 4 मार्च (शनिवार) को नारी : कल, आज और कल विषयक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया है। इसमें ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा भी सह आयोजक की भूमिका निभाएगा। यह जानकारी महाविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन आगामी अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस- 2023 को ध्यान में रखकर किया गया है। इसकी अध्यक्षता भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष एवं दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना (बिहार) के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रमेशचन्द्र सिन्हा करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा (झारखंड) के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) शुक्ला सिंह मोहन्थी और विशिष्ट अतिथि के रूप में परिषद् की संस्थापक संरक्षक एवं दर्शनशास्त्र विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (राजस्थान) की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) छाया राय शामिल होंगे। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य भारतीय महिला दार्शनिक परिषद् की अध्यक्षा एवं दर्शनशास्त्र विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची (झारखंड) की सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. (डॉ.) राजकुमारी सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन परिषद् की उपाध्यक्ष एवं दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना के पूर्व विभागाध्यक्ष . (डॉ.) पूनम सिंह करेंगी। विषय प्रवेश की जिम्मेदारी परिषद् की उपाध्यक्ष एवं दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में प्रोफेसर प्रो. (डॉ.) ज्योत्सना श्रीवास्तव निभाएंगी। प्रश्नोत्तर सत्र एवं दो युवाओं की प्रतिक्रिया इसका मुख्य आकर्षण होगा।

सुगौली चीनी मिल का गन्ना पेराई हुई बंद

शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर कुंदन मिश्रा का रिपोर्ट सुगौली,पू०च०।

सुगौली एच.पी.सी.एल ईकाई के चीनी मिल के द्वारा गन्ना की पेराई बंद कर दी गई।जी.एम ने बताया कि इस इकाई के स्थापना सीजन 2010-11 के बाद पहली बार वर्तमान सीजन 2022-23 मे 40 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है।इसके अतिरिक्त 70 लाख लीटर एथेनाल एवं 31000 मेगावाट बिजली के उत्पादन भी किया गया।इस इकाई के आरक्षित क्षेत्र का गन्ना समाप्त होने पर अन्तिम रूप से बन्द कर दी गई है।गन्ना किसानों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है।सभी किसानों ने अपनी अपनी गन्ना को पेराई के लिए चीनी मिल में भेजा।जिसके चलते इस वर्ष सबसे अधिक पेराई की गई।अगले सत्र में इससे भी ज्यादा गन्ना की पेराई की जाएगी।इसके लिए गन्ना किसानों को गन्ना की खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रबंधन के द्वारा गन्ना किसानों को समय पर भुगतान भी किया जा रहा है।

अब डिजीटल लाइब्रेरी से पढ़ाई करेंगे एमएस कॉलेज के विद्यार्थी, जल्द होगा उद्घाटन: राकेश

शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।

जिले की प्रतिष्ठित कॉलेजों में से एक एमएस कॉलेज जल्द नई तकनीक से लैस हो जाएगा। ब्रावो फाउंडेशन की ओर से एमएस कॉलेज में बन रही ई-लाइब्रेरी का कार्य लगभग-लगभग पूरा हो गया है। जल्द इसका उद्घाटन होगा। लैब का गेटअप शानदार है। यहां पर 20 कंप्यूटर लगाए गए हैं, जो उच्चस्तरीय व काफी फास्ट हैं। अब ई-लाइब्रेरी के माध्यम से कॉलेज के विद्यार्थी अपने कैरियर को दिशा प्रदान कर सकेंगे। ई-लाइब्रेरी की स्थापना से विद्यार्थियों में खुशी की लहर है। उनका मानना है कि इससे पढ़ाई करना आसान हो जाएगा।ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक सह ब्रावो फार्मा के निदेशक राकेश पांडेय ने बताया कि पूर्वी चंपारण में उच्च शिक्षा का बेहतर माहौल तैयार करने की कोशिश चल रही है। विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा व संसाधन मुहैया कराए जाए, इस कड़ी में एमएस कॉलेज परिसर में ई-लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही। इसके जरिए विद्यार्थी अपने कैरियर को दिशा प्रदान कर सकेंगे। विद्यार्थी इंटरनेट पर मैग्जीन, पुस्तकें व इमेज आसानी से देख पाएंगे। उन्होंने बताया कि जल्द यह व्यवस्था विद्यार्थियों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। ई-लाइब्रेरी विद्यार्थी व शिक्षकों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। शिक्षक ई-लाइब्रेरी का भरपूर उपयोग कर अधिक से अधिक छात्रों को भी इन सुविधाओं की जानकारी देंगे, ताकि वे भी अत्यधिक लाभान्वित हो सकें। ब्रावो फाउंडेशन की ओर से संस्कृत उच्च विद्यालय, अरेराज में परिसर में ई-लाइब्रेरी निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। जल्द यहां भी ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया जाएगा। शहर के राजा बाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में ई-लाइब्रेरी बनाने की ब्रावो फाउंडेशन की योजना को जल्द गति मिलेगी। ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक राकेश पांडेय ने बताया कि फाउंडेशन बच्चों को शिक्षित करने को लेकर दृढ़ संकल्पित है। बच्चों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखकर ई-लाइब्रेरी का निर्माण जगह-जगह कराया जा रहा। ई-लाइब्रेरी का उपयोग कर युवा अपने सुनहरे भविष्य के लिए भरपूर मेहनत कर पाएंगे। कहा कि अरेराज सहित विभिन्न जगहों पर ई-लाइब्रेरी स्थापित करने की ब्रावो फाउंडेशन की योजना को जल्द गति मिलेगी। इस आशा की जानकारी शैलेंद्र मिश्र बाबा ने दी।

विरासत बचाओं नमन यात्रा के दौरान उपेंद्र कुशवाहा पहुंचे पूर्वी चंपारण

शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।

बतरौलिया चौक पर उपेंद्र कुशवाहा ने विशाल जनसभा को सम्बोधित किया।वही विरासत बचाओं नमन यात्रा के दौरान राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा पूर्वी चम्पारण आये थे। उन्होंने मोतिहारी प्रखंड अंतर्गत बतरौलिया चौक पर एक विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। जनसभा में उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बिहार में फिर से जंगलराज आने नहीं देंगे, आम जनता 20 वर्ष पहले के शासन को देखा है उस वक्त हत्या, लूट, अपहरण, का रोजगार किया जाता था। उन्होंने कहा कि हम कपूर्री ठाकुर, लोहिया, जगदेव बाबू के विरासत को बचाने के लिए सदन के सुख सुविधा को छोड़कर सड़क पर आया हूं। मुख्यमंत्री नितीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोग कुर्सी बचाने के लिए इधर से उधर करता है, हम तो बिहार के जनता के हितों के रक्षा हेतु कुर्सी का त्याग कर देता हूं। उन्होंने कहा कि नितीश कुमार को अपने घर में कोई वारिस नहीं दिख रहा है कि पडोसी के घर में वारिस खोज रहे है। आगे उन्होंने कहा कि हम बिहार को बचाएंगे भी और बिहार को आगे बढ़ाएंगे भी। बतरौलिया के पूर्व गोढवा में उपेंद्र कुशवाहा का ढ़ोल नगाड़ा, फूल माला के साथ जोरदार स्वागत किया गया। जनसभा का आयोजन पूर्व मोतिहारी विधानसभा प्रत्याशी डॉ. दीपक कुमार के नेतृत्व में हूआ। विरासत बचाओं नमन यात्रा में मुख्य रुप से माधव आनंद, जीतेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक रणविजय सिंह सहित लगभग ढाई सौ नेता साथ चल रहें है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, रामबालक सिंह कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा, राजदेव प्रसाद, डॉ. गुरुचरण सिंह, संजय कुशवाहा, जयराम सिंह मुखिया उत्तरी ढ़ेकहां, ई श्यामा कुशवाहा, डॉ. कामेश्वर प्रसाद, डॉ. दीपक कुशवाहा, डॉ. मदन प्रसाद शंकर कुशवाहा, भोपाल प्रसाद, रुपलाल प्रसाद, सत्यदेव प्रसाद, राजबल्ल्भ प्रसाद, धीरज कुमार, भूषण प्रसाद, कुंतेश्वर प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, अशोक कुशवाहा, गजेंद्र प्रसाद, मदन चौधरी, लालबहादुर कुशवाहा, मुन्नीलाल प्रसाद, रामचंद्र कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, अच्छेलाल पासवान, नरेश कुशवाहा, ललन प्रसाद, मुन्ना कुशवाहा, देव प्रसाद, अयूब आलम, सोनालाल कुशवाहा, नितेश कुशवाहा, राजेश पासवान, मंतोष यादव, मिंटू राम, मनोज प्रसाद, सुमन कुशवाहा, मनीष कुमार, शशि कुमार, राजू राणा, रामजी प्रसाद, डॉ. मधुसूदन प्रसाद, डॉ. ललन कुमार, चंदेश्वर कुमार, चंदन कुमार आदि थे

होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।

छतौनी थाना क्षेत्र छोटा बरियारपुर स्थित गुरुवार को स्थानीय महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय में होली मिलन समारोह सह महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन किया गया।समारोह की अध्यक्षता करते हुए पीयूपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ ड्ड(प्रोड्ड) कर्मात्मा पाण्डेय ने कहा कि होली देवताओं का भी प्रिय पर्व रहा है। पौराणिक मान्यता के अनुसार श्रीकृष्ण ने द्वारिका वासियों व्रजवासियों अपनी रानियों पटरानियों के साथ होली का उत्सव मनाया है। भगवान शंकर ने तो श्मशान की राख से होली खेलकर अपने को कृतकृत्य किया है। सोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी गुजरात के पूर्व डीन प्रोड्ड देवेन्द्र नाथ पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सूर्य के प्रकाश से अप्रत्यक्ष से प्रत्यक्ष तक फैला प्रत्येक रंग विधाता की कल्पना का प्रमाण है। हरा रंग समृद्धि विकास तथा पुनः निर्माण का उद्घोष करता है तो पीला या केसरिया कल्पना ज्ञान व बुद्धि की शक्ति को दशार्ता है। लाल रंग कर्मयोग के उल्लास को झलकाता है। मगर काला रंग तामसिक प्रवृत्ति का प्रतीक है। अतः होली के अवसर पर काले रंग का उपयोग सर्वथा निषेध है।प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसी मान्यता है कि अट्टहास किलकारियों तथा मंत्रोच्चार से पापात्मा राक्षसों का नाश हो जाता है। इसलिए होलिकादहन के समय सभी उच्चे स्वर में अट्टहास व किलकारियाँ मारकर होलिका के चारो ओर झूम झूमकर नृत्य करते हैं।अन्य वक्ताओं में प्रोड्ड विमलेश जी,प्रोड्ड रत्नेश आनन्द,प्रोड्ड विश्वेश जी,प्रोड्ड शिवेन्द्र सिंह,प्रोड्ड अंजनी श्रीवास्तव,प्रोड्ड रामनिरंजन पाण्डेय,प्रोड्ड अमित रंजन,पूर्व एमड्डएलड्डसीड्ड बब्लू गुप्ता,समाज सेवी हरि सिंह,डाड्ड नरेन्द्र सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर मधुछपरा कीर्तन मंडली के नरेन्द्र झा,मनोरंजन व्यास,कामेश्वर पाण्डेय,राम भरोष पाण्डेय,अरबिन्द बाबा,उमाशंकर बैठा द्वारा पारम्परिक होली गीत की प्रस्तुति हुयी तथा आगन्तुक अतिथियों को विभिन्न उपाधियों से नवाजा गया।मौके पर विनोद पाण्डेय कृष्ण कुमार राकेश तिवारी जितेन्द्र त्रिपाठी सुधीर दत्त पाराशर,रुपेश ओझा विकास पाण्डेय राजन पाण्डेय कुन्दन पाठक सुजीत मिश्र अरुण कुमार श्रीवास्तव,विजय कुमार,शैलेन्द्र गिरि,मानस पाण्डेय,मनोज क्याल,चन्दन जी,अरुण तिवारी,नवनीत गिरि,दिनेश पाण्डेय,धीरेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

राष्ट्रीय पोषण मिशन विभागीय समन्वय की बैठक आयोजित

शुभ भास्कर क्राइम रिपोर्टर शशांक मणि त्रिपाठी मोतिहारी,पू०च०।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डॉक्टर राधाकृष्णन भवन में जिला प्रोग्राम शाखा, आईसीडीएस के तत्वधान में राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत जिला अभिसरण कार्य योजना(डीसीएपी) की अंतर विभागीय समन्वय की बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में मुख्य रूप से कुपोषण छोड़ पोषण की ओर , थामे क्षेत्रीय लोकल भोजन की डोर , सही पोषण, देश रौशन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।इसका मुख्य उद्देश्य लक्ष्य पोषण से संबंधित सभी घटकों का अवलोकन, सभी समन्वय विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग ,शिक्षा विभाग, पंचायती राज, जिला ग्रामीण अभिकरण विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, खाद आपूर्ति विभाग, जीविका , केयर इंडिया इत्यादि के साथ कार्य में प्रगति लाया जाए।इस बैठक में एनीमिया, स्तनपान ,पेयजल उपलब्धता, टॉयलेट की उपलब्धता, बौनापन, नाटापन, रेफल सर्विसेज इत्यादि के सूचकों पर चर्चा की गई तथा आने वाले त्रैमासिक बैठक के लिए लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बेहतर सुविधा प्रदान हेतु गृह भ्रमण इत्यादि पर चर्चा सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, डीपीओ आईसीडीएस, स्वास्थ्य ,शिक्षा आदि विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित थे ।

जिले में 40 लाख लोगों को अब तक खिलाई गई सर्वजन दवा

शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।

फाइलेरिया जैसे गम्भीर रोग से बचाव को लेकर जिले में एमडीए अभियान का मॉपअप राउंड चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले में 10 फरवरी से अभियान चलाया जा रहा है, जिले के 23 प्रखंडों में 2163 दलों के द्वारा 49 लाख 38 हजार 4 सौ 32 लोगों को डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें 24 फरवरी तक के आंकड़े के अनुसार जिले में 39,81,750 लोगों को यानि 68.53 प्रतिशत लोगों को दवा खिलाई जा चुकी है। फाइलेरिया से बचाव को लेकर जन जागरूकता के साथ जीविका कार्यालय मोतिहारी के डीपीएम गणेश पासवान के साथ ही 40 अन्य कर्मियों को वीडीसीओ सत्यनारायण उराँव, पीसीआई के जिला प्रतिनिधि मनोज कुमार के सहयोग से दवा खिलाई गई। वहीं एसएसबी कैम्प आदापुर में स्वास्थ्य कर्मियों व केयर प्रतिनिधि पप्पू कुमार के सहयोग से 70 जवानों को अल्बेंडाजोल व डीईसी की गोली खिलाई गई।विक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शरत चँद्र शर्मा ने बताया कि आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका और वॉलेंटियर क्षेत्र में जाकर लोगों को गोली खिलाने का काम कर रहे हैं। केयर डीटीएल स्मिता सिंह, व डीपीओ मुकेश कुमार ने बताया कि- दो वर्ष अधिक उम्र के लोगों को अल्बेंडाजोल और डीईसी की गोली खिलाई जा रही है। दो से पांच साल तक के लोगों को अल्बेंडाजोल की एक और डीईसी की एक गोली खिलाई जा रही है। छह से 14 साल तक के लोगों को अल्बेंडाजोल की एक और डीईसी की दो गोली खिलाई जा रही है। 15 साल या इससे ऊपर के लोगों को अल्बेंडाजोल की एक और डीईसी की तीन गोली खिलाई जा रही है। इसके अलावा दो साल से कम उम्र के बच्चे, गंभीर रूप से बीमार और गर्भवती महिलाओं को दवा नहीं खिलाई जा रही है। साथ ही इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि, खाली पेट दवा नहीं खिलानी है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। इसका प्रकोप बढ़ जाने के बाद कोई पर्याप्त इलाज संभव नहीं है। इससे बचाव का सबसे बेहतर उपाय एमडीए राउण्ड के दौरान सर्वजन दवा का सेवन करना है।

तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा 2022 के प्रथम चरण मजिस्ट्रेट के साथ ब्रीफिंग आयोजित

शुभ भास्कर क्राइम रिपोर्टर शशांक मणि त्रिपाठी मोतिहारी,पू०च०।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बिहार कर्मचारी चयन आयोग बिहार पटना द्वारा आयोजित तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा 2022 के प्रथम चरण की पुनर्परीक्षा के सफल आयोजन हेतु सभी केंद्राधीक्षकों पुलिस पदाधिकारी एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ ब्रीफिंग आयोजित की गई।विदित हो कि बिहार कर्मचारी आयोग ,बिहार पटना के द्वारा तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा 2022(प्रथम पाली की पुनर्परीक्षा) दिनांक 5 मार्च 2023 को प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान विषय हेतु 12:00 अपराहन से 2:15 अपराह्न तक 15 परीक्षा केंद्रों पर 10376 परीक्षार्थी शामिल होंगे।उक्त परीक्षा को कदाचार मुक्त , शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा संपन्न कराने हेतु विधि व्यवस्था सुदृढ़ की जाए ,सीसीटीवी कैमरा ,स्टैटिक मजिस्ट्रेट ,पुलिस बल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।इस अवसर पर अपर समाहर्ता ,अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर, जिला शिक्षा पदाधिकारी , नगर आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, सभी जोनल सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, संबंधित स्टैटिक मजिस्ट्रेट ,पुलिस पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक आदि उपस्थित थे ।

सुगौली मील मस्जिद से दस बच्चे बने हाफिज कुरान

शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर कुंदन मिश्रा सुगौली,पू०च०।

सुगौली चीनी मिल के समीप गुरुवार को मदरसा जामिया अरबियां मील मस्जिद में एक जलसा प्रोग्राम रखा गया।जिसमें आस-पास के क्षेत्रो से भारी संख्या में मुस्लिम सामुदाय के लोगो ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया।इस जलसे की सदारत मुक्ति महबूब आलम साहब काशमी ने किया।मदरसा के हेड मौलवी मुक्ति मुजीबउर रहमान काशमी साहब ने निजामत के फराऐज को अंजाम दिया।जलसे की सरपरस्ती की।वही दस बच्चे हफिजे कुरआन बने।इस जलसे में बच्चों द्वारा बारी-बारी तकरीर नाथ शरीफ एवं तिलावते कुरआन पेश किए।वही कुरान हिफज किए हुए हाफिज मो इरफान,मो सलीम,मो अब्बास,मोजिबुररहमान,मो समीउल्लाह, मो मोजाहिद,मो शाद,मो जफरुल अबसार,मो हंजलाह,मो तौफिक ने मुकम्मल हाफिजे कुरआन हुएं।इस जलसे में आएं एस हाफिजो को समाजसेवी मो शानी के द्वारा पगडी और माला पहनाकर उनका इस्तकबाल किया गया।मदरसे के सचिव डॉ मोहम्मद अनवारुल हक साहब के द्वारा दस हाफिज कुरआन को नये कपड़े देकर नवाजे।एवं अन्य लोगो द्वारा भी हाफिजे कुरआन बने बच्चे को कपड़े,किताब एवं पैसे देकर नवाजे।गौरतलब हो कि किसी घर के परिवार में अगर कोई एक लडका हाफिज बन जाएं तो अपने साथ मां बाप को जन्नत में ले जाते है।मुस्लिम सामुदाय में अल्लाह के आंखो का ठंडक पांच वक्त का नमाज होता है।और अल्लाह के काफी नजदीक होता है।जो कुरान की पुरी तिलावत कर हाफिजे कुरआन मुकम्मल बन जाता है वह अल्लाह के बहुत करीब होता है।उन्हें हक और हुकुक की समझने सलाहियत होती है।घरो में हमेशा बरकत आती रहती है।हर मुसलमानों को अपने दिन और दुनिया की सभी तरीके जाननी आवश्यक होती है वही जलसे में मदरसों में अपने बच्चों को पढ़ाने की बात बताई गई और बच्चों को हाफिजे कुरान बनाने पर जोर दिया गया जिससे उनका दिन और दुनिया दोनो कामयाब होगा।जलसे में मदरसे के सभी ओशताद मुक्ती निजामुद्दीन काशमी,कारी कासिम साहब,कारी रेहान साहब,कारी अफजल साहब एवं हाफिज शमशाद साहब सामिल रहे।मौके पर मदरसे सदर शेख मजीबुर्रहमान, सेक्रेटरी डॉ अनवारुल हक, समाजसेवी मो शानी,डां मजहर आलम,जुल्फेकार खांन,एहसानुल हक,मो वसी अख्तर,मो शाकिर सहित सेंकड़ों की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

बिहार जाति आधारित गणना का ट्रायल के लिए मिला प्रशिक्षण

जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)

जाति आधारित गणना के ट्रायल के लिए गुरूवार को टीपीसी भवन जयनगर के सभागार में प्रखंड के चिन्हित पर्यवेक्षक व प्रगणकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बीडीओ आमना वसी के नेतृत्व में आयोजित गई। जिसमें पटना से आये मास्टर ट्रेनर रविभूषण एवं सोमू कुमार सहित उनके टीम ने सभी पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को मैन्युअली एवं मोवाईल एप पर डाटा प्रविष्ट करने से संबंधित सारी जानकारी दिया। मैन्युअली एवं एप पर इंट्री के लिए 17 प्रकार के बिन्दुओं एवं उससे संबंधित कोड के बारे में विस्तार से बताया।,एप के माध्यम से जाति आधारित गणना मे होने वाले परेशानियां व तकनीकी गड़बड़ी से विभाग को अवगत कराया जायेगा। जिसे विभाग समय से निष्पादन कर सकेगी ताकि अन्य जगह ऐसी परेशानी न हो सके। मौके पर बीडीओ आमना वसी, मास्टर टेज्नेर रविभूषण, सोमू कुमार, पर्यवक्षेक कृष्णदेव प्रसाद सिंह, दुर्गेश कुमार, रौशन कुमार, चंद्रनारायण प्रसाद, रामचंद्र साहु, उपेंद्र प्रसाद, धीरेंद्र कुमार, प्रगणक रविन्द्र कुमार, विनोद कुमार, विनीता कुमारी, कुसुमलता रेखा पंडित, सहयोगी मिथिलेश ठाकुर, इम्तियाज आलम, सहदेव यादव, रामभरोष सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। प्रगणक अपने गणना ब्लॉक के भीतर भ्रमण कर आवासित परिवार वालों से 17 प्रकार के प्रश्न पूछेंगे। जिसे विभाग से दिये गये प्रपत्र में शुद्धतापूर्वक मैन्युअली प्रविष्ट करेंगे। इसके बाद सभी डाटा को ऑनलाइन करने हेतु मोवाईल एप के माध्यम से इंट्री करेंगे। जिमसें वे परिवार के सदस्यों का पूरा नाम, पिता/पति का नाम, परिवार के प्रधान से संबंध,, आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, जाति का नाम, शैक्षणिक योग्यता, कार्यकलाप, आवासीय स्थिति, अस्थायी प्रवासीय स्थिति, कम्प्यूटर/लैपटॉप, मोटरयान, कृषि भूमि, आवासीय भूमि एवं सभी श्रोतो से मासिक आय की जानकारी एकत्र करेंगें। इसके बाद वे परिवार के मुखिया से एक घोषणा पत्र लेगें जिसमें उनके द्वारा दिये गये सभी जानकारी सत्य है। परिवार के अन्य सदस्य दूसरे जगह गणना नहीं करायेगे।

स्व डॉ रिचा मिश्रा के असामयिक निधन पर डी बी कॉलेज, जयनगर में अतिथि शिक्षक संघ ने किया शोक सभा का अयोजन, दी गई श्रद्धांजलि

जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय,दरभंगा हिंदी विभाग की तेजस्वी जेआरएफ एवं जे एन कॉलेज, मधुबनी के हिन्दी विभाग की अतिथि प्राध्यापक डॉ रिचा मिश्रा के असामयिक निधन पर डी बी कॉलेज, जयनगर में अतिथि शिक्षक संघ ने शोक सभा का अयोजन किया गया। इस क्रम में सभी शिक्षकों ने 2 मिनट का मौन रखकर डॉ० रिचा के आत्मा के शान्ति के लिए परम-पिता परमात्मा से प्रार्थना की।सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ० परशुराम सिंह ने कहा कि, डॉ० रिचा का असामयिक निधन गुणवत्तायुक्त शोध के लिए अपूर्णीय क्षति है अश्रुपूरित नेत्रों से विनम्र श्रद्धांजलि।संघ के अध्यक्ष डॉ एस के सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि, महाविद्यालय से लौटने के क्रम में डॉ० रिचा मिश्रा का दुर्घटना का शिकार होकर काल के गाल में समा गई। जो हम सभी के लिए पीड़ादायक है, संघ ने डॉ० मिश्रा के रुप में योग्य और कर्मठ सहकर्मी खोया है। इनके निधन से शिक्षा के क्षेत्र में जो रिक्तता आई है उसकी पूर्ति असंभव है।उपाध्यक्ष डॉ० आनंद कुंवर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, डॉ रिचा हिंदी विभाग की ऊजार्वान शोधार्थी थी, विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा चयनित हिंदी सहायक प्राध्यापकों में इनका चयन भी हो चुका था, इनके निधन से जो शून्यता उत्पन्न हुई है उसकी पूर्ती नहीं की जा सकती। शोक सभा की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ० नंद कुमार ने कहा कि, दशरथ नन्दन मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम पुण्यात्मा को शांति प्रदान करें साथ ही पीड़ित परिवार को इस कष्ट को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधानाचार्य डॉ० नंद कुमार, डॉ० परशुराम सिंह, अध्यक्ष डॉ० शैलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ० आनंद कुंवर, डॉ० मो० मिन्हाजुद्दीन, डॉ० अनंतेश्वर यादव, डॉ० अखिलेश कुमार सिंह, डॉ० श्याम कृष्ण जी, डॉ० कृष्ण दत्त प्रतिहस्त, डॉ० स्वीटी सिंह, डॉ० कोमल कुमारी, डॉ० तारकेश्वर राम सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

रेल प्रशासन से सुरक्षा दिवाल को सड़क से हटा कर निर्माण कराने की मुख्य पार्षद व जनप्रतिनिधियों ने की मांग

जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)

पूर्व मध्य रेल समस्तीपुर मंडल के जयनगर रेलवे स्टेशन के उत्तर दिशा पटना गद्दी चौक के समीप रेल प्रशासन के द्वारा सुरक्षा दिवाल दिए जाने पर मुख्य सड़क की चौड़ाई कम होने पर गुरुवार को जयनगर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान समेत अन्य जनप्रतिनिधियो ने निर्माण स्थल का जायजा लेने के बाद मौके पर उपस्थित रेलवे अधिकारियों से जनहित का ख्याल रखते हुए सुरक्षा दिवाल को सड़क से हटा कर निर्माण कराने की मांग की है। मुख्य पार्षद ने बताया कि शहरी क्षेत्र के पटना गद्दी चौक से शहीद चौक जाने वाली मुख्य सड़क एनएच 227 जर्जर के साथ चौडाई भी काफी कम होने के कारण रोज आए दिन शहर में जाम की समस्या उतपन्न होती रहती है। इन्हीं ज्वलनशील समस्याओं के समाधान के लिए बीते दिनों उच्च पथ प्रमंडल सितामढी के कार्यपालक अभियंता से बातचीत कर उनसे जर्जर सड़क निर्माण संबंधित मुद्दों पर बात की थी। एनएच विभाग ने अपना सहमति प्रदान करतें हुए जल्द सड़क की चौड़ाई और निर्माण कराने की बात कही है। लेकिन रेलवे के द्वारा पूर्व से निर्मित सड़क सटा कर सुरक्षा दिवाल दिए जाने के कारण सड़क की चौड़ाई संभव नहीं हो सकती है। मुख्य पार्षद ने रेल प्रशासन से सुरक्षा दिवाल सड़क से हटा कर निर्माण कराने का अनुरोध किया है। रेल प्रशासन के द्वारा सुरक्षा दिवाल निर्माण का हम स्वागत करते हैं। लेकिन सड़क की चौड़ाई को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। सुरक्षा दिवाल के कारण सड़क की चौड़ाई में कमी से जाम की समस्या और भयानक हो सकती है। मुख्य पार्षद ने बताया कि पटना गद्दी चौक से एफसीआई गोदाम के लिए अनाज लेकर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ट्रकों का आवागमन भी होता है। जिस कारण पटना गद्दी चौक से रेलवे स्टेशन चौक तक हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। उन्होंने रेल प्रशासन से सुरक्षा दिवाल को सड़क से हटा कर निर्माण करने की मांग की है। मौके पर एईएन दरभंगा, आईओडब्ल्यू मनोज कुमार, वार्ड पार्षद हनुमान मोर, शिवजी पासवान, सूर्य नारायण ठाकुर, भाकपा-माले सचिव भूषण सिंह, विधायक प्रतिनिधि उद्धव कुंवर, कांग्रेस नेता अनुरंजन सिंह, मिथिलांचल चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शिव शंकर ठाकुर, मो नजाम समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थें ।

रेलमंडल ने एक से 9 मार्च तक महिला दिवस मनायेगें

कटिहार। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलवे मंत्रालय द्वारा मालीगांव के निर्देश के अनुसार कटिहार रेलमंडल में 1 मार्च से आगामी 9 मार्च तक मनाया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कार्मिक विभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे रेलमंडल अंतर्गत कार्यरत सैकड़ों की संख्या में महिला रेलकर्मी उपस्थित हुई। कार्यक्रम में एच आर एम एस के बारे में मंडल कार्मिक अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जानकारी दी। जिस दौरान मौजूद महिला रेलकर्मियों से प्रश्न पूछा गया और उसमें सफल तीन महिलाओं को रेल प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य कल्याण निरीक्षक उमाशंकर के साथ कार्मिक विभाग अंतर्गत सुजीत कुमार, मो रहमान , बबलू पासवान, आशीष सरकार की अहम सराहनीय भूमिका रही।

आरपीएफ ने तीन मोबाइल चोर को किया गिरफतार

कटिहार। कटिहार स्टेशन पर आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर अनुज कुमार के नेतृत्व में सघन चेकिंग के दौरान तीन मोबाइल चोर को रंगे हाथ चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति कटिहार जिला निवासी मो एहसान, मो शहंशाह , मो इंदु राय है। जिसके पास से यात्रियों का चोरी किया गया तीन अलग-अलग कंपनी का मोबाइल फोन आदि बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को कटिहार स्टेशन के पीआरएस काउंटर के समीप रात्रि में गुप्त सूचना पर पकड़ा गया। जिसे रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अग्रिम कार्रवाई हेतु रेल पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। इस मौके पर आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर अनुज कुमार के साथ आरपीएफ के रजीत कुमार यादव, सूर्योदय कुमार यादव, मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

भक्तिमय माहौल में हरिनाम संकीर्तन यज्ञानुष्ठान आरंभ

कटिहार। बलरामपुर प्रखंड के अंतर्गत महिशाल पंचायत के विश्वदिधी-सुखनापोखर सोलह प्रहर संकीर्तन यज्ञानुष्ठान आरंभ हुआ। जिसका उद्घाटन संयुक्त रूप से कमेटी सदस्य परिमल दास, स्थानीय नेता जगन्नाथ दास,गुणाधर दास ने किया। जिसमें प्रखण्डवासी में भक्तिमय होकर हरिनाम संकीर्तन हरे कृष्ण हरे राम का नाम गूंज गया था रहा है।जिसमें विश्वदिधी-सुखनापोखर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञानुष्ठान आरंभ हुआ। इस दौरान विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गई। पुजा अर्चना लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि वंगाल के संकीर्तन बाप बेटी सम्मप्रदाय,सुर संध राधा कृष्ण सम्मप्रदाय रायगंज , भाई वंधु सम्मप्रदाय हरिचंदपुर, भाई भाई सम्मप्रदाय हेमताबाद इत्यादि भाग ले रहे हैं। सोलह प्रहर संकीर्तन यज्ञानुष्ठान सफल बनाने हेतु स्थानीय मुखिया मनोज कुमार दास, वार्ड सदस्य मुकेश कुमार सिंह, संजीव कुमार दास, ईश्वर चंद्र दास, चंचल कुमार दास, कुमार कान्ति, जय प्रकाश दास,श्यामल दास, बिप्लब दास, अनिल कुमार दास, अरूण दास, राजीव रंजन, शंकर कुमार दास, राजमोहन दास, राजीव कुमार दास,निताई दास सहित संपूर्ण ग्रामीणबासी जुट हुए हैं।

शराब मामले में एक तस्कर गिरफ्तार

बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट

बांका/कटोरिया थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत उदयपुरा गांव से एक शराब तस्करी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करी सुखलाल सोरेन के पुत्र जीतन सोरेन बताया गया। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तस्कर के विरूद्ध थाना में मध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत के लिए कोर्ट भेज दिया। थानाध्यक्ष नीरज तिवारी ने इसकी जानकारी दी हैं।

होली त्यौहार एवं शव-ए-बारात को आपसी भाईचारे के साथ मनाये

बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकांत यादव की रिपोर्ट

बांका/कटोरिया मे होली एवं शव-ए-बारात को आपसी प्रेम सद्भाव और भाईचारा के साथ मनाने को लेकर गुरुवार को सुइया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की। बैठक में सीओ प्रशांत शांडिल्य एवं थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने की। जिसमें पुलिस पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि होली पर्व पर शांति व विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। उन्होंने शांति और सद्भाव को बनाये रखने में जनप्रतिनिधि व आमजनों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि होली के त्यौहार को सद्भाव और भाईचारा के साथ मनाये । जबरन किसी को रंग ना लगाये। त्यौहार के दिन हुड़दंग मचाने व अफवाह फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा ।जो लोग शराब के नशे में हुड़दंग करते देखे जाएंगे उसे केस दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। लोगों को शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए नसीहत दी। होली के अवसर पर किसी भी तरह का विवाद उत्पन्न करने वालों को नहीं छोड़ा जाएगा। कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय वारदात होती है, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें त्वरित कार्यवाही होगी। होली के दिन पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर मौजूद रहेगा। मौके पर सअनि विपिन प्रसाद यादव, दिनेश प्रसाद सिंह, कस्बावसीला के मुखिया प्रतिनिधि इंद्रदेव यादव, मुखिया बालकिशोर सोरेन, मुन्ना सिंह, सरपंच हेमलाल, सरताज अंसारी, मुकर्रम अंसारी, संजय बरनवाल, मु. नवाब अंसारी, शिवनंदन कुमार यादव, पूर्व सरपंच कमाल अंसारी, कुलदीप यादव, चेतन यादव अन्य पुलिस बले मौजूद थे।

एमडीए अभियान को नेटवर्क सदस्यों का मिल रहा सार्थक सहयोग

कटिहार। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान के दौरान नेटवर्क सदस्यों की भूमिका काफी सराहनीय रही है। क्योंकि एमडीए अभियान के तहत कोढ़ा एवं बरारी प्रखंड में दवा खाने से इनकार करने वालों को काफी समझाने के बाद आशा कार्यकर्ता के सहयोग से दवा खिलाने में सफलता हाथ लगी है। सिविल सर्जन डॉ जितेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी उदयन मिश्रा के मार्गदर्शन में फाइलेरिया उन्मूलन को जड़ से मिटाने में शत प्रतिशत सफलता हासिल करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया था। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मियों द्वारा पूरी तन्मयता से एमडीए की गोली खिलाई गई। वहीं जिले के सभी प्रखंडों में एमडीए का मॉप अप राउंड का अंतिम दिन होने के कारण सभी स्वास्थ्य कर्मी एक जुट होकर लगे हुए हैं। ताकि शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हो। जिसमें छूटे हुए लाभार्थियों को चिह्नित कर फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाए। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ जय प्रकाश सिंह ने बताया कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार लिम्फेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) के उन्मूलन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। क्योंकि हाथी पांव एवं हाइड्रोसील फाइलेरिया के संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभाव हैं। इस तरह के व्यक्तियों को भी साल में एक बार ही भारत सरकार के गाइडलाइन के आधार पर फाइलेरिया रोधी दवाओं अल्बेंडाजोल, डीईसी और आइवर मैकटिन या अल्बेंडाजोल और डीईसी का सेवन करना पर्याप्त है। विगत 10 फरवरी से शुरू हुए एमडीए अभियान के तहत आशा कार्यकताओं के साथ-साथ कोढ़ा एवं बरारी प्रखंड के नेटवर्क सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करने और दवा खाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नेटवर्क सदस्यों ने दवा खाने से

इनकार करने वालों को प्रेरित कर खिलाई दवाः एमओआईसी बरारी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुसर्रफ आलम ने बताया कि स्थानी प्रखंड अंतर्गत रौनियां पंचायत के घुसकी गांव के 30 एवं गौरीडीह गांव के 36 योग्य लाभुकों ने फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने से इंकार कर दिया था लेकिन भ्रमणशील टीम में शामिल आशा कार्यकर्ता अनिता देवी एवं तुलसी फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट ग्रुप (पीएसजी) की सदस्य गीता देवी के सहयोग से सभी लाभुकों को प्रेरित कर दवा खिलाई गई। जब तक दवा खिलाई नहीं गई तब तक नेटवर्क सदस्य गीता देवी दवा खाने से इंकार कर रहे लाभार्थियों को प्रेरित करने में जुटी रहीं। दवा का सेवन कराने के दौरान नेटवर्क सदस्य गीता देवी ने स्थानीय लोगों की भीड़ में फाइलेरिया रोधी दवाओं का लाभ एवं नहीं खाने के कारण होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देती रहीं। जिसकी बदौलत रौनियां पंचायत के घुसरी एवं गौरीडीह गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने दवाओं का सेवन किया। एमडीए कार्यक्रम में लगी आशा कार्यकर्ता मीरा देवी, अनिता देवी एवं सुनैना देवी ने बताया कि इस बार एमडीए अभियान में फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों का भरपूर सहयोग मिला है। पूर्व के दिनों में जब वो क्षेत्र में दवा खिलाने के लिए जाती थीं, तब कई लोग दवा खाने से मना कर देते थे। लेकिन काफी समझाने के बावजूद भी ग्रामीण दवा खाने के लिए राजी नहीं होते थे।

लेकिन इस बार एमडीए अभियान में पीएसजी सदस्यों का साथ अभियान की सफलता का मुख्य कारण रहा है। जहां पर भी लोग दवा खाने में आनाकानी कर रहे थे। वहां पीएसजी के सदस्यों द्वारा किसी तरह प्रेरित कर फाइलेरिया की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों को दवाओं का सेवन कराया गया है। तुलसी पीएसजी की सदस्य गीता देवी ने स्थानीय ग्रामीणों को बताया कि फाइलेरिया बीमारी से ग्रसित लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि जब भी मौसम में बदलाव होता है, उस दौरान उनकी परेशानी काफी बढ़ जाती है। यदि, उन्हें शुरूआती दौर में ही फाइलेरिया की जानकारी होती तो शायद आज उन्हें इस परेशानियों से जूझना नहीं पड़ता। एक बार जब फाइलेरिया बीमारी के कारण हाथी पांव या हाइड्रोसील में सूजन हो जाती, तब उसका कोई मुकम्मल इलाज नहीं है। लेकिन हां, नियमित दवाओं के सेवन और साफ सफाई मात्र से इस बीमारी को बढ़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने लाभुकों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन अनिवार्य रूप से करना चाहिए। ताकि माइक्रो फाइलेरिया के परिजीवी होने से उनको नष्ट किया जा सकता है।

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित

कटिहार। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन कटिहार शाखा व मंडल के द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन रेलवे सीनियर इंस्टीट्यूट कटिहार के प्रांगण में गुरुवार को मंडल सचिव कामरेड रामविलास यादव के नेतृत्व में किया गया। इस दिवार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता केंद्रीय उपाध्यक्ष कॉमरेड आरआर भगत ने कीया। कॉमरेड भगत ने लोको रनिंग कर्मचारियों की समस्याओं पर अपना वक्तव्य दिया और समाधान हेतु संगठन को आगे की रणनीति के लिए मार्गदर्शन किया। इस द्विवार्षिक अधिवेशन में भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन के विभिन्न मंडल के ए आई एल आर एस ए के तमाम दिग्गज नेता ने संगठन के विकास व कर्मचारियों के कल्याण हेतु अपना-अपना विचार दिया । जिसमे विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर रेलवे प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से न्यू पेंशन स्कीम को समाप्त कर पुरानी पेंशन पद्धति ओ पी एस को लागू करने, रेल सहित सभी सरकारी उपक्रमों के निजीकरण का विरोध, इनकम टैक्स में रनिंग

एलाउंस की छूट की सीमा को 32000 प्रतिमाह करने, सहायक लोको पायलट का एंट्री ग्रेट पे को बढ़ाकर 2800 करने, लोको कैब में टूल किट की व्यवस्था कर आवश्यक उपकरण लोको में ही उपलब्ध करवाना, 9 घंटे से अधिक ड्यूटी नहीं करवाना आदि शामिल है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सैकड़ों की संख्या में संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से कॉमरेड ए के रावत, जोनल सचिव, पूर्व मध्य रेल ए आई एल आर एस ए , कॉमरेड आर सी पटेल, कॉमरेड जी गोस्वामी, कॉमरेड शिव शंकर ठाकुर , कॉमरेड अयोध्या पाल, संजय घोष , राजेश कुमार, दीपक कुमार, विनोद मंडल, सरोज कुमार, मनीष कुमार ठाकुर सहित अन्य प्रतिनिधिगण शामिल हुए । इस दिवार्शिक अधिवेशन में नई शाखा समिति हेतु 19 सदस्य समिति सदस्यीय समिति का भी चुनाव किया गया। जिसमें शाखा सचिव कॉमरेड राकेश कुमार (एन) , शाखा अध्यक्ष कॉमरेड राजेश कुमार निर्वाचित हुए । इसी प्रकार नई मंडल समिति हेतु 19 सदस्यीय मंडल समिति का चुनाव केंद्रीय समिति द्वारा संपन्न करवाया गया ।जिसमें मंडल सचिव कॉमरेड अयोध्या पाल व मंडल अध्यक्ष कॉमरेड संजय घोष निर्वाचित हुए। इस दिवार्षिक अधिवेशन में मंडल के तमाम अधिकारी पर्यवेक्षक के साथ शामिल हुए नव निर्वाचित सदस्य समिति सदस्यो को अपनी शुभकामनाएं दी और एक साथ मिलकर सब के प्रयास से रेलवे का विकास कैसे हो इस पर भी मार्गदर्शन किया गया। इसी दौरान एसोसिएशन द्वारा रेलवे में सुरक्षित रेल परिचालन हेतु एक संवाद का भी आयोजन किया गया। जिसमे सुरक्षा के तमाम मापदंडों पर विस्तृत चर्चा हुई। अंत में इस अवसर पर एसोसिएशन द्वारा एक भव्य होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया।

बालगृह में प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन

कटिहार। आश्रय गृह स्थित बालगृह परिसर में प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक अनिकेत कुमार ने किया। संचालन बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने किया। बैठक में बाल गृह से संबंधित विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। जिसमें मुख्य रुप से विशेष बच्चों के लिए विशेषण शिक्षक की व्यवस्था करने विशेष बच्चों के लिए स्पीच थेरेपी एवं फिजियोथेरेपी की व्यवस्था करने नए बच्चे को आधार केंद्र ले जाने, आवासी 10 बच्चे को दीपिका पेंशन से जोड़ने सीसीटीवी का फुटेज को लोकेशन के साथ 3 माह तक रिकॉर्डिंग को रिस्टोर करने, आश्रय गृह में इनवर्टर कनेक्शन लगाने, आवासीय बच्चों के भोजन में तेल मसाला का कम उपयोग करने, सप्ताह में 3 दिन आवासीय बच्चों को नाश्ता में दो-दो अंडा देने, भोजन तालिका को न्यूट्रिशन या चिकित्सक से प्रमाणित करने, आश्रय गृह के नियमित रूप से साफ सफाई की व्यवस्था करने, साफ सफाई हेतु सफाई कर्मी एवं डस्टबिन की मांग करने, बाल गृह में नियमित रूप से रूम प्रेशर का उपयोग करने बाल गृह में नियमित रूप से चिकित्सक जाने के लिए सिविल सर्जन को पत्र लिखने, नए बालक को समिति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने,गृह का संचालन ड्यूटी रोस्टर का पालन करने, बच्चों को लोकल भ्रमण कराने आदि विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक अनिकेत कुमार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार, सदस्य प्रवीण कुमार झा, बाल संरक्षण पदाधिकारी सुधीर कुमार, बाल गृह के प्रभारी अधीक्षक चंदन पाठक, अकाउंटेंट विपिन कुमार, काउंसलर बिणा गिरी आदि ने भी अपना अपना विचार प्रकट किया।

पूर्णियॉ पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धि

पूर्णिया प्रतिनिधि

रघुवंशनगर ओ0पी0 अन्तर्गत कुख्यात एवं जिले के टॉप 10 सूची में शामिल अपराधी कुंदन सिंह एवं कल्लो को किया गया गिरफ्तार कांड की संक्षिप्त विवरणी पुलिस अधीक्षक महोदय पूर्णियॉ आमिर जावेद(भा पु से)के द्वारा विभिन्न कांडों में फरार कुख्यात ईनामी अपराधी कुंदन सिंह एवं कल्लो की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धमदाहा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसके सदस्य पु नि सुनील कुमार मंडल, पु अ नि धन प्रसाद थानाध्यक्ष रघुवंशनगर ओ0पी0,स अ नि जहांगीर अंसारी,स अ नि कमलाकांत शर्मा एवं अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे ।उक्त गठित दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये उनके घर की घेराबंदी कर दोनों अपराध कर्मी को गिरफ्तार किया गया है। कुंदन यादव का अपराधिक इतिहासः- 1.बड़हरा (रघुवंशनगर) थाना कांड सं0-10/21 दि0-06.01.21धारा-302/307/147/148/149/341/342/323/120(ु)भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट। 2.बड़हरा (रघुवंशनगर) थाना कांड सं0-27/21 दि0-26.01.21धारा-302/436/379/504/427/34 भा0द0वि0। मो0 कल्लो का अपराधिक इतिहासः- 1. बड़हरा (रघुवंशनगर) थाना कांड सं0-10/21 दि0-06.01.21 धारा-302/ 307/ 147/ 148/ 149/ 341/ 342/ 323/ 120 (b)भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट। 2. बड़हरा (रघुवंशनगर) थाना कांड सं0-27/21 दि0-26.01.21 धारा-302/436/379/504/427/34 भा0 द0 वि0। विधि-सम्मत कार्रवाई पूर्ण करते हुये सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

एसकेपी के छात्रों को पतझड़ वाले वृक्ष के बारे में विस्तार से जानकारी देते

बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट

बांका के एसकेपी विद्या विहार राजपुर प्लस टू आवासीय विद्यालय बांका बिहार में जीव विज्ञान शिक्षक सह जिला पर्यावरण विशेषज्ञ प्रवीण कुमार प्रणव ने छात्रों को बताया कि इस वृक्ष में होली के पहले सभी पत्ते गिर जाते हैं और होली के तुरंत बाद पूरे वृक्ष नये पत्तों से भर जाता है और बहुत ही खूबसूरत सुंदर लगता है। इसका वैज्ञानिक नाम लैगरस्ट्रोमिया स्पेसियोसा है ।इसे प्राइड ऑफ इंडिया या "क्वीन्स फ्लावर" या "जारुल" लेगेस्ट्रोमिया की एक प्रजाति है जो उष्णकटिबंधीय दक्षिणी एशिया में पाई जाती है। यह एक पर्णपाती पेड़ है। जिसमें चमकीले गुलाबी से लेकर हल्के बैंगनी रंग के फूल होते हैं। बौद्ध धर्म में इसे ज्ञान प्राप्ति का वृक्ष कहा गया है ।इस वृक्ष को ध्यान में रखते हुए मानव जीवन से जोड़कर प्रकृति के सामंजस्य को मानवीय जीवन चक्र से बताया। वृक्षों के वृद्धि में जहां एक ओर सूर्य प्रकाश की जरूरत होती है वहीं दूसरी ओर चंद्र किरणों के साथ अमावस्या पर भी निर्भर करता है। प्रकृति से हमें अद्भुत ज्ञान प्राप्ति होती है। वृक्षों में एक हार्मोन पाया जाता है जिसे ऐबसिसिक एसिड कहते हैं ।जो पतझड़ में सहायक होता है ।

बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त , चालक फरार

बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट

बांका/कटोरिया पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के सोहड़ातरी नदी घाट से बालू से लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। इस अभियान में थानाध्यक्ष नीरज तिवारी शामिल थे। जबकि उनके सहयोगी के रूप में अनि प्रशांत कुमार एवं राकेश गुप्ता के साथ सदलबल शामिल थे। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को बालू घाट से बड़ी मात्रा में बालू उठाव की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस छापेमारी के लिये निकली। इस दौराने पुलिस की गाड़ी को देख बालू लदे तीनों ट्रैक्टर के चालक गाड़ी को छोड़कर चालक मौके से भाग गये। पुलिस द्वारा तीनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया। तीनो ट्रैक्टर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

बाबा ए कौमे मिल्लत हजरत मौलाना शमीम अख्तर ने इलाके की बेटीओ के लिए खोला मदरसा तुल ल्लिबेनात बच्चा बच्चियों को मिल सके तालीम से एक नई जिंदगी

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत छैतल पंचायत के आमतोला झारबाड़ी के तहत मदरसा दारूल उलूम इमाम अहमद रजा मदरसा तुल ल्लिबेनात के नाजीमे ए आला बाबा ए कौमे मिल्लत हजरत मौलाना शमीम अख्तर साहब ने मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मदरसा तुल ल्लिबेनात खोलने का मुझे बहुत दिन से यह ख्वाहिश था की हमारे ठाकुरगंज इलाके में मदरसातुल लील बनात एक भी नहीं था लेकिन काफी मेहनत और मशक्कत से मैंने ठाकुरगंज प्रखंड के आमतोला झारबाड़ी गांव में मदरसा तुल लील बनात के तौर पर एक अनमोल इदारा है वही बाबा एक कौमें मिल्लत हजरत मौलाना शमीम अख्तर साहब ने बताया कि अभी हमारे मदरसा तुल ल्लिबेनात मैं 100 से ज्यादा तोलबा जेयरे तालीम है सभी बच्चा बच्चियों के लिए माकूल इंतजाम है बड़ी ही खुशी की बात है की 15 जुलाई 2022 में मदरसा तुल लील बनात हॉस्टल शुरू किया था जिसमें सिर्फ और सिर्फ आलीमा फाजिला कारीया का क्रॉस कराया जाता है और साथ ही साथ हिंदी इंग्लिश काफी तालीम दिया जाता है उन्होंने बताया कि हमारे इलाके में गरीब गुरबा बच्चों को शिक्षा नहीं मिलने की वजह से आज हमारे किशनगंज जिला के अंदर काफी गरीबी है उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपनी बच्चे को तालीम जरूर दिया करें इसलिए कि हमारे बच्चे तालीम के बगैर दर-दर ना भटके उन्होंने बताया कि मेरा मांग बिहार सरकार से है कि सभी मदरसा में मदद करें ताकि स्कूल और मदरसा की जरिए से गरीब गुरबा की बच्चे को तालीम मिल सके बताते चलें कि मदरसा के नाजिमे आला बाबा ए कौमे मिल्लत हजरत मौलाना शमीम अख्तर ने कहा कि मैंने सिर्फ एक ही मदरसा नहीं चला रहा हूं बल्कि मैं 2-2 मदरसा चला रहा हूं इसलिए कि हमारे इलाके की बच्चा बच्चियों को सही तालीम मिल सके और बच्चा बच्चियों की एक नई जिंदगी मिले यही मेरा सोच है

सारण स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन हेतु मतदान की तिथि निर्धारित

दैनिक शुभ भास्कर सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह

निवार्ची पदाधिकारी, 03-सारण स्नातक/ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-सह-आयुक्त, सारण प्रमंडल, छपरा, श्री गोपाल मीणा के द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेशानुसार 03-सारण स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन हेतु निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया हेतु तिथि का निर्धारण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन हेतु अधिसूचना 06 मार्च 2023 को जारी कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी अपना नाम निर्देशन पत्र 13 मार्च 2023 तक दाखिल कर सकेंगे। नाम निर्देशन पत्र के संवीक्षा की तिथि 14 मार्च 2023 है। अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 16 मार्च 2023 को रखी गयी है। 03-सारण स्नातक/ शिक्षक निर्वाचन हेतु मतदान की तिथि 31 मार्च 2023 को निर्धारित की गयी है। मतदान 31 मार्च 2023 को पूर्वाहन 08 बजे से अपराह्न 04 बजे तक होगी। मतगणना 05 अप्रैल 2023 को होगी जबकि निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया दिनांक 11 अप्रैल 2023 को पूरी कर ली जाएगी। निवार्ची पदाधिकारी, 03-सारण स्नातक/ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-सह-आयुक्त, सारण प्रमंडल, छपरा के द्वारा सभी जिला पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्र में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन कर उन्हें निर्वाचन के कार्यक्रम, आदर्श आचार संहिता के महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत करायेंगे जाये। 03 सारण स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के लिए कोषांग का गठन करते हुए कार्य प्रारंभ करने तथा नियमित रूप से कोषांग की कार्यों की समीक्षा करने का निदेश सभी संबंधित जिला पदाधिकारी को दिया गया। बताया गया कि सारण शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन हेतु अलग-अलग मतदान दलों का गठन होना है। इसमें पीठासीन पदाधिकारी का दायित्व कम से कम प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी द्वारा निर्वहन किया जायेगा। सभी मतदान केन्द्रों पर केन्द्रीय कर्मियों को माइको प्रेक्षक के तौर पर नियुक्त किया जाएगा। निर्वाचन के पूर्व कर्मियों का प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार कर दक्ष मास्टर प्रशिक्षकों के नेतृत्व में कर्मियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्र से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराने के साथ-साथ अपने जिला में इसका अनुपालन भी सुनिश्चित करने के साथ ही समय पर निर्वाचन विभाग को आदर्श आचार संहिता का दैनिक प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मतपेटिका का ऑकलन करते हुए उसकी साफ-सफाई, मरम्मत आदि हेतु निदेशित किया गया। निवार्ची पदाधिकारी ने निदेश दिया कि सारण स्नातक निर्वाचन की मतगणना की सम्पूर्ण जवाबदेही जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण तथा उनकी टीम की होगी जबकि सारण शिक्षक निर्वाचन की मतगणना की सम्पूर्ण जवाबदेही जिला पदाधिकारी, सिवान तथा उनकी टीम की होगी। उन्हें निदेशित किया गया कि अभी से मतगणना हेतु सुक्ष्मतापूर्वक तैयारी सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी, सारण को मतगणना स्थल की तैयारी, विधि व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्था अपनी निगरानी में कराना सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। सभी जिला पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि जन शिकायत कोषांग का गठन कर लें तथा निर्वाचन संबंधी किसी भी शिकायत का विधिवत रूप से ससमय निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। निवार्ची पदाधिकारी ने त्रुटिरहित, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने की कटिबद्धता व्यक्त की गयी।

युवा क्रांति रोटी बैंक द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर सारण। ब्यूरो पवन कुमार सिंह

जिले के मखदुमगंज खलपुरा में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन जिला परिषद चेयरमैन जयमित्रा देवी युवा क्रांति रोटी बैंक संस्थापक ई. विजय राज अध्यक्ष नीतू गुप्ता, उपाध्यक्ष बिंदियां जयसवाल, सचिव चांदनी प्रकाश, अभिषेक कुमार चंदन जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। मखदुमगंज में आयोजित इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में हजारों लोगों के स्वास्थ्य की जाँच कर आवश्यकता अनुसार दवाई , महिलाओं को सैनेटरी पैड दी गई । अभिषेक कुमार ने बताया कि निशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करना है ।अध्यक्ष नीतू गुप्ता, बिंदियां जयसवाल ने कहा की निशुल्क चिकित्सा शिविर के जरिए लोगों को यह पता चल सकता है कि समय रहते यदि स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत पता चल जाएगा तो उसका कम समय और कम खर्च में निदान सम्भव है। इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में मखदुमगंज, खलपुरा और आस पास के लोग शामिल हुए। सचिव ई.चांदनी प्रकाश श्रॉफ ने कहा की महिला, बुजुर्गों की काफी संख्या देखने को मिल रही थी। इस चिकित्सा शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस डाक्टरों की रही उपस्थिति डॉ. राजेश कुमार, डॉ. कृष्णा कुमार आर्या,डॉ. आर.के. तिवारी डॉ. तारिक अनवर मौके पर उपस्थित डाक्टरों के तरफ से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के बारे में टिप्स दिए। उन्होंने लोगों को बताया कि स्वास्थ्य रहने के पौष्टिक आहार लेना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य रहने के लिए जंक फूड से दूरी बनाए रखनी होगी। उन्होंने बताया कि मौसम में बदलाव के साथ कई तरह की बीमारियों उत्पन्न होती है जिसका इम्यून सिस्टम सबसे कमजोर होता है बीमारियां वहां पैदा हो जाती हैं। युवा क्रांति रोटी बैंक की तरफ से अतिथियों व डाक्टरों की टीम को सम्मानित किया गया, मौके पर निशांत गुप्ता, विवेक गोलू, सूर्या, कुणाल राज,शिक्षक चंदन सिंह , सुरेश राय,अजित राय,संभू साह,मोहन साह,जुलूम साह,कल्लू साह उपस्थित हुए।

जांच पड़ताल :प्रशासनिक लापरवाही से जीवित बुजुर्ग व्यक्ति को किया मृत

दैनिक शुभ भास्कर छपरा / ब्यूरो पवन कुमार सिंह

एकमा प्रखंड मे प्रशासनिक लापरवाही ने जीवित व्यक्ति को किया मृत घोषित । जिसका परिणाम साल भर से बुजुर्ग व्यक्ति को सरकारी योजना का लाभ पुरी तरह से बंद हो गया । जब प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर अपनी। जीवित होने का प्रमाण दिये तो जाँच का हवाला देकर उन्हे छोड़ दिया गया। लेकिन आज तक उन्हे कागज पर मृत हि दशार्या जा रहा है। लगभग एक साल से ससुर शुभ नारायण सिंह और उनकी पतोह बसंती देवी दोनो को मृत घोषित कर दिया गया है । साल भर से चक्कर काटने के बाद भी अभीतक सुधार नही किया गया। इस सन्दर्भ मे जिलाधिकारी राजेश मीणा ने बताया की मामला संज्ञान मे आया है जाँच के आदेश दे दिये गये है जल्द ही कार्यवाई कर उन्हे न्याय मिलेगा साथ ही दोषी को बक्शा नही जायेगा। उन पर करवाई की जाएगी।

भाजपा द्वारा लोक प्रवास कार्यक्रम के तहत चलाया गया लाभार्थी संवाद एवं संपर्क अभियान

ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर,सुपौल

जिले प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पिपरा खुर्द शक्ति केंद्र के चकडुमरिया गांव में लोकसभा प्रवास कार्यक्रम के तहत लाभार्थी संवाद एवं संपर्क अभियान किया किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक सम्राट ने की। संवाद कार्यक्रम में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री जी को जनता के द्वारा जो शक्ति प्रदान की गई है उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है ।वही मूकबधिर सुनीता देवी पति पुलकित पासवान के घर जाकर उन्हें सरकार द्वारा सहायता की राशि बैंक खाता में भेजभिजवाने की बात कही,और लाभार्थी झमेली पासवान,शांति देवी,सत्तन पासवान सहित दर्जनों परिवार से मिले ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रामकुमार राय ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे लोगों को मिल रहा है ।वही अपने संबोधन में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक सम्राट ने कहा कि आज यहां आंखों से लोगों ने देखा कि केंद्रीय मंत्री समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनकी समस्या से अवगत होकर समाधान भी करने का काम किया ।वही कार्यक्रम में मधेपुरा जिला के प्रभारी श्रवण चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सुशील मोदी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नलिन जायसवाल,रमन कुमार सिंह, कमल कुमार शर्मा,भागेश्वर महाराज,अनुराग जयसवाल सहित लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना,जन धन योजना प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, उज्जवला योजनामी के लाभार्थी उपस्थित हुए।

जिलाधिकारी द्वारा लोहिया स्वच्छ अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वच्छता कर्मी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जुबेर अंसारी/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल

जिले के श्री कौशल कुमार, जिला पदाधिकारी, सुपौल द्वारा त्रिवेणीगंज प्रखण्ड के कुशहा पंचायत में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु घर-घर कचरा उठाव व समुचित निपटान हेतु ई-रिक्सा, पैडल रिक्सा स्वच्छता कर्मी को हरी झंडी दिखा कर शुभारम्भ किया, तथा हढव का उद्घघाटन किया गया। साथ ही यहाँ उपस्थित स्वच्छता कर्मी, स्वच्छता पर्यवेक्षक, जनप्रतिनिधियों को अपने पंचायत के सभी गाँवों को ODF Plus Modal Village बनाने हेतु सभी कार्यों को पूर्ण कराते हुए घोषित करने के लिए निदेशित किया गया।

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के सौजन्य से निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा

ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल

जिला अंतर्गत मरौना प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरौना के परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के पास रामचंद्र यादव के नेतृत्व में निशुल्क बीपी ,शुगर, अन्य तरह की बीमारियों की जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीके यादव ,डॉ नूर आलम,डॉ विश्वनाथ ठाकुर, डॉ वीके पासवान, के द्वारा मरीजों को शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी साथ ही जनऔषधि दवा दुकान पर मिलने वाली सस्ती दवा के बारे में जानकारी दी जाएगी। जो प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के द्वारा विशेष छूट पर उपलब्ध है वही केंद्र के संचालक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि बाजार की दर से दवाओं की दर कम में जेनेरिक दवा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पर आम लोगों को सुविधा पूर्वक मुहैया कराई जाती है ।इसलिए सरकार ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पर सभी दवाएं विशेष छूट पर उपलब्ध कराई है। साथ ही महिलाओं के लिए सेनेटरी नैपकिन मात्र ₹1 में प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पर उपलब्ध कराई जाती है ।इस केंद्र के खुल जाने से मरौना प्रखंड अंतर्गत कोसी तटबंध के लोग भी इससे काफी लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के उत्तरी बिहार के मैनेजर कुमार पाठक के मार्गदर्शन में सभी जन औषधि केंद्र पर निशुल्क जांच शिविर व अन्य कार्यक्रम 1 मार्च से 7 मार्च तक आयोजित की जा रही है। मैसेज आम लोगों को जन औषधि केंद्र के बारे में विशेष जानकारी हो रही है ।2 मार्च2023को जनऔषधि प्रतिज्ञा यात्रा 3 मार्च 2023 शुक्रवार जनऔषधि एक कदम मातृत्व शक्ति की ओर 4 मार्च जनऔषधि बालमित्र 5 मार्च को जन आरोग्य मिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 6 मार्च को आओ जन औषधि मित्र बने 7 मार्च को जन औषधि दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

द लोकल गार्जियन परिसर में रंगोत्सव कार्यक्रम का होगा आयोजन

मो0 नजीर/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल

जिले में नवोदयन होली मिलन समारोह 5 मार्च 2023 को सुपौल में मनाया जाएगा । रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन द लोकल गार्जियन परिसर, चकला निर्मली, वार्ड नंबर 7, चैती दुर्गा मंदिर के पास अपराहन 2:00 बजे से किया जाएगा। इस रंगोत्सव कार्यक्रम में सुपौल एवं उसके आसपास रहने वाले सभी भाई ,बहन अपने नवोदयन परिवार के साथ स्नेह के रंगों में रंगने एवं मस्ती के लिए सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम संयोजक श्री गुणसागर साहू द्वारा इस रंगोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी से अनुरोध किया गया साथ ही सामाजिक एकता का संदेश देने के लिए सभी को एकजुट होने को कहा गया। जिस प्रकार से अनेक रंग मिलकर एक नया रंग बनाते है, उसी प्रकार प्यार के रंगों से सजा यह पर्व हम सभी को जाति और संप्रदाय के बंधनों से मुक्त होकर सामाजिक एकता और सद्भावना को कायम रखने का संदेश देती है ।इस रंगोत्सव में हम सभी अपने पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाते हैं तथा खुशियों एवं आनंद के पलों में मग्न हो जाते हैं। रंगों का यह त्यौहार हम सभी को सामाजिक एकता सद्भावना प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है। अतः आप सभी गणमान्य से निवेदन है कि इस स्नेह होली मिलन समारोह में भाग लेकर नवोदयन परिवार के संग गायन, वादन एवं नृत्य के साथ रंगोत्सव मनाएं साथ ही अपने प्रेम एवं भाईचारा के भावना को और भी प्रबल एवं प्रगाढ़ बनाएं। वही नवोदय एलुमनि सह अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार के द्वारा सभी एलुमनि को इस कार्यक्रम में भाग लेने एवं हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव मनाने का अनुरोध किया गया, जिससे हम सभी का नवोदयन प्रेम और भाईचारा के भावना में और मजबूती आए। होली मिलन समारोह को लेकर नवोदय कोचिंग परिसर में की गई बैठक में मुख्य रूप से नवोदय एलुमनि डॉ अरविंद कुमार, अमित ज्योति, प्रमोद प्रवीण, शशांक राज, सुजीत पाठक, अंबु आनंद, शंभू कुमार, गुणसागर साहू, मो.नसीम, मो. हाशिम, मो. साहिन,सुबेश राज, गुड्डू कुमार, अभिषेक कुमार आदि कई नवोदय एलुमनि उपस्थित रहे।

पुलिस द्वारा शराब के नशे में नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रीना कुमारी/दैनिक सुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल

जिले के निर्मली थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के दिघीया चौक से शराब के नशे में व 2 बोतल नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के दिघिया चौक से गस्ती पुलिस ने दिघिया गांव निवासी राजू मुखिया को दो बोतल नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जहां मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मधनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस द्वारा मारपीट के फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रीना कुमारी/दैनिक सुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल

जिले में निर्मली थाना पुलिस ने मारपीट के फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के महुआ वार्ड नंबर 3 निवासी छेदी लाल यादव आवास से गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जो मारपीट के नामजद अभियुक्त था, जो लगातार फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस द्वारा कांड दर्ज करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

अनुमंडलीय विधिज्ञ संघ का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न

रीना कुमारी/दैनिक सुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल

जिले में निर्मली अनुमंडलीय विधिज्ञ संघ का चुनाव व मतगणना गुरुवार को अनुमंडलीय विधिज्ञ संघ भवन में गुरुवार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मतो की गिनती पश्चात सतनारायण मंडल अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को 5 मतों के अंतर से पराजित किया। महासचिव पद पर वीरेंद्र कुमार विमल, कोषाध्यक्ष पद पर विजय कुमार साहू, अकेक्षक पद पर रामप्रवेश मंडल, उपाध्यक्ष पद पर गुलाब चंद्र यादव, रामावतार साह , नंदकिशोर प्रसाद, निर्वाचित घोषित किए गए। महासचिव पद पर विजय उम्मीदवार वीरेंद्र कुमार विमल को 15 एवं प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार भोला प्रसाद यादव को 13 मत वह ललित नारायण को 7 मत प्राप्त हुए। अंकेक्षक पद पर रामप्रवेश मंडल को 24 तथा प्रतिद्वंदी विकास कुमार को 11 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर विजय कुमार साहू को 19 मत तथा प्रतिद्वंदी उम्मीदवार रामविलास राय को 15 मत प्राप्त हुए। अंकेक्षक तथा कोषाध्यक्ष पद पर एक मत रद्द पाया गया । निर्वाचित अधिवक्ता उम्मीदवारों को संघ अधिवक्ताओं ने रंग गुलाल एवं माला पहना कर सम्मानित किया। वही निवार्ची पदाधिकारी के द्वारा विजय उम्मीदवार को प्रमाण पत्र दिया गया । नव निर्वाचित विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष को संघ के वरीय अधिवक्ता नरेंद्र महासेठ , सूर्य नारायण कामत , आमोद कुमार सिंह, नंदकिशोर प्रसाद , रौशन कुमार गुप्ता , बिरेन्द्र कुमार बिमल , राजदेव मंडल , ललित नारायण , प्रदीप कुमार भारती आदि ने बधाई दी है ।

थाना परिसर में सब ए बारात एवं होली पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल

जिले में किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में गुरुवार को शब ए बारात एवं होली पर्व को लेकर शांति समिति का बैठक थाना अध्यक्ष महबूब आलम के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवियों ने अपने-अपने बात रखी। बैठक में उपस्थित थाना अध्यक्ष ने कहा कि होली पर्व रंगों का त्योहार है जिसमें हम लोग एक दूसरे को रंग देकर होली का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। इस बार भी होली पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाना है। वही रंगो के त्योहार में जो लोग स्वेच्छा से रंग ले उन्हीं को रंग देना है। जो लोग स्वेच्छा से रंग नहीं लेते हैं उन लोगों को जोर जबरदस्ती रंग नहीं देना चाहिए। जिससे विवाद बढ़ता है उन्होंने कहा कि होली पर्व के दौरान डीजे और विभिन्न प्रकार के ऊंचे आवाज के लोड़ स्पीकर पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। अगर जब कोई डीजे साउंड बजाता है तो उनके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने लोगों को किसी भी प्रकार के हुड़दंग करने वाले व्यक्ति के बारे में तुरंत सूचना देने का आग्रह किया। इस दौरान बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि किशनपुर में पूर्व से ही चाहे हिंदुओं का पर्व हो या मुस्लिम का पर्व हम लोग एक होकर एक दूसरे का सहयोग करते आए हैं और आज तक किशनपुर प्रखंड में किसी भी पर्व में किसी भी प्रकार का कोई अप्रिय घटना नहीं घटा है। और ना ही आगे घटेगा हम सब लोग एक होकर पर्व मनाएंगे। बैठक में जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सगीर आलम, पूर्व मुखिया मोहम्मद नईम उद्दीन, बालकष्ण प्रसाद, बद्री मंडल, दशरथ शाह, बिजली सिंह यादव, मोहम्मद जब्बार, ब्रह्मदेव यादव, राजेंद्र शर्मा, रमेश ठाकुर, मोहम्मद हसनैन नोमानी, विजय कुमार पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार की उल्टी गिनती शुरू, एनडीए प्रत्याशी के जीत पर बोली भाजपा

दैनिक शुभ भास्कर मुरारी मंडल देवघर प्रखंड संवाददाता

एनडीए के प्रत्याशी के प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकताओं ने बधाई दी है। देवघर जिला के कार्यकर्ता ने रामगढ़ उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के प्रचंड जीत पर बधाई दी है। राज्य की सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है, राज्य की जनता परेशान है,राज्य सरकार ने युवाओं को ठगने का काम किया है। राज्य सरकार का वायदा हर 1 साल 5 लाख नौकरी युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का हवाई साबित हुआ है। इन 3 सालों में कुछ भी नहीं हुआ राज्य सरकार ने गांव गरीब किसान आदिवासी सभी को ठगने का काम किया है। राज्य में चारों और खनिज संपदा की लूट, कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। इन सभी चीजों से राज्य की जनता त्रस्त थी जिसका परिणाम जनता ने आज रामगढ़ उपचुनाव में दिखा दिया। साथ ही त्रिपुरा नागालैंड में भाजपा की जीत पर भाजपा देवघर जिला पदाधिकारी ने केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश की जनता का विश्वास बढा है ।जिस तरह भारत विश्व को नेतृत्व प्रदान करने के लिए अग्रसर है। देश की जनता ने उनके विश्वास और काम पर मुहर लगाया है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास की जीत है। रामगढ़ की जनता ने भारी मतों से ठऊअ के पक्ष में मतदान कर झारखंड सरकार को दरकिनार कर दिया है इस जीत से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष सह विधायक नारायण दास, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रीता चौरसिया, संजीव जजवाडे, दिवाकर गुप्ता, विशाखा सिंह, जिला महामंत्री अधीर चंद्र भैया, पंकज सिंह भदोरिया, जिला उपाध्यक्ष राकेश नरौने, सुग्गा प्रज्ञा झा, सचिन सुल्तानिया,दिलीप सिंह,रुपा केसरी, जुनियर बाबूलाल मरांडी, विनय चंद्रवंशी, विजया सिंह,अतुल सिंह आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

रामगढ़ में हो गया खेला, हाथ को साफ कर लोगों ने चुन लिया केला

दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता

रामगढ़। 27 फरवरी को हुए रामगढ़ उपचुनाव के लिए कुल 67.96 प्रतिशत मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इस उपचुनाव में 18 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। मुख्य मुकाबला यूपीए समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो और एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के बीच था। एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को इस उपचुनाव में 115243 मत प्राप्त हुए वहीं यूपीए गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो को 93599 मत प्राप्त हुए। इस तरह से बजरंग माता सुनीता चौधरी में 21644 मतों से विजय घोषित हुई। जीत के बाद सुनीता चौधरी ने कहा की रामगढ़ विधानसभा में जो भी विकास का अधूरा काम पूरा नहीं हुआ है उससे मैं पूरा करूंगी औरे रामगढ़ विधानसभा में विकास का गंगा बहा दूंगी। हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा ने कहा रामगढ़ में हो गया खेला, हाथ को साफ कर लोगों ने चुन लिया केला रामगढ़ की जनता ने भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी झारखंड विरोधी सरकार को दिखाया आईना,मिशन-2024 का शानदार आगाज रामगढ़ उपचुनाव तो झांकी है, 2024 अभी बाकी है। रामगढ़ उपचुनाव में कुल 228152 मतदाताओं, जिनमें 115931 पुरुष एवं 112221 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। वहीं मतदान का प्रतिशत कुल 67.96% रहा। मतदान के दौरान कुल 83.72% दिव्यांग मतदाताओं एवं 66.26% 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों ने मतदान किया।

मृतक के परिजनों से मिले सीएस फाउंडेशन के संस्थापक चंदन सिंह, हर संभव मदद का दिया आस्वासन

चकाई संवाददाता रोहित कुमार

चकाई:सीएस फाउंडेशन के संस्थापक चंदन सिंह ने गुरुवार को मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे चकाई प्रखंड अंतर्गत नौवाडीह पंचायत के कोठा गांव.बताते चलें कि कुछ दिनों पूर्व करही पिपरा मुख्य मार्ग के कोठा काली मंदिर के समीप कोठा निवासी हरि पासवान के पुत्र अशोक पासवान की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी.इस घटना से उसके परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. वही इसकी सूचना सीएस फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा फाउंडेशन के संस्थापक चंदन सिंह को दी गई. सूचना मिलते ही श्री सिंह ने अपने सदस्यों के साथ गुरुवार को मृतक के घर नौवाडीह पंचायत के कोठा गांव पहुँचे और पीड़ित परिवारों से मिलकर ढाढस बंधाया हर संभव मदद का आस्वासन दिया।साथ ही उन्होंने कहा कि राशन सामग्री एवं मूलभूत जरूरतें सीएस फाउंडेशन के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।और उन्होंने दूरभाष पर चकाई बीडीओ दुर्गा शंकर से बात कर सरकारी मुआवजे दिलवाने की मांग की.इस मौके पर सीएस फाउंडेशन के टीम एवं दर्जनों की संख्या में कोठा ग्रामवासी मौजूद थे।

पटना के फुलवारीशरीफ से अगवा सूरज की मिली लाश, इलाके में फैली सनसनी

स्वेता कुमारी/रविशंकर मिश्रा

पटनाः राजधानी पटना के के फूलवारीशरीफ से खबर आ रही है, जहां के कुरकुरी में चितकोहरा के रहनेवाले अपहृत सूरज का शव मिलने से सनसनी फैल गया. सूरज की गला दबाकर हत्या करने के बाद उसके शव को स्कूटी के साथ कुरकुरी तालाब के पास जंगल में छिपा दिया था.युवक पिछले 24 तारीख से लापता था. मृतक सूरज के पिता के मुताबिक वह घर से किसी महिला का फोन आने के बाद शराब पीने के लिए कुरकुरी के लिए निकला था. जिसके बाद से ही वह लापता था. काफी खोज करने बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला तो फूलवारी शरीफ थाना में परिजन ने इसको लेकर मामला दर्ज कराया था.जिसके बाद पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई मामले में आरोपी महिला रेखा देवी को पकड़ा गया. उसके निशानदेही पर एक युवक को भी पकड़ा गया फिर युवक ने पुलिस के जांच पड़ताल में सारे राज उगलाना शुरू कर दिया. तब पुलिस ने उसके बताए गए जगह कुरकुरी तालाब का जलकुंभी पलटना शुरू किया तो उसके नीचे शव स्कूटी से दबा था. शव मिलने की बात परिजनों को पुलिस ने बताया तो वहां लोगों का हुजूम जुट गया. पुलिस ने आरोपी युवक महिला के निशानदेही पर शव को तालाब से निकाला पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. युवक पिछले 6 दिन से लापता था. पुलिस ने इस मामले में दो आरोपी को पकड़ा है आगे की कार्रवाई जारी है. परिजनों की मानें तो मृतक युवक सब्जी बेचने का काम करता था रोज कुरकुरी रेखा देवी के पास शराब पीने की नियत से जाता था परिजनों को पहले से यह शक भी था कि उसने ही हत्या की है. इस मामले को लेकर गर्दनीबाग थानाक्षेत्र के चितकोहरा में परिजनों ने गुरुवार सुबह आगजनी कर सड़क जाम भी किया था, जो शव मिलने की सूचना के बाद समाप्त हुआ.

इंजीनियर मासूम रजा की अम्मी की तबीयत खराब की खबर सुनते ही ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र पूर्व विधायक प्रत्याशी शाहनवाज उर्फ कल्लू ने पहुंचकर की मुलाकात

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत बेसरबाटी पंचायत के जालमीलीक गांव के इंजीनियर मासूम रजा की मम्मी की तबीयत बीते कुछ दिनों से खराब है बताते चलें की टीम मौके पर खबर सुनते ही ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी शाहनवाज उर्फ कल्लू ने पहुंचकर हालचाल जाना इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे वार्ड सदस्य मोहम्मद जब्बीर हुसैन पूर्व मुखिया प्रत्याशी आजाद हुसैन के इलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे

माटीखुड़ा गांव के लोगों ने सड़क नल जल योजना इंदिरा आवास को लेकर विरोध प्रदर्शन मुखिया प्रतिनिधि नजरुल हक ने सभी लोगों को दी अश्वासन

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जिरनगच्छ पंचायत के वार्ड नंबर 4 के तहत माटीखुड़ा आदिवासी टोला के लोगों ने नूरी चौक माटीखुड़ा सड़क व इंदिरा आवास नल जल योजना का मांग को लेकर घंटो तक आदिवासियों ने किया चक्काजाम वही सभी आदिवासियों ने मिलकर बिहार सरकार और पंचायत के मुखिया के विरोध जमकर किया नारेबाजी इसी दरमियान स्थानीय आदिवासीयों ने बताया कि ना ही हम लोगों को सड़क मिला और ना नल जल योजना मिला और नाही इंदिरा आवास तक मिला आखिर हम लोगों के साथ हमारे पंचायत के हर मुखिया अन्याय क्यों कर रहे हैं जितना भी मुखिया आया और सभी ने सिर्फ और सिर्फ आश्वासन दिखाकर वोट लेने का काम किया वही मामला की खबर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नजरुल हक मौके पर पहुंचकर सभी लोगों को समझा-बुझाकर धरना को कराया खत्म वही लोगों ने मुखिया से नल जल योजना इंदिरा आवास सड़क का किया मांग मुखिया प्रतिनिधि नजरुल हक ने सभी लोगों को 2 टाइम दिया उन्होंने बताया कि मुझे पूर्ण विश्वास है की सड़क से लेकर इंदिरा आवास एवं नल जल योजना तक अप्रैल से लेकर मई महीना तक तीनों कार्य को पूरा करने का मेरा पूरा कोशिश रहेगा और सभी लोगों का मांग को मैं जरूर पूरा करूंगा मुझे उम्मीद है जनता के हर बाधाओं को पूरा करने का कोशिश करूंगा

पुनपुन गोलीकांड का सहायक पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

रविशंकर मिश्रा/स्वेता कुमारी

पटना । मसौढ़ी के पुनपुन गोलीकांड का सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने खुलासा कर दिया है।इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने अपना अपना गुनाह कबूल कर लिया है। जिसकी जानकारी सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने पत्रकारों को प्रेस कांफ्रेंस कर दी।आपको बता दें कि पिछले दिनों पुनपुन थानांतर्गत गंज जलालपुर के रहने वाले रिटायर्ड ओएनजीसी इंजीनियर प्रमोद सिंह,पिता सुखदेव सिंह को उनके सौतेले भतीजे रजनीश कुमार ने अपने सहयोगी पिंटू कुमार के साथ मिलकर गोली मारकर जख्मी कर दिया था।इस कांड को लेकर पुनपुन थाने में इन दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था।कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक,पटना के निर्देशन पर पुनपुन थानाध्यक्ष के नेतृत्व में सशत्र बल को सम्मिलित करते हुए छापेमारी कर दोनों आरोपियों को पुलिस ने एक देशी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है।फिलहाल इन दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

भाकपा माले का पलटवार किया बीजेपी गाली के बदले गाली आरती नही

रविशंकर मिश्रा/स्वेता कुमारी

बिहार विधानसभा सत्र के आज चौथे दिन भी हंगामे का आसार रहा बता दें कि माले के विधायक महबूब आलम ने बीजेपी पर हमलावर करते हुए कहा था कि ये लोग गोडसे की औलाद है सावरकर की औलाद है वहीं बीजेपी के विधायक हरि भूषण ठाकुर ने माले पर पलटवार करते हुए कहा कि ई लोग देशद्रोही है बाबर की औलाद है इनको देश से बाहर की जाना चाहिए अगर हमें कोई गाली देगा तो उसको हम आरती नहीं दिखाएंगे उसको भी हम गाली देंगे यह हमारे संविधान में है।

पटना में गहने की दुकान से 15 लाख के जेवर उड़ा ले गये ठग, देखता रह गया दुकानदार

स्वेता कुमारी पटना : राजधानी पटना में ग्राहक बनकर ज्वेलर्स की दुकान में घुसे बदमाशों ने करीब 15 लाख के गहने चुराकर फरार हो गये. दो बदमाश स्कूटी पर सवार होकर दुकान में पहुंचे थे और दुकानदार को चकमा देकर गहने चुरा लिये.घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है. घटना जक्कनपुर थाना क्षेत्र के मीठापुर की है. बदमाशों ने 12 बजे घटना को अंजाम दिया है जिसके बाद ज्वेलरी शॉप के मालिक शिशिर कुमार ने जक्कनपुर थाना में आवेदन दिया. उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि हर दिन की तरह गुरुवार को भी शुभ लक्ष्मी ज्वेलर्स एंड ब्रदर्स दुकान में सभी लोग अपने काम में लगे हुए थे. इसी बीच दो व्यक्ति ग्राहक बनकर आए और उन्होंने चांदी का एक 10 ग्राम का सिक्का खरीदा. इसके बाद सोने का टॉप्स दिखाने के लिए कहा. इसी क्रम में वह बात में फंस गये थे और दोनों बदमाशों ने सोने के सामान का एक डिब्बा चुरा लिया. उन्होंने कहा कि डिब्बे में सोने की चेन करीब 150 ग्राम, सोने की अंगूठी करीब 80 ग्राम और कान के टॉप्स थे जिसका वजन 40 ग्राम के करीब था. दुकानदार ने कहा कि वह सामान रखने के लिए तिजोरी की तरफ जैसे ही मुड़े, दोनों बदमाश सामान लेकर दुकान से भाग गये. इसके पहले कि वो कुछ कर पाते बदमाश वहां से फरार हो चुके थे. दुकानदार ने बताया कि अपने आवेदन में बताया कि करीब 15 लाख रुपये के गहने दुकान से गायब हुए हैं. इसके बाद पीड़ित दुकानदार शिशिर कुमार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. शिशिर कुमार ने अपने आवेदन में दो लोगों के हुलिए का भी जिक्र किया है. कहा कि एक व्यक्ति की उम्र 40 से 45 के बीच होगी जबकि दूसरे की उम्र 35 से 40 के बीच होगी. उसमें से पहले वाले ने आसमानी कलर की शर्ट और ब्लैक कलर का पैंट पहना था जबकि दूसरे ने वाइट कलर की शर्ट और ब्लैक कलर की जींस पहना था. जिस स्कूटी से दोनों भागे वह डार्क ब्लू कलर की थी. मौके पर पहुंची पुलिस मामले के छानबीन में जुट गयी है. अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है. सीसीटीवी में साफ देखा जा रहा कि दो लोग एक एक कर दुकान से निकलते हैं और स्कूटी पर बैठकर फरार हो जाते हैं.

डी आर डी ए सभागार में संपन्न हुई एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

अररिया। बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी एवं बाल संरक्षण से जुड़े हितधारकों का पोक्सो एकट 2012, किशोर न्याप (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं बिहार किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण) नियमावली 2017 से सम्बंधित विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डी आर डी ए सभागार समाहरणालय अररिया में किया गया। जिसकी अध्यक्ष उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर एसडीपीओ सह जिला नोडल पुलिस पदाधिकारी अररिया पुष्कर कुमार , कार्यपालक पदाधिकारी अररिया सोनी कुमारी के द्वारा किया गया। । उक्त प्रशिक्षण का संचालन संजय कुमार अध्यक्ष जागरण कल्याण भारती फारबिसगंज ने किया। कार्यशाला में अररिया जिला के सभी थाने के बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी , बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, किशोर न्याय परिषद के सदस्या के साथ- साथ, मो मुखतार आलम , सोनु कुमार जागरण कल्याण भारती , साकेत श्रीवास्तव, सुजीत ठाकुर तटवासी समाज न्यास अररिया गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधि के अतिरिक्त , जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी एवं सभी कभी उपस्थित थे। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में समाज कल्याण विभाग ,पटना के प्रशिक्षण श्री शाहीद जावेद एवं सैफुर रहमान द्वारा बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम, एवं बच्चों से सम्बंधित सभी संरक्षण हेतु विन्दुबार प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। जागरण कल्याण भारती एवं कैलाश सत्याथी चाइल्ड फांउडेशन के द्वारा अररिया जिला बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी का थाना एवं मोबाइल नंबर जारी किया गया। कार्यशाला को सफल बनाने में नीतेश कुमार पाठक ,शिव शंकर ,राज किशोर की अहम भूमिका रही।

थाना परिसर में सब ए बारात एवं होली पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल

जिले में किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में गुरुवार को शब ए बारात एवं होली पर्व को लेकर शांति समिति का बैठक थाना अध्यक्ष महबूब आलम के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवियों ने अपने-अपने बात रखी। बैठक में उपस्थित थाना अध्यक्ष ने कहा कि होली पर्व रंगों का त्योहार है जिसमें हम लोग एक दूसरे को रंग देकर होली का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। इस बार भी होली पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाना है। वही रंगो के त्योहार में जो लोग स्वेच्छा से रंग ले उन्हीं को रंग देना है। जो लोग स्वेच्छा से रंग नहीं लेते हैं उन लोगों को जोर जबरदस्ती रंग नहीं देना चाहिए। जिससे विवाद बढ़ता है उन्होंने कहा कि होली पर्व के दौरान डीजे और विभिन्न प्रकार के ऊंचे आवाज के लोड़ स्पीकर पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। अगर जब कोई डीजे साउंड बजाता है तो उनके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने लोगों को किसी भी प्रकार के हुड़दंग करने वाले व्यक्ति के बारे में तुरंत सूचना देने का आग्रह किया। इस दौरान बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि किशनपुर में पूर्व से ही चाहे हिंदुओं का पर्व हो या मुस्लिम का पर्व हम लोग एक होकर एक दूसरे का सहयोग करते आए हैं और आज तक किशनपुर प्रखंड में किसी भी पर्व में किसी भी प्रकार का कोई अप्रिय घटना नहीं घटा है। और ना ही आगे घटेगा हम सब लोग एक होकर पर्व मनाएंगे। बैठक में जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सगीर आलम, पूर्व मुखिया मोहम्मद नईम उद्दीन, बालकष्ण प्रसाद, बद्री मंडल, दशरथ शाह, बिजली सिंह यादव, मोहम्मद जब्बार, ब्रह्मदेव यादव, राजेंद्र शर्मा, रमेश ठाकुर, मोहम्मद हसनैन नोमानी, विजय कुमार पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

बिहार बजट सभी वर्गों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने वाला : ई. रूबी परवीन

पलासी। बिहार विधानसभा में पेश किया गया बजट आम लोगों बेरोजगार युवाओं, छात्रों, महिलाओं को ध्यान में रखकर पेश किया गया है, इस बजट से हर वर्गों को न्याय के साथ विकास की रफ्तार मिलेगी बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ये बातें जिला राजद महिला अररिया की प्रवक्ता सह चहटपुर पंचायत की मुखिया ई. रूबी शोएब उर्फ रूबी परवीन ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवम उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी ने युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, इसे भी इस बजट में शामिल किया गया है सभी विभागों में 63900 पदों का सृजन कर दिया गया है। किसान, मध्यमवर्गीय और सरकारी कर्मचारियों के लिए भी बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। मुखिया ई रूबी ने कहा कि न्याय के साथ विकास की यात्रा को और तेजी से बढ़ाने को लेकर सरकार लगातार कार्य कर रही है। राज्य में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग आदि क्षेत्र में खूब कार्य किए जा रहे हैं, जिसका सुखद परिणाम है कि बिहार के सकल घरेलू उत्पाद में राष्ट्रीय औसत से भी अधिक वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि विगत चुनाव में हर खेत में पानी के वादों को मूर्त रूप देने का काम किया जा रहा है, राज्य की कई योजनाओं का अनुसरण देश की सरकार कर रही है। हर घर नल का जल योजना 2016 में बिहार में चालू हुई जबकि केन्द्र सरकार ने इसे 2019 से प्रारंभ की। वैसी ही जीविका का आरंभ बिहार में 2007 में हुई,जबकि केन्द्र सरकार ने उसका नाम परिवर्तन कर आजीविका का नाम देकर 2011 में प्रारंभ की हर घर बिजली नवंबर 2016 को बिहार में प्रारंभ हुई, जबकि 2017 में केंद्र सरकार ने इसे लागू किया है। जलवायु परिवर्तन को रोकने के पहल कर रही है। बिहार सरकार ने जल जीवन हरियाली योजना की शुरूआत की, जिसकी प्रशंसा संयुक्त राष्ट्र संघ ने करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने को लेकर बिहार सरकार सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की ओर से पेश किया गया वित्तीय वर्ष 2023- 24 का बजट सभी वर्गों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। रूबी ने कहा कि रोजगार सृजन पर सरकार ने बजट में स्थिति साफ कर दी है। विभिन्न पदों और सेवाओं के लिए लोक सेवा आयोग को 50 हजार, कर्मचारी चयन आयोग को 2900, बिहार तकनीकी सेवा आयोग को करीब 12 हजार, यानी कुल 63900 पदों पर भर्ती के लिए सूचना भेजी जा चुकी है। बिहार पुलिस में 75,543 पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है। प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में 90,762 विज्ञापित पदों के लिए शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।

मध्य विद्यालय सुरीगांव बायसी के वर्ग 6, 7 एवम 8 के बच्चों ने किया खजाने का नक्शा नाटक का प्रस्तुतीकरण

बायसी। जेंडर स्टेरियोटाईप की अवधारणा एवं इस रूढिवादी समाजिक व्यवस्था को तोड़ कर समाजिक एवं लैंगिक समानता के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करने पर आधारित नाटक का प्रस्तुतीकरण मध्य विद्यालय सुरीगांव बायसी के वर्ग 6, 7एवम 8 के बच्चों ने अपने वर्ग कक्ष में किया। "खजाने का नक्शा " नामक इस नाटक में कलाकार की भूमिका काहेरून, नंदनी, कृष्णा और सिफत ने निभाई।संचालन सह निर्देशन विधालय की प्रखंड शिक्षिका मनु कुमारी कर रही थी। स्कूली बच्चों ने अपने सहपाठी का हौसला अफजाई बीच बीच में तालियां बजाकर कर रहे थे।

नारी : कल, आज और कल विषयक राष्ट्रीय वेबिनार चार मार्च को

मधेपुरा। भारतीय महिला दार्शनिक परिषद् के तत्वावधान में 4 मार्च (शनिवार) को नारी : कल, आज और कल विषयक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया है। इसमें ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा भी सह आयोजक की भूमिका निभाएगा। यह जानकारी महाविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन आगामी अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस- 2023 को ध्यान में रखकर किया गया है। इसकी अध्यक्षता भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष एवं दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना (बिहार) के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रमेशचन्द्र सिन्हा करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा (झारखंड) के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) शुक्ला सिंह मोहन्थी और विशिष्ट अतिथि के रूप में परिषद् की संस्थापक संरक्षक एवं दर्शनशास्त्र विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (राजस्थान) की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) छाया राय शामिल होंगे। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य भारतीय महिला दार्शनिक परिषद् की अध्यक्षा एवं दर्शनशास्त्र विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची (झारखंड) की सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. (डॉ.) राजकुमारी सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन परिषद् की उपाध्यक्ष एवं दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना के पूर्व विभागाध्यक्ष . (डॉ.) पूनम सिंह करेंगी। विषय प्रवेश की जिम्मेदारी परिषद् की उपाध्यक्ष एवं दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में प्रोफेसर प्रो. (डॉ.) ज्योत्सना श्रीवास्तव निभाएंगी। प्रश्नोत्तर सत्र एवं दो युवाओं की प्रतिक्रिया इसका मुख्य आकर्षण होगा।

लिट्टीपाड़ा प्रखंड सभागार में आईआरएस छिड़काव को लेकर प्रधानों के साथ एक बैठक आहूत की गई

शुभ भास्कर रिपोर्ट प्रशांत मंडल

पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड सभागार में मांझी परगना लहंती वैसी की अंचल स्तरीय मासिक बैठक गुरुवार को प्रखंड के सभागार भवन में परगनेत छुतार किस्कु की अध्यक्षता में आहूत किया गया।बैठक में लगान रशीद को सभी प्रधान को उपलब्ध कराने, एसपीटी एक्ट को शक्ति से लागू हो इसको लेकर चर्चा किया गया. साथ ही अनावादी खतियान में पुराना पतित में ग्रामीण रैयतों को ग्राम प्रधान द्वारा बंदोबस्ती जो रोक लगाए गए है उसे पुनः चालू करने पर चर्चा किया गया. बैठक में परगनेत छुतार किस्कु ने ग्रामीण क्षेत्र के जिस जिस बंगला में परगनेत का पद खाली है वहां प्रशासनिक व्यस्था को सुदृह करने हेतु परगनेत की नियुक्ति कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया. वही बैठक में 45 दिन तक चलने वाली आईआरएस छिड़काव के तिथि की जानकारी उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों को स्वास्थ कर्मी नरेश कुमार साहा के द्वारा दिया गया. मौके पर परगनेत मसी मरांडी, सनत सोरेन सहित सभी गांव के ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

खेलो इंडिया साइकिलिंग वुमन लीग 3 में पाकुड़ की मिनी हेंब्रम ने जीता रजत पदक

शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़/भारतीय खेल प्राधिकरण व भारत सरकार के खेल मंत्रालय खेल विभाग एवं युवा मामले के द्वारा तथा साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की देखरेख में आयोजित खेलो इंडिया के तहत गिरिडीह जिले के मधुबन में आयोजित दो दिवसीय खेलो इंडिया विमेन साइकिलिंग लीग 3 मैं पाकुड़ जिले की मिनी हेंब्रम ने सब जूनियर बालिका वर्ग में मांस स्टार्ट स्पर्धा में 20 की.मी की दूरी 41:09 समय में पूरी कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया है तथा वही ट्रायल स्पर्धा में 15 किलोमीटर की दूरी 29 मिनट 24 सेकंड में पूरी कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया ।गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रयास लकड़ा ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर मिनी का सम्मान किया है। उक्त पदक हासिल कर झारखंड एवं जिले का नाम रोशन करने पर झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक ,झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक, पाकुड़ जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार ,पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष व झारखंड साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी , पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के सचिव रणवीर सिंह, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धेन्दू शेखर गांगुली,जिला एथलेटिक्स संघ, वरीय उपाध्यक्ष कुंदन कुमार, उपाध्यक्ष जयदेव कुमार मंडल ,सुजीत विद्यार्थी , एथलेटिक्स कोच राजेश कोल,एम.डी फरीद, पंकज अग्रवाल, नारायण चंद्र रॉय, जिला साइकिलिंग संघ कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा, प्रशिक्षक राजेश कोल,भैरव चुंडा मुर्मू,कृष्णा कुमार,एम.डी शकील हक, राजा मुर्मू ,प्रवीण कुमार, दीपक सिंह, तथा खेल संघ व राज्य के विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारियों एवम खेल प्रेमियों ने मिनी को बधाई दी ।उक्त जानकारी रणवीर सिंह सचिव पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ ने दी।

जागरूकता से ही टी. वी. को हराया जा सकता है

शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़ जिला में प्रधानमंत्री टी. वी. मुक्त अभियान के तहत 24 फरवरी से 24 मार्च तक जागरूकता अभियान का आयोजन होना है। जिसके तहत पॉलिटेक्निक कॉलेज पाकुड़ मे जिला यक्ष्मा विभाग पाकुड़ एवं पिरामल स्वास्थ के संयुक्त प्रयास से विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षको के बिच टी. वी. बीमारी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दोरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी पाकुड़ डॉ अहतेशामुद्दीन ने टी. वी. विमारी के लक्षण,जाँच, लिए एवं उपचार की जनकारी दी। उन्होंने बताया की टी. वी. बीमारी माइक्रोबेकटेरियम ट्यूबर क्लोसिस बेक्टेरिया से होता है जो मुख्यतः फेफड़े को संक्रमित करती है यह मानव शरीर के अन्य हिस्सों पर भी हो सकती है।टी. वी. विमारी को आपसी सहभागिता से ही समाज से समाप्त की जा सकती है. साथ ही सभी सामु. स्वा. केंद्र के साथ साथ सदर अस्पताल मे टी. वी. के इलाज हेतू सभी सुविधाये उपलब्ध है साथ ही सरकार द्वारा सभी टी. वी. मरीजों को 500 रुपए 6 माह तक पोस्टिक आहार के सेवन हेतु दी जाती है। साथ ही उन्होंने बताया की दो सप्ताह से या उससे अधिक दिनों से खाँसी आने , वजन कम होने, बुखार आना, रात मे सोने समय अत्यधिक पसीना आना, अत्यधिक थकान होने पर नजदीकी स्वास्थ केंद्र जाकर बलगम की जाँच जरूर कराना जरुरी है। साथ ही महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ,साथ ही ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता हेतू ऑनलाइन लिंक दिया गया जिसमे सभी विद्यार्थी को शामिल होना है.इस जागरूकता कार्यक्रम मे जिला यक्ष्मा केंद्र पाकुड़ के सभी अधिकारी और पिरामल स्वास्थ के अधिकारी मौजूद थे।

विभिन्न पंचायत भवनों में मनाया गया रोजगार दिवस

दैनिक शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार

पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवनों में रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया सभी पंचायतों में मुखिया की देखरेख में आयोजन संपन्न किया गया । इस दौरान पाकुड़िया सहित मोंगलाबाँध , बीचपहाड़ी, बनियापसार, बसंतपुर , डोमनगडिया , बननोग्राम , लागडुम , गनपुरा सहित अन्य पंचायतों में ग्रामीणों की मौजूदगी में रोजगार दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार एवं अंचलाधिकारी किरण डांग ने कई पंचायत कार्यालयों में पहुँच कर लोगो की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर मनरेगा का नया जॉबकार्ड का पंजीकरण ,रोजगार का आवंटन,समाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, आवास निर्माण योजना सहित अन्य से संबंधित समस्याओं को सुना, साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार ने पंचायत सचिव को इन सभी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया।

पाकुड़िया पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

दैनिक शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार

पाकुड़िया पाकुड़ पुलिस अधीक्षक पाकुड़ हरदीप पी जनार्दन के निदेर्शानुसार गुरुवार को सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। थाना क्षेत्र के दुगार्पुर , राधानगर, झरना मोड़, पाकुड़िया बाजार एवं रामघाटी गांव के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी एएसआई मनदीप मेहता एवं जवानों की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया एवं दो पहिया वाहन सवार लोगों के वाहनों का डिक्की, सीट बेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस ,धुआं लाइसेंस एवं बैग को अच्छी तरह से जांच किया गया, सिद्धू कानू चौक एवं प्रखंड मुख्यालय के समीप में भी आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गई, इस दौरान सभी दो पहिया , चार पहिया वाहनों का डिक्की, सीट के नीचे ऊपर आदि की जांच की गई, ए एस आई ने बताया कि बॉर्डर की तरफ आने जानेवाले हर वाहनों की कड़ी जांच की जा रही है। साथी कई मनचले युवक को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का निर्देश देकर छोड़ा गया, इधर जांच अभियान से चालकों के बीच हड़कंप देखा गया, लोग जांच के डर से दूसरे ग्रामीण रास्तों से गंतब्य की ओर जाते देखे गये।

शहरी जलापूर्ति योजना का उपयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़ उपायुक्त वरूण रंजन ने पश्चिम बंगाल के पूठीमारी स्थित फरक्का केनाल पर बन रहे इंटेकवेल के कार्यों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने धीमी गति से चल रहे कार्यों पर खेद जताते हुए योजना को शीघ्रता से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात उपायुक्त ने चापाडांगा में लगभग 10 करोड़ की लागत से बन रहे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट लैंडफिल का स्थल निरीक्षण करते हुए प्लांट की परिचालन का संपूर्ण जानकारी वहां उपस्थित अधिकारियों से ली एवं संपूर्ण कार्यों को 20 दिनों के अंदर पूर्ण कर प्लांट सुचारू रूप से चालू करने का निर्देश दिया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी कोशलेश यादव, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता श्री राहुल श्रीवास्तव, नगर प्रबंधक रोहित गुप्ता, कनीय अभियंता निमाई सरकार, सुबोध यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

खाली टेंपो ले जाते समय हुआ दुर्घटनाग्रस्त चालक गंभीर रूप से घायल

शुभ भास्कर रिपोर्ट सुस्मित तिवारी

हिरणपुर (पाकुड़) रानीपुर के आगे रोड के समीप बड़ा पुल समीप खाली टेंपो ले जाते हुए हुआ सड़क हादसा टेंपो चालक की स्थिति नाजुक।जानकारी के अनुसार हिरणपुर से अपने खाली टेंपो ले जा रहे करियोडिह (लिट्टीपाड़ा थाना) निवासी लगभग 45 वर्षीय राजू साहा लगभग 6:30 बजे हिरणपुर से अपने खाली टेंपो लेकर घर जा रहा था, कि रानीपुर के आगे बड़ा पुल के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया और अपने टेंपो के नीचे आ गया, जिससे उसका असर सीना में गंभीर चोटें आई हैं और रक्तस्राव काफी हो चुका है और अज्ञान अवस्था में पड़े हुए थे, जिसे स्थानीय लोगों ने निकालकर आनन-फानन में हिरणपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां हिरणपुर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि शाम के समय भारी वाहनों की तेज रफ्तार और वर्तमान समय में चालकों के द्वारा डिपर का प्रयोग, नहीं करनी या फिर आने वाले वाहनों के चमकाने के कारण उक्त दुर्घटना घटी है, हालांकि यह अब प्रशासनिक जांच का विषय है की या घटना कैसे घटी या फिर हाल के स्वस्थ होने का इंतजार है।

रामगढ़ उपचुनाव में आजसू की शानदार जीत के जश्न में डूबे कार्यकर्ता

शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत

पाकुड़ः रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में आजसू पार्टी का उम्मीदवार सुनीता चौधरी की शानदार जीत पर पाकुड़ कार्यालय में आजसू पार्टी के पूर्व विधायक और कार्यकताओं ने जश्न मनाया और उन्हें जीत की हार्दिक बधाई दी। पूर्व विधायक-सह-केंद्रीय उपाध्यक्ष अकील अख्तर एवं जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पाकुड़ के गाँधी चौक में आबिर गुलाल, आतिशबाजी की। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। आजसू केंद्रीय उपाध्यक्ष-सह-पूर्व विधायक अकील अख्तर ने कहा यह तो ट्रेलर है अभी 2024 में जनता की आकांक्षाओं की सरकार बनाना है। उन्होंने कहा रामगढ़ उपचुनाव में हेमंत सरकार के तमाम तंत्र मंत्र के भेजा इस्तेमाल के बावजूद जनता ने आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को विजयी बनाया। आशा है यही राजनीतिक परिदृश्य 2024 में हेमंत का गठबंधन सरकार के विरुद्ध होगा। जनता ने झामुमो कांग्रेस को नकार दिया यही हाल 2024 में झारखंड में होने जा रहा है। इस बार तानाशाह हेमंत सरकार मुँह भर गिरेगी। जनता झारखंड सरकार से त्राहिमाम है झारखंड में लूट ही लूट मची हुई है बेरोजगारी चरम पर है। आजसू जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा युवाओं ने झूठ और लूट की सरकार को मुँह पर तमाचा मारने का काम किया है। युवा विरोधी हेमंत सरकार की दोहरी नीति को रामगढ़ के युवाओं ने जवाब देने का काम किया है। प्रदेश के युवा अब जाग चुके है और सरकार के झूठ और लूट की राजनीति को समझ चुके है। इस चुनाव मे आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के जीत के साथ झूठ की बुनियाद पर टिकी सरकार का जनादेश समाप्ति की और है। आजसू प्रत्याशी को मिली यह जीत आजसू केंदीय अध्यक्ष सुदेश महतो के नेतृत्व कौशल एवं कार्यक्षमता सदैव भरोषा करती रही है आगे भी करती रहेगी। आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष-सह-पूर्व विधायक अकील अख्तर ने भी आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को जीत की हार्दिक बधाई दी।

सांसद ने पाकुड़ प्रखंड के कई पंचायत का दौरा किया लोगों की समस्या से हुए रूबरू

शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत

राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा ने गुरुवार को पाकुड़ प्रखंड के कई क्षेत्र पंचायत अंतर्गत कई ग्राम, संग्रामपुर रन डांगा इसाक पुर चंद्रपाड़ा गांव सहित कई गांव का दौरा किया और ग्रामीणों से मिल कर हाल चाल जाना। ग्रामीणों ने सांसद विजय हांसदा का गर्मजोशी से स्वागत किया और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपनी समस्या भी बताई। कुछ ग्रामीण नाराज भी दिखे और ग्रीन राशन कार्ड समस्याओं को भी रखा ग्रामीणों के द्वारा जर्जर सड़क व बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बिजली , पानी के लिए नया चापाकल समय पर नही मिल पाने की बात कही गयी।ग्रामीणों की समस्या से रूबरू होने के बाद सांसद विजय हांसदा ने ग्रामीणो को आश्वस्त करते हुए कहा कि समस्या समाधान को लेकर हर सम्भव प्रयास किया जाएगा और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया और इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजना हर जरूरतमंद तक पहुचाने का कार्यकताओं को निर्देश दिया मौके पर उपस्थित झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मुसलेउद्दीन शेख हबीबर रहमान महमूद आलम फारूक जवाहर सहित पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे

भाजपा की प्रचंड जीत के अवसर पर बिरसा चौक के समीप अबीर व मिठाई खिलाकर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को दी बधाई

शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत

त्रिपुरा और नागालैंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को एवं झारखंड के रामगढ़ उपचुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए को मिली प्रचंड जीत के उल्लासपूर्ण अवसर पर आज 02 मार्च, गुरुवार, संध्या 05 बजे बिरसा चौक आदम कद प्रतिमा के समीप में भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज कुमार साह के नेतृत्व में एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडे, पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता,प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक, भाजपा नेत्री प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीरा प्रवीण सिंह , भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय की गरिमामय उपस्थिति में विजयोत्सव मनाकर इस अभूतपूर्व विजय की खुशियां कार्यकताओं संग साझा की गई विजय उत्सव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमृत पांडे ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुनीता चौधरी की यह जीत रामगढ़ की जनता की जीत है यह जीत इंडिया के हजारों समर्पित कार्यकताओं की जीत है जिनकी मेहनत और समर्पण ने इस जीत की बुनियाद रखी पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता ने कहा पूरे भारतवर्ष में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लहर इस कदर है कि प्रत्येक चुनाव भारतीय जनता पार्टी जीत की ओर है इस से अस्पष्ट साबित होता है कि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस की गठबंधन की सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है भय भूख भ्रष्टाचार पूरे झारखंड में व्यापक पैमाने पर फैला हुआ है जनता त्रस्त है आज रामगढ़ उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की प्रचंड जीत हुई है रामगढ़ में मिली बड़ी जीत पर अगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सरकार की विदाई का पूरी मजबूती से शंखनाद करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, नगर महामंत्री पार्थ रक्षित नगर उपाध्यक्ष पिंका पटेल, अजय भगत, मोहन सरकार,किसान मोर्चा के नेता विक्रम मिश्रा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष रतन भगत, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष अभिक दास , अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष गणेश रजक, युवा मोर्चा के नेता जीतू सिंह, पूर्व नगर महामंत्री पवन भगत, सुमित चौबे, मोहम्मद रॉफ,, राजीव हाजरा मोहम्मद निजारल कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

विक्षिप्त युवती का शव पेड़ से लटकता हुआ बरामद हुआ

दैनिक शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार

पाकुड़/ पाकुड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत राजवाड़ी गांव में एक पेड़ में फांसी से लटकता शव पुलिस ने बरामद कर पाकुड़िया थाना लाया, शव की पहचान राजवाड़ी निवासी बालेशरी मुर्मू ,उम्र करीब 30 वर्ष के रूप में हुई है ।पाकुड़िया थाना प्रभारी अभिषेक राय ने जांचोपरांत बताया कि युवती मानसिक रूप से विक्षिप्त थी, युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है ।युवती के परिजनों एवं ग्राम प्रधान ने युवती का विक्षिप्त रहने एवं शराब का आदी होने की बात बताई, परिजनों ने थाना में आवेदन देकर पोस्टमार्टम नही कराने का आग्रह किया, बाद में शव को इन्हे सौप दिया गया।

इंसानियत फाउंडेशन के सदस्य सेताब ने रक्तदान कर किया मुर्शीद शेख की मदद

शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत

इंसानियत फाउंडेशन पाकुड़ इस संस्था के सदस्य पाकुड़ के अलावा अलग अलग जिला मे रक्तदान करने मे सक्षम साबित हो रहे है जिस तरह इस संस्था के सदस्यों ने मेहनत कर पाकुड़ मे खून की कमी से किसी की मौत न जायें इसका संकल्प लेकर कार्य कर रहे है यहाँ एक सराहनीय कदम हैं देर रात समूह के अध्यक्ष को पेसेंट परिजनों का कॉल आता है उसी समय अध्यक्ष सदस्यों को वातार्लाप मे लग जाते है एवं बल्लवपुर के सेताब शेख ओ पॉजिटिव रक्तदान के लिए कलकत्ता जाने के लिए तैयार हो गया साथ मे चांचकी के रुहुल शेख ने भी रक्तदान कियो पेसेंट चांचकी के मुर्शिद शेख उम्र 23 दर्दनाक बिजली तार के चपेट मे आ गया था बेहतर इलाज के लिए कलकत्ता भेजा गया है वह पर रक्त कमी इंसानियत फाउंडेशन के सदस्य जाकर पुरा कियो अहम भूमिका मे मो जिसान अली अध्यक्ष बानिज शेख, कोषाध्यक्ष फरजन शेख का रहा हैं

पाकुड़ पॉलिटेक्निक में टी बी जागरूकता अभियान का आयोजन

शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत

विश्व यक्ष्मा दिवस 2023 के तहत 24 फरवरी से 24 मार्च तक जागरूकता अभियान का आयोजन होना है। जिसके तहत गुरुवार को पाकुड़ पॉलीटेक्निक कॉलेज, पाकुड़ में जिला यक्ष्मा विभाग पाकुड़ एवं पिरामल स्वास्थ्य एनजीओ के संयुक्त प्रयास से कॉलेज के बच्चों एवं शिक्षको के बीच टी. वी. बीमारी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, पाकुड़ ने टी. वी. विमारी के लक्ष्ण, जाँच एवं उपचार की जानकारी दी। उन्होंने बताया की टी. वी. बीमारी माइक्रोबेकटेरियम ट्यूबर क्लोसिस बेक्टेरिया से होता है जो मुख्यतः फेफड़े को संक्रमित करती है यह मानव शरीर के अन्य हिस्सों पर भी हो सकती है। टी. वी. विमारी को आपसी सहभागिता से ही समाज से समाप्त की जा सकती है। वही जिला पीपीएम समन्वयक ने एक पीपीटी के माध्यम से टीबी के बारे में बताया कि सामु. स्वा. केंद्र में टी. वी. के इलाज हेतू सभी सुविधाये उपलब्ध है साथ ही सरकार द्वारा सभी टी. वी. मरीजों को 500 रुपए 6 माह तक पोस्टिक आहार के सेवन हेतु दी जाती है। साथ ही उन्होंने बताया की दो सप्ताह से या उससे अधिक दिनों से खाँसी आने , वजन कम होने, बुखार आना, रात मे सोने समय अत्यधिक पसीना आना, अत्यधिक थकान होने पर नजदीकी स्वास्थ केंद्र जाकर बलगम की जाँच जरूर कराना जरुरी है। इसपर क्वीज, इजी राइटिंग चित्र कला आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में टीबी ऑफिस के डीपीसी, डीपीपी एमसी डी ई ओ , एसटीएस एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ सरोज पाढी, उप-प्राचार्य डॉ ऋषिकेश गोस्वामी, मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी निखिल चंद्रा, परीक्षा नियंत्रक अमित रंजन और सभी शिक्षक, शिक्षिका मौजूद रहे।

खेलो इंडिया साइकिलिंग वुमन लीग 3 में पाकुड़ जिले की मिनी हेंब्रम ने जीता रजत पदक

शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत

भारतीय खेल प्राधिकरण व भारत सरकार के खेल मंत्रालय खेल विभाग एवं युवा मामले के द्वारा तथा साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की देखरेख में आयोजित खेलो इंडिया के तहत गिरिडीह जिले के मधुबन में आयोजित दो दिवसीय खेलो इंडिया विमेन साइकिलिंग लीग 3 मैं पाकुड़ जिले की मिनी हेंब्रम ने सब जूनियर बालिका वर्ग में मांस स्टार्ट स्पर्धा में 20 की.मी की दूरी 41:09 समय मैं पूरी कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। तथा वही ट्रायल स्पर्धा में 15 किलोमीटर की दूरी 29 मिनट 24 सेकंड में पूरी कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया ।उक्त पदक हासिल कर झारखंड एवं जिले का नाम रोशन करने पर झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक ,झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक, पाकुड़ जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार ,पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष व झारखंड साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी , पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के सचिव रणवीर सिंह, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धेन्दू शेखर गांगुली,जिला एथलेटिक्स संघ, वरीय उपाध्यक्ष कुंदन कुमार, उपाध्यक्ष जयदेव कुमार मंडल ,सुजीत विद्यार्थी , एथलेटिक्स कोच राजेश कोल,एम.डी फरीद, पंकज अग्रवाल, नारायण चंद्र रॉय, जिला साइकिलिंग संघ कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा, प्रशिक्षक राजेश कोल,भैरव चुंडा मुर्मू,कृष्णा कुमार,एम.डी शकील हक, राजा मुर्मू ,प्रवीण कुमार, दीपक सिंह, तथा खेल संघ व राज्य के विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारियों एवम खेल प्रेमियों ने बधाई दी ।

नाला बीआरसी में चौथे बैच के एफ एल एन प्रशिक्षण का हुआ समापन

दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी
नाला (जामताड़ा)

समग्र शिक्षा अभियान के तहत नाला बीआरसी में चल रहे चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के चौथे बैच के प्रशिक्षण का हुआ समापन। मालूम हो कि प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी की देखरेख व पर्यवेक्षण में की गई । इस अवसर पर प्रशिक्षक रविकांत शर्मा ,तरुण कुमार गण, सोमनाथ तिवारी तथा ओम प्रकाश प्रसाद के द्वारा प्रशिक्षण दी गई। गुरुवार को अंतिम दिवस के प्रशिक्षण सत्र में सभी शिक्षक शिक्षिका को, बच्चों को मनोरंजक ढंग से गणित पढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावे गणित में बच्चों को मूर्त वस्तु फ्लैशकार्ड गतिविधि, खेल आदि के द्वारा गणित की अवधारणा को इस तरह से पढ़ाने की जानकारी दी गई ताकि बच्चे उसको अच्छी तरह से समझ ले इसके अलावा लेसन प्लान का रिप्रेजेंटेशन, 5 पी मॉडल आधारित हर गतिविधियों की जानकारी दी गई। साथ ही खेल खेल के माध्यम से बच्चों को उसकी पढ़ाई को और रुचिकर बनाने के लिए विभिन्न गतिविधि कराई गई। इस अवसर पर शिक्षक सत्येंद्र कुमार सिन्हा, जय कांत तिवारी,सुमन कुमार बनर्जी, प्रवीर कुमार दास, अजय शंकर दास, मानिक लाला मंडल, राजेंद्र शर्मा, मुनमुन पाल ,सरस्वती दास अंबिका दत्त, गायत्री पाल ,रुपाली मंडल, रीता मंडल, पुर्णिमा मंडल, अन्नपूर्णा दास,सरिता सिंह, किशोर साधु, संजय बनर्जी, देवदूत महतो, परिमल मरांडी ,प्रणव माजी, सुकांत राणा, मिलन मंडल, सुकांत साधु ,तपन पटनायक, सुरजीत पाल ,जनार्दन महतो, पुष्पा टूडू, पूर्णिमा घोष, अमिता बनर्जी ,पार्वती टूडु, मुन्नी कुमारी ,रीता मंडल, दामोदर मंडल शब्बीर अली संदीप कुमार साधु, मलय कुमार राय, मुकेश कुमार, जीवन सोरेन ,मनोज कुमार, गौरी शंकर महतो, उत्पल भंडारी, सरोज कुमार मुर्मू सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

5 मार्च को मां चंचला पूजन उत्सव का समाज कल्याण समिति करवायेगी आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा

गुरुवार को समाज कल्याण समिति परिसर में मां चंचला वार्षिक महोत्सव समिति के द्वारा ब्राह्मण समाज के साथ विचार विमर्श किया गया। इसके उपरांत मां चंचला पूजन उत्सव पूर्व निर्धारित तिथि 4 मार्च से बदलकर शुभ तिथि का निर्धारण 5 मार्च को सुनिश्चित किया गया हैं।5मार्च को मां चंचला मंदिर में मां चंचला पूजन उत्सव किया जायेगा। इस पूजन उत्सव में बड़ी धूमधाम के साथ मां चंचला की पूजा अर्चना की जाएगी।उसके उपरांत चंचला मंदिर परिसर में स्थित बाबा भोले मंदिर में महारुद्राभिषेक का आयोजन होगा। 11 ब्राह्मणों द्वारा महामृत्युंजय जाप किया जाएगा।पुजानोत्सव के बाद ब्रह्मण भोजन एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन होगा।5 मार्च के ही संध्या को मशहूर बांग्ला पाला कीर्तन का आयोजन होगा।वरीय अधिवक्ता सह समिति के वरिष्ठ सदस्य मोहनलाल वर्मन ने कहा की मां चंचला वार्षिक महोत्सव समिति के द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। चंचला वार्षिक महोत्सव समिति द्वारा दशम वार्षिक महोत्सव के ऐतिहासिक सफलता के बाद मनाने के साथ ही हाल के दिनों में मां चंचला की कृपा से मां चंचला वार्षिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल पर जानलेवा हमला टल गया और हमारे बीच वीरेंद्र मंडल सुरक्षित हैं। इन्ही सब को लेकर यह पूजनोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया।मां चंचला वार्षिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने कहा की मां चंचला की धरती जामताड़ा में लोगों की सुख शांति और समृद्धि हेतु इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हो रहा हैं।मां चंचला की कृपा से ही आज तक जो भी शुभ कार्य हो रहे हैं या जामताड़ा की विकास हो रही हैं। मौके पर मुख्य रूप से राजा अजीत कुमार सिंह, तारिणी पाल, त्रिलोचन पांडे, नवल सिंह, प्रकाश दुबे, दीपन सैन, अरविंद दास, विनय मिश्रा, त्रिलोकी प्रसाद, प्रेम शंकर प्रसाद, सोमनाथ सिंह, मुकेश सिंह, शिव शंकर मंडल के अलावा काफी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

रामगढ़ उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत पर आजसू कार्यकताओं ने बरमसिया मोड में मनाया जश्न

दैनिक शुभ भास्कर
मोहन मंडल
कुंडहित(जामताड़ा)

रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनिता चौधरी की ऐतिहासिक जीत पर आजसू कार्यकताओं ने गुरुवार की शाम को बरमसिया मोड में जश्न मनाया। इस दौरान एनडीए प्रत्याशी सुनिता चौधरी की जीत पर आजसू समर्थकों ने जमकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एंव मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर आजसू संथाल परगना क्षेत्र के प्रवक्ता माधव चंद्र महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को झारखंडी हित में बहुमत मिला और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई. उन्होंने जनता के साथ जो वादा किया था तीन साल में वे पूरा नहीं कर पाए. जिनसे रामगढ़ की जनता में आक्रोश था। रामगढ़ की जनता ने आज सरकार को आईना दिखाया है। कहा कि हेमंत की सरकार झूठ की बुनियाद पर खड़ी है। जैसे- जैसे समय बितेगा इनका रंग उतरता जायेगा। बुनियाद मजबूत नहीं होगी तो वह ऊंची नहीं होगी। यह 2024 के जीत की तरफ इशारा कर रही है। राज्य में अराजकता की स्थिति है, जनता ने मौजूदा सरकार को जवाब दिया है। मौके पर संथाल परगना क्षेत्र के प्रवक्ता माधव चंद्र महतो के अलावे अक्षयानंद पाठक, जिला महासचिव ननी गोपाल गोराई, प्रखंड अध्यक्ष गया प्रसाद मंडल, खिरोद सिंह, फुचु सिंह, बबलु दत्ता, सुकदेव गोराई, उज्जवल मित्र, संतोष मंडल सहित काफी संख्या में आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कागजों में फंस कर रह गई नल जल योजना, अब तक घरों में नहीं पहुंचा पानी

संवाददाता / अनिल कुमार

मोहनपुरः प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत के बेलाटांड़ गांव में शुरू किए गए हर घर नल जल योजना का कार्य स्थानीय अधिकारी की उदासीनता की भेंट चढ़ गई। आलम यह है कि कार्य योजना शुरू होने से 18 माह बाद भी वहां के लोगों के घरों तक पाइप लाइन से पानी नसीब नहीं हो रहा है। नल जल योजना का कार्य निश्चित योजना के तहत चलाए गए हर घर नल जल योजना पीएचइडी जिम्मे में है फिर भी विभागीय अधिकारी सरकार के इस बहुमूल्य योजना पर कुंडली मार बैठे हैं। जिससे लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद भी लोगों को जल नसीब नहीं हो रहा है। योजना में अधिकारियों व ठेकेदारों की लापरवाही के कारण ग्रामीण आक्रोश में है क्योंकि जिस योजना के तहत नल जल के माध्यम से लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की कवायद जारी किया गया था । लेकिन लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिला ग्रामीण क्षेत्र में महत्वपूर्ण योजना के तहत कार्य शुरू कराए गए लेकिन काम ठीक से परवान नहीं चढ़ सका कुछ स्थानों पर कार्य कराए भी गए लेकिन उन्हें अधूरा छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ढाई साल पूर्व नल जल योजना में काम शुरू किया था लेकिन अभी तक कार्य अधूरा है। काम अधूरा रहने के कारण सरकार के पैसे का सही उपयोग नहीं हो सका। अब यू कहे की इस योजना के तहत गांव की शोभा बढ़ाने के लिए पानी टंकी को खड़ा कर दिया गया है।

केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देने भाजपा नेत्री जायेगी प्रत्येक घर प्रत्येक द्वार

दैनिक शुभ भास्कर
मुरारी मंडल देवघर प्रखंड
संवाददाता

गुरुवार को देवघर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से बूथ सशक्तिकरण को लेकर जिला अध्यक्ष विजया सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में जिला महामंत्री पंकज सिंह भदोरिया के द्वारा सभी बहनों को बूथ सशक्तिकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई। इसके बारे में विस्तार से जानकारी दीया। बैठक में यह तय किया गया कि हर बूथ पर दस दस महिलाओं को जोड़ा जाएगा। 10 महिलाओं की टोली हर बूथ में घर-घर जाकर महिलाओं से संपर्क कर केंद्र सरकार की योजनाओं को विस्तृत जानकारी देंगी। सभी वार्ड में 1 महिला प्रभारी नियुक्त किया गया । साथ ही रामगढ़ में हुई उपचुनाव में भारी मतों से जीतने पर सभी महिलाएं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुसुम सिंह,अलका सोनी, सुमन केसरी, संध्या कुमारी, रीता राज,लक्ष्मी देवी, संपा घोष, सुभद्रा सिंह, माया केसरी, कविता सिंह, नीशु देवी, प्रेमलता बरनवाल, गूंज देवी सहित अन्य भाजपा नेत्री उपस्थित थी।

भाकपा माले की हुई जिला स्तरीय बैठक

दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)

गुरुवार को भाकपा माले सिंचाई अतिथि आवास में एक बैठक मानिक राणा के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में राज्य सचिव मनोज भक्त, दुमका जिला सचिव बाबुलाल राय मुख्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान बीते 15 से 20 फरवरी तक पटना में आयोजित महा अधिवेशन में हुए बिन्दुओ पर चर्चा किया गया। चर्चा के दौरान राज्य सचिव मनोज भक्त ने जानकारी देते हुए कहा संगठन मजबुति ही पार्टी की एकता है। जबतक संगठन मजबुत नही होगा तबतक पार्टी में किसी तरह की बल नही है। उन्होने कहा केन्द्र सरकार के नीतियों पर जमकर आलोचना किया गया। कहा की मोदी सरकार गरीब विरोधी, किसान विरोधी है। इसके खिलाफ मोर्चा तैयार कर आम लोगो को जागरुक करना है। कहा की इस क्षेत्र में लोग पुर्ण रुप से कृषि कार्य पर निर्भर है। इस क्षेत्र में लोगों को सिंचाई साधन नही होने से समुचित कृषि कार्य नही कर पाते है। उन्होने उपस्थित जिला सचिव सुनिल राणा को जानकारी देते हुए कहा पार्टी की सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन, प्रखंड वार सूची तैयार करने तथा अलग अलग पंजी बनाने का निर्देश दिया गया। मौके पर सोमलाल मिर्धा,मानिल गोराई, ममता राणा, आशा मिर्धा, अनिल पाल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ले कलश यात्रा का हुआ आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)

गुरुवार को कुंडहित प्रखंड के नगरी पंचायत अन्तर्गत गायसावड़ा गांव में बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। 51 कन्याओं द्वारा शिलानदी से जलपूर्ण कलश हरिनाम एंव गाजे बाजे के साथ मंदिर पहूँचकर कलश का स्थापन किया गया। इस दौरान पुजारी द्वारा शिलानदी में वेदिक मंत्रोचारण के साथ विधि विधान से जलपूर्ण कलश का पूजा अर्चना किया गया। पूजा अर्चना के बाद कुमारी कन्याओं द्वारा जलपूर्ण कलश को माथे पर लेकर गाजे बाजे के साथ मंदिर पहूँचे। वही भोले नाथ की जय हो, जय श्रीराम, जय श्रीराम, जय जय बजरंगबली की जय हो आदि नारा लगाते हुए मंदिर पहूँचे। जानकारी के अनुसार कलश यात्रा के बाद मुख्य पूजारी द्वारा मंदिर में विधि विधान पुर्वक बजरंगबली का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू किया गया। जो देर शाम तक चला। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत दो दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। इस दौरान गांव के पूजा कमिटि सदस्य ननीगोपाल गोराई ने बताया बीते पांच सालों से गांव के लोगों द्वारा चंदा एकत्रित कर मंदिर का निर्माण कार्य शुरू किया गया। मंदिर का निर्माण कार्य पुर्ण होने पर फाल्गुन शुक्लपक्ष में बजरंगबली का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। कलशयात्रा कार्यक्रम में आजसू के संथाल परगना प्रवक्ता माधव चन्द्र महतो सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल होकर कलश यात्रा का शोभा बढ़ाते हुए भगवान हनुमान से आशिर्वाद मांगा। मौके पर ननीगोपाल गोराई, गया प्रसाद मंडल, कांतिराम भंडारी, गणेश भंडारी, जगदिश मिर्धा, गिरिधारी दुवे, नित्यगोपाल गोराई, दुर्योधन भंडारी, यादव गोराई, मलय गोराई प्रोद्दय गोराई, आनन्द पाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत पर भाजपाइयों ने जमकर उड़ाया अबीर गुलाल

दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत की खुशी में जामताड़ा भाजपा जिला इकाई के तत्वधान में सुभाष चौक से विजय जुलूस निकाली गई।जामताड़ा भाजपा जिला इकाई के द्वारा सुभाष चौक में भाजपाइयों के द्वारा रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में जीत की खुशी में आतिशबाजी, आपस में अबीर गुलाल लगाकर और मिठाईयां बांटकर जीत की खुशी मनाया गया।भाजपा वरीय नेता वीरेंद्र मंडल ने कहा की रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत की खुशी में आज जामताड़ा भाजपा जिला इकाई के द्वारा विजय जुलूस निकाली गई।इस विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत ने यह सुनिश्चित कर दिया हैं की आने वाले आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर भाजपा की जीत तय हैं।इस जीत से वर्तमान झारखंड गठबंधन सरकार को समझ जाना चाहिए की जनता ने पूर्ण रूप से इस हेमंत सरकार के नेतृत्व के सिरे से नकार दिया।आने वाले विधानसभा चुनाव में जामताड़ा के हम सभी जामताड़ा ,नाला ,सारठ विधानसभा चुनाव की तैयारी आपस में मिलकर जोर शोर से करनी हैं क्योंकि हमारी जीत सुनिश्चित हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष सोमनाथ सिंह ने कहा कि इस उपचुनाव में जनता ने अपना पूर्ण समर्थन भाजपा को दे दिया हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में जामताड़ा जिले के जामताड़ा ,नाला और सारठ विधानसभा में कमल खिलेगा।मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिलाध्यक्ष अनूप पांडेय,भाजपा नगर अध्यक्ष पिंटू गुप्ता,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल,दुबराज मंडल,कमलेश मंडल,चंदन राउत,अशोक मंडल, लखींद्र सिंह,ब्रजेश राउत,नागेश्वर मंडल,अजय पांडेय,अंजनी तिवारी,अमित बाउरी,मुकेश यादव,मोहन शर्मा,गौतम सिंह,राजेश यादव,राजन राउत सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

महेशपुर अंचल में विकास योजना, मनरेगा और पीएम आवास योजना को लेकर मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ समीक्षा बैठक किया गया

शुभ भास्कर रिपोर्ट-
धीरेन साहा

महेशपुर प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश मंडल की अध्यक्षता में गुरूवार को प्रखंड में चल रहे विकास योजना, मनरेगा और पीएम आवास योजना को लेकर मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मंडल ने विभिन्न पंचायतों में चल रहे योजनाओ का पंचायतवार समीक्षा की । बीडीओ ने मनरेगा के अधुरे कार्य पूर्ण कर योजना क्लोज करने , मनरेगा कार्यों में महिला मजदूरों की भागीदारी बढ़ाने के साथ साथ पीएम आवास योजना का लक्ष्य को मुखिया और मुखिया के सहयोग से जल्द पुरा करवाने का निर्देश दिये ।एवं 2023-24 वृक्षारोपन के लिए लाभुकों को स्थल चयन कर जल्द से जल्द रिपोट कार्यालय में सौपने का निर्देश दिये गये। मौके पर बीपीआओ प्रसेनजीत मंडल , सहायक अभियंता उत्तम कुमार विश्वास समेत सभी पंचायत के पंचायत सचिव , मुखिया सहित पंचायत सेवक उपस्थित थे।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का आज आएंगे लक्ष्मणगढ़, विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

लक्ष्मणगढ़। क्षेत्रीय विधायक एंव पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा आज लक्ष्मणगढ़ आएंगे।यह जानकारी देते हुए युवा नेता मनोज कुमार राकसिया ने बताया कि पीसीसी चीफ डोटासरा तीन मार्च को रात्रि 8 बजे बागड़ी हाऊस में आयोजित होने वाले फागोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।उन्होंने बताया कि इस दौरान डोटासरा गिंदड स्थलों व चंग नृत्य के अनेकों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।बागड़ी हाऊस में आयोजित संतरा देवी आंनद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित फागोत्सव मे शेखावाटी के सुप्रसिद्ध कलाकारों व सेठों की कोठी ढप मंडली की ओर से ढप नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

दरियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुर में ग्रामीण किसानों के द्वारा हाजीपुर छपरा फोर लेन कार्य को जमीन के मुआजा के लिए रोकी गई

दरियापुर- दरियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुर में ग्रामीण किसानों के द्वारा हाजीपुर छपरा फोर लेन कार्य को जमीन के मुआजा के लिए रोकी गई। मिली जानकारी के अनुसार दरियापुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मानपुर में हाजीपुर छपरा फोरलेन सड़क निर्माण कार्य कर रही कंपनी के कर्मियों को कार्य करने से ग्रामीण किसानों के द्वारा रोक दी गई।किसानों का कहना था कि इस सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजा राशि अलग अलग दर से भुगतान किया गया है।जो हमलोग को मंजूर नहीं है सभी किसानों का मुआवजा राशि एक तरह की दी जाए तब जाके कार्य किया जाए।वही उक्त कार्य में लगी मधुकौन कंपनी के कर्मी के द्वारा स्थानीय अंचल कार्यालय को सूचना दी गई।जिस पर अंचल के राजस्व अधिकारी विवेक कुमार सिंह मौके पर थाना पुलिस के साथ पहुंचे जहां किसानों की मांगों को गंभीरता पूर्वक सुना।अधिकारी ने बताया कि सभी समस्याओं से वरीय पदाधिकारी को अवगत करवाया गया है।जो मार्ग दर्शन मिलेगा उस आलोक में कार्य किया जाएगा।

रूबेला निर्मूलन को लेकर स्कूल प्रधानाध्यापकों के साथ हुई बैठक

शुभ भास्कर
संवाददाता पंकज भगत

पाकुड़ मीजल्स-रूबेला निर्मूलन को लेकर विद्यालय प्रधानाध्यापकों के साथ पाकुड़ स्वास्थ्य विभाग ने धनुष पूजा स्कूल में गुरुवार को हुई बैठक । प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कौशल कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं डब्लू.एच.ओ - एस.एम.ओ डॉ शिरीष के द्वारा पाकुड़ धनुष पूजा मध्य विद्यालय में स्कूल टीचर/ प्रिंसिपल का मीजल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के माइक्रोप्लान और उससे संबंधित तैयारी के ऊपर उन्मुखीकरण किया गया. मीजल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के अंतर्गत झारखंड के 9 जिलों (पाकुड़, साहेबगंज, गोड्डा, दुमका, जामताडा, देवघर, गिरिडीह, कोडरमा, धनबाद) में अप्रैल माह से सभी 9 महीने से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चो को स्कूलों में और समुदाय में एम आर वैक्सीन का 1 टीका लगाया जाएगा ।मीजल्स-रूबेला टीकाकरण जागरूकता स्कूल के प्रधानाध्यापक को में जिम्मेदारी से अवगत कराया गया।

धनुष पूजा विद्यालय सभागार में शिक्षक सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया

शुभ भास्कर कर
संवाददाता पंकज भगत

शिक्षक सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित, पाकुड़ के मध्य विद्यालय धनुषपूजा सभागार में शिक्षक सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनी देवी एवं बीईईओ सुमिता मरांडी द्वारा सेवा निवृत्त शिक्षकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। डीईओ ने कहा कि सेवा निवृत्ति स्वाभाविक प्रक्रिया है जब हम नौकरी में आते हैं तो सेवानिवृत्त होने की तिथि तय हो जाती है। आप सभी शिक्षकों का शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान रहा है । सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को नए पारी की शुभकामनाएं दी। वहीं बीईईओ सुमिता मरांडी ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए शिक्षक बीरेंद्र सिंह काफी सक्रिय शिक्षकों में से एक थे । उम्मीद करती हूं आगे भी इनका मार्गदर्शन मिलता रहे। मौके पर कृष्ण कमल दूबे, संतोष पौद्दार, राजीव राय, सुशील कुमार , दिलीप कुमार राय, राजीव लोचन त्रिवेदी, बिनोद सिंह, सुधीर सिंह , कपूर महतो, पोखन महतो समेत अन्य मौजूद थे।

हरिणडंगा बाजार में जयसवाल समाज महिला समिति की हुई बैठक

शुभ भास्कर
संवाददाता पंकज भगत

पाकुड़ शहर के हरिणडंगा बाजार स्थित एक निजी आवास में जयसवाल समाज महिला समिति की बैठक दीपमाला जयसवाल की अध्यक्षता में हुई. बैठक में महिला समिति को सशक्त बनाने के साथ-साथ समिति को विस्तार देने को लेकर विचार विमर्श किया गया. बैठक में आगामी 6 मार्च को जयसवाल समाज की ओर से आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह को सफल बनाने को लेकर भी चर्चा की गई. समिति की ओर से होली मिलन समारोह को लेकर कई सुझाव भी दिया गया. बैठक में महिला समिति को सशक्त बनाने के लिए सभी सदस्यों को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया. बैठक में मीनू जायसवाल, प्रतिमा जयसवाल, सरोज जयसवाल, सपना जयसवाल ,रिंकी जयसवाल, विनीता जयसवाल, संचिता जयसवाल, ममता जायसवाल ,सुमित्रा देवी, पूनम चौधरी समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद थी।

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ठीका गांव में शिव लिंग स्थापना की पहली वर्षगांठ पर 24 घंटे का अखंड अष्टयाम का आयोजन ग्रामीणों के द्वारा किया गया

दरियापुर - प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ठीका गांव में शिव लिंग स्थापना की पहली वर्षगांठ पर 24 घंटे का अखंड अष्टयाम का आयोजन ग्रामीणों के द्वारा किया गया। विदित हो कि दरियापुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ठीका गांव में शिव मंदिर का जीणोर्धार के साथ पिछले वर्ष भगवान भोले नाथ का शिव लिंग का स्थापना भक्त श्रद्धालु ग्रामीणों के द्वारा किया गया था।जिसके पहली वर्षगांठ पर ग्रामीणों के द्वारा 24 घंटे का अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया।जिसका शुरूआत शुख मही नदी स्थित रामघाट ठिका से ग्रीषदेव मिश्र आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोचार से जल भरा गया।जिसके उपरांत मंदिर प्रांगण में कलश स्थापना किया गया। जहा गणेश पूजा के साथ बेद पूजा करने के उपरांत 24 घंटे का अखंड अष्टयाम का शुरूआत हरे राम हरे राम हरे कृष्ण हरे कृष्ण मंत्रोचारण के साथ किया गया।जिससे पूरे गांव में भक्ति भाव का माहौल बन गया था ।इस आयोजन में शामिल ग्रामिनो में विंध्याचल तिवारी, अनिल कुमार सिंह,अजय शर्मा,दिलीप मल,राकेश सिंह,मनीष सिंह,रणधीर कुमार,हरिवंश मल,शुबश मल,शोभा देवी,गीता देवी,शुभांति देवी,कांति देवी आदि श्रद्धालु भक्त शामिल रहे।

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी के प्रचंड जीत पर सदर विधायक ने जताया हर्ष

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के प्रचंड जीत पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड के वर्तमान ठगबंधन झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के अंत की शुरूआत हो चुकी है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव तो झांकी है, 2024 अभी बाकी है। इस प्रचंड विजय राज्य की भ्रष्ट और निकम्मी सरकार की विदाई की शुरूआत है। उन्होंने कहा की युवा, महिला, किसान, मजदूर, आदिवासी, पिछड़े, वंचितों समेत सभी झारखंडवासियों को धोखा देनेवालों को यह जनता का करारा जवाब है। विधायक मनीष जायसवाल ने एनडीए प्रत्याशी की इस प्रचंड जीत के लिए रामगढ़ विधानसभा की जनता का कोटि-कोटि आभार और धन्यवाद जताया और रामगढ़ में एनडीए की जीत पर सभी देवतुल्य मतदाताओं, जुझारू कार्यकताओं का हार्दिक अभिवादन भी किया। उल्लेखनीय है कि विधायक मनीष जायसवाल ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर लगातार चुनावी कैंपेन किया था और गढ़ विधानसभा की जनता का भरपूर समर्थन उन्हें प्राप्त हुआ था ।

युवा समाजसेवी प्रदीप प्रसाद के होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

हजारीबागः झिंझिरिया पुल स्थित समाज सेवी प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमे हजारों की संख्या में श्री प्रसाद के समर्थको ने भाग लिया। होली मिलन समारोह की शुरूआत गीत संगीत और चैता गीत के साथ किया गया। उक्त समारोह में आम नागरिकों के बीच जमकर रंग-गुलाल उड़ाए गए। साथ ही एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा होली की बधाई दी गई। मौके पर समाज सेवी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि होली के रंग नफरतों को मिटा देता है। लोग आपसी प्रेम और संद्भावना के साथ होली मनाएं। कार्यक्रम में लजीज व्यंजनों का भी लोगों ने लुत्फ उठाया। होली मिलन कार्यक्रम मे हरिश श्रीवास्तव , हर्ष अजमेरा , विवेकानंद सिंह , भुनेश्वर पटेल , दिलीप वर्मा , मनोज मोदी ,भैया अभिमन्यु , बटेश्वर प्रसाद मेहता , अर्जून साव , मनोज गुप्ता , कृष्ण प्रसाद , अजय गुप्ता ,रमेश चन्द्र प्रसाद , सुमित सिन्हा , अमन कुमार , इन्दूशेखर शेखर सिंह , कौलेश्वर रजक , विजय सिंह भोगता , संजय सिंह , श्री प्रकाश झा , विकास केशरी , अर्जून यादव , कमल गोप , गणेश गोप , धनंजय सिंह , राजेश गुप्ता , राजेन्द्र कुशवाहा , रामचन्द्र कुशवाहा , यासिन असांरी , मो मुर्तजा, रंजीत राम, बुधन राम समेत राजनीतिक दल के नेताओं , कार्यकताओं सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे ।

रामगढ़ के सर्वोपरि जनता का फैसला स्वीकार, जीत के लिए श्रीमती सुनीता चौधरी को बधाई-डा आरसी मेहता

हजारीबाग-रामगढ़ विधानसभा में रामगढ़ के जनता सर्वोपरि है जनता का फैसला स्वीकार है साथ ही साथ 93600 मतदाताओं ने जो कांग्रेस के प्रत्याशी श्री बजरंग महतो को वोट दिए हैं उनको साधुवाद एवं अभिनंदन करता हूं रामगढ़ जिले में आनेको जन समस्या को लेकर जनता मेरे पास आती है जिसका मैं समाधान करते आ रहा हूं और आजीवन करता रहूंगा। आजसू के प्रत्याशी माननीय सुनीता चौधरी को जीत की बधाई देता हूं यह बातें कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रमंडलीय अध्यक्ष एवं हजारीबाग के पूर्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता ने रामगढ़ चुनाव के रिजल्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा। डॉ मेहता ने कहा कि हार के कारणों एवं कमियों का समीक्षा किया जाएगा। यह संवैधानिक लड़ाई थी जिसमें संपन्न प्रत्याशी विजय हुई है एवं निर्धन प्रत्याशी की हार हुई है कांग्रेस के हार से व्यथित हु क्योंकि रायपुर के कांग्रेस अधिवेशन को छोड़कर रामगढ़ विधानसभा चुनाव के दरमियान मैं व्यक्तिगत रूप से 6 बार रामगढ़ के चुनाव कैमपेन में भाग लिया हूं। बजरंग महतो जी के हार की संभावना कहीं से नजर नहीं आ रहा था हार के कारणों का समीक्षा यूपीए गठबंधन को करने की सख्त जरूरत है।

23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर रामगढ़: गुरुवार को मतगणना समाप्त होने के उपरांत रामगढ़ जिले में 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक, सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों/कर्मियों, जिले के सभी अधिकारियों/कर्मियों, दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों, मास्टर ट्रेनरों, मतदान पदाधिकारियों, मतगणना पर्यवेक्षको, मतगणना सहायकों, प्रत्याशियों, मीडिया प्रतिनिधियों, जिलेवासियों एवं प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से शांतिपूर्ण तरीके से व सफलतापूर्वक उप निर्वाचन संपन्न कराने में शामिल सभी की सराहना करते हुए सभी का धन्यवाद किया।

रघुवर सरकार के समय पारित श्रम विभाग के छह विधेयकों को आज वापस लेगी हेमंत सरकार

संवाददाता रोहित कुमार रांची – हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक आज शाम प्रोजेक्ट भवन में बुलायी गयी है । बैठक में नियोजन नीति के अलावा कई अहम प्रस्तावों पर भी स्वीकृति मिल सकती है । हेमंत सोरेन सरकार आज श्रम विभाग के छह विधेयकों को वापस ले सकती है । ये वैसे विधेयक हैं, जो पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार के समय पारित हुए थे । सभी विधेयक झारखंड के राज्यपाल की ओर से राष्ट्रपति के सहमति के लिए भेजे केंद्र सरकार को भेजे गए थे । केंद्र ने बीते दिनों इन विधेयकों के कई प्रावधानों पर आपत्ति दर्ज की थी । जिसके बाद आज इन विधेयकों को वापस लिया जाएगा । श्रम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि फिलहाल कैबिनेट स्वीकृति के बाद इन विधेयकों को बजट सत्र में रखा जाएगा । बाद में कुछ विधेयकों के प्रावधानों में संशोधन कर दोबारा सदन के पटल पर रखा जाएगा. वहीं कुछ विधेयकों को खत्म कर दिया जाएगा । इन विधेयकों को लिया जाएगा वापस 1 द कॉन्ट्रैक्ट लेबर (रेगुलेशन एंड एबोलिशन) (झारखंड अमेंडमेंट) बिल 2015 : जुलाई 2015 में कैबिनेट स्वीकृति मिली । शीतकालीन सत्र 2015 में विधानसभा से पारित हुआ । मार्च 2016 को इसे राज्यपाल द्वारा केंद्र सरकार को भेजा गया । 2 द बिहार इंडस्ट्रियल एस्टेब्लिशमेंट (नेशनल एंड फेस्टिवल हॉलिडे एंड कैजुअल लीव) झारखंड अमेंडमेंट बिल 2015 : अगस्त 2015 में कैबिनेट स्वीकृति मिली । शीतकालीन सत्र 2015 में विधानसभा से पारित हुआ । मई 2016 को इसे राज्यपाल द्वारा केंद्र सरकार को भेजा गया । 3 द झारखंड लेबर लॉ (अमेंडमेंट) एंड मिसलेनियस प्रोविजन बिल 2018 : मई 2018 में कैबिनेट स्वीकृति मिली । मॉनसून 2018 में विधानसभा से पारित हुआ । जनवरी 2019 को राज्यपाल द्वारा केंद्र सरकार को भेजा गया । 4 द इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट (झारखंड अमेंडमेंट) बिल 2018 : जनवरी 2018 में कैबिनेट स्वीकृति मिली । मॉनसून सत्र 2018 में विधानसभा से पारित हुआ. जनवरी 2019 को इसे राज्यपाल द्वारा केंद्र सरकार को भेजा गया ।5 द झारखंड शॉप एंड इस्टैब्लिशमेंट (अमेंडमेंट) बिल 2018 : सिंतबर 2018 में कैबिनेट स्वीकृति मिली । शीतकालीन सत्र 2018 में विधानसभा से पारित हुआ. सिंतबर 2019 को राज्यपाल द्वारा केंद्र सरकार को भेजा गया । 6 द फैक्ट्री (झारखंड अमेंडमेंट) बिल 2019 : जून 2019 में कैबिनेट स्वीकृति मिली । मॉनसून सत्र 2019 में विधानसभा से पारित हुआ । फरवरी 2020 को राज्यपाल द्वारा केंद्र सरकार को भेजा गया ।

आजसू पार्टी प्रत्याशी श्रीमती सुनीता चौधरी के जीत की जश्न बहुत धूमधाम के साथ मनाई गई

देवघर संवाददाता – देवघर टावर चौक के पास सैकड़ों की संख्या में आजसू पार्टी जिला कमेटी के पदाधिकारी गण, भाजपा देवघर जिला कमेटी के पदाधिकारी गण, आजसू महिला संघ के पदाधिकारी गण, भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी गण एवं आजसू नगर कमेटी के पदाधिकारी गण रामगढ़ उपचुनाव में आजसू पार्टी प्रत्याशी श्रीमती सुनीता चौधरी के जीत की जश्न बहुत धूमधाम के साथ मनाई ढोल - नगाड़ा के साथ टावर चौक पर आतिशबाजी भी की गई` साथ ही अबीर - गुलाल से सभी लोग एक दूसरे के गाल पर रंग लगा रहे थे और जीत का जश्न मना रहे थे` देवघर जिला एवं देवघर नगर के सभी पदाधिकारी गण के चेहरे पर मुस्कान थी` मौके पर आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य द्वारा कहा गया कि अभी यह तो सिर्फ ट्रेलर है पूरा फिल्म 2024 में दिखेगो आजसू पार्टी एनडीए गठबंधन के साथ अपनी साझेदारी निभाते हुए रामगढ़ उपचुनाव में जीत दर्ज कराने में सफल हुओ माननीय गिरिडीह सांसद श्री चंद्र प्रकाश चौधरी जी की धर्मपत्नी सह आजसू प्रत्याशी श्रीमती सुनीता चौधरी भारी मतों से रामगढ़ उप-चुनाव जीती` आजसू पार्टी सुप्रीमो सह झारखंड के पूर्व उप-मुख्यमंत्री आदरणीय श्री सुदेश कुमार महतो जी के नेतृत्व में आजसू पार्टी बहुत ही अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं आगे भी 2024 के चुनाव में आजसू पार्टी देवघर जिले में भी अपने तीनों विधानसभा :- देवघर, मधुपुर और सारठ विधानसभा में एनडीए गठबंधन के साथ अच्छा प्रदर्शन करेगी` आजसू पार्टी देवघर जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी एवं नगर कमेटी के सभी पदाधिकारी गण अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पंचायत स्तर तक पार्टी का विस्तार करने में लगे हुए हैं 2023 के अंतिम तक देवघर जिले के सभी 196 पंचायत में आजसू पार्टी का पंचायत स्तरीय कमेटी गठन हो चुका होगा` इसके लिए सभी पदाधिकारी गण कड़ी मेहनत कर रहे हैं, जिसके बाद आजसू पार्टी बूथ स्तर पर अपना कमेटी का गठन करके आने वाले 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में अपने भागीदारी निभाएगी` आज उक्त कार्यक्रम में मौजूद थे : आजसू केंद्र सचिव राजा सहानी, केंद्र सचिव ध्रुव प्रसाद साह, केंद्र समिति सदस्य मुन्ना सिंह टाइगर, भाजपा केंद्र समिति सदस्य रीता चौरसिया, भाजपा जिला महामंत्री पंकज सिंह भदौरिया, आजसू महिला संघ जिलाध्यक्ष जया देवी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विजया सिंह, आजसू जिला उपाध्यक्ष दीपक जयसवाल, आजसू जिला उपाध्यक्ष दिलीप मंडल, आजसू नेता जितेंद्र चौधरी, आजसू जिला कोषाध्यक्ष तरुण राउत, आजसू जिला सचिव चंदन बरनवाल, युवा छात्र संगठन के अध्यक्ष कुंदन शर्मा, देवघर महानगर संगठन सचिव सुमन यादव, देवघर महानगर उपाध्यक्ष राजकुमार बरनवाल, अध्यक्ष वार्ड नंबर 27 कामदेव राय, जिला महासचिव महिला संघ कोमल देवी, जिला उपाध्यक्ष महिला संघ पूजा देवी, जिला उपाध्यक्ष महिला संघ गीता देवी, जिला कोषाध्यक्ष महिला संघ रीना देवी, जिला संगठन सचिव महिला संघ संगीता देवी, जिला सचिव महिला संघ श्रेष्ठा देवी, जिला सचिव महिला संघ संगीता देवी, रूपा केसरी, कुसुम सिंह, अलका सोनी, रीता राज, माया केसरी, सुभद्रा सिंह, लक्ष्मी देवी, ज्योति कुमारी केसरी, उषा देवी, रीना देवी, अनीता वर्मा, पुतुल देवी, पिंकी देवी, गीता देवी, रेनू देवी, ललिता देवी, रूबी देवी, खुशबू देवी, रीना देवी 2, रीना देवी 3, रीना देवी 4, रीना देवी 5, राजमणि देवी, राजनंदनी देवी, रुचि कुमारी, रुकमणी देवी, रघु तूरी, शंभू कोल, राजेश तूरी, सोनू तुरी, बाबू तूरी, सुनीता देवी, नयन राज सहानी, प्रेम कुमार, सचिन झा, विशाल शर्मा, अरुण कुमार, विशाल शर्मा, सोनू कुमार, सोनू संगम, प्रकाश मंडल, आनंद राय, राहुल सिंह, इत्यादि अन्य लोग उपस्थित थे

होली के अवसर पर चलेंगी और 03 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें

दैनिक शुभ भास्कर हाजीपुर डिविजन। होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । इनमें से अब तक 33 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सूचना पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जा चुकी है । इसी क्रम में और 03 जोडी. स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1.गाड़ी सं. 08113/08114 शालीमार-पटना-शालीमार होली स्पेशल (गया-कोडरमा- बरकाकाना-मुरी-टाटा के रास्ते) - 08113 शालीमार-पटना होली स्पेशल 06 मार्च, 2023 (सोमवार) को शालीमार से 18.10 बजे खुलकर मंगलवार को 11.30 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 08114 पटना-शालीमार होली स्पेशल 07 मार्च, 2023 (मंगलवार) को पटना से 12.30 बजे खुलकर बुधवार को 04.00 बजे शालीमार पहुंचेगी । 2.गाड़ी सं. 08793/08794 दुर्ग - पटना-दुर्ग होली स्पेशल (गया-कोडरमा- बोकारो-रांची- रायगढ़-रायपुर के रास्ते) - 08793 दुर्ग-पटना होली स्पेशल 06 मार्च, 2023 (सोमवार) को दुर्ग से 14.30 बजे खुलकर मंगलवार को 09.30 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 08794 पटना-दुर्ग होली स्पेशल 09 मार्च, 2023 (गुरूवार) को पटना से 21.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 19.10 बजे दुर्ग पहुंचेगी । 3.गाड़ी सं. 05671/05672 गुवाहाटी-रांची-गुवाहाटी साप्ताहिक स्पेशल (सिलीगुड़ी-मालदा टाउन- आसनसोल-धनबाद-बोकारो के रास्ते) - गाड़ी सं. 05671 गुवाहाटी-रांची स्पेशल दिनांक 04.03.23 से 15.04.23 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को गुवाहाटी से 11.40 बजे खुलकर रविवार को 14.25 बजे रांची पहुंचेगी । गाड़ी सं. 05672 रांची-गुवाहाटी स्पेशल दिनांक 05.03.23 से 16.04.23 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को रांची से 20.30 बजे खुलकर सोमवार को 23.45 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी ।

इस प्रकार अब तक होली के अवसर पर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलने/गुजरने वाली कुल 36 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है । इन स्पेशल ट्रेनों द्वारा कुल 168 फेरे लगाए जायेंगे ।

सहस्त्र महाचंडी यज्ञ कराने को ले खेपा आश्रम भुरकुंडा में श्रद्धालुओं की हुई बैठक

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा थाना मैदान में श्री गुरू खेपा आश्रम में बुधवार को श्रीश्री 1008 श्री गुरू खेपा बाबा जी महाराज की अध्यक्षता में श्रद्धालुओं की बैठक हुई। बैठक में सहस्त्र महाचंडी यज्ञ कराने पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि भुरकुंडा थाना मैदान में महायज्ञ कराया जायेगा। 5 मार्च को भूमि पूजन के साथ यज्ञ का झंडा पूरे क्षेत्र में भ्रमण करा यज्ञ स्थल पर ध्वजारोहण की जायेगी। बैठक में यज्ञ की तैयारियों, साफ-सफाई, कोष संग्रह आदि मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर राधे श्याम पांडेय, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, जयवीर दांगी, बाबू, सत्यनारायण दांगी, आनंद महतो, मनोहर सोनी, मुखिया अजय पासवान, काला बाबू, राहुल मंडल, बजरंगी लाल, कैलाश राउत, रॉकी, देवानंद महतो, विशंभर नाथ महतो, राजकुमार तुरी, अभिषेक मिश्रा, बृजलाल सिन्हा, नरेंद्र साव, कृष्णा साव, केदार प्रसाद सिन्हा, अशोक राम, महेश साव, रौनक, विनोद महतो, विंदेश्वरी तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, प्रदीप, जगदीश राणा, रामशरण गिरी, चंदरू दास, बसंत लाल श्रीवास्तव, महेश कोल, दीपक, गौतम बोस, इंद्रजीत छाबड़ा, विजय रानी बोस, रिंकु देवी, बसंती देवी, ललन प्रसाद, कमलेश रानी छाबड़ा, कृष्णा, पुतुल गिरी, सागर सहित दर्जनो लोग मौजूद थें।

आजसू कार्यकताओं ने बड़कीपोना में आतिशबाजी कर मनाया जश्न, एनडीए गठबंधन के नारे भी लगाए

रजरप्पा (रामगढ़) उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी की जीत को लेकर आजसू कार्यकताओं ने बड़कीपोना में आतिशबाजी व मिठाई वितरण कर एनडीए की जीत का जश्न मनाया। साथ ही कार्यकताओं ने एनडीए गठबंधन के नारे भी लगाए। बताते चले कि गुरुवार सुबह जैसे ही मीडिया चैनलों पर चुनाव परिणाम में एनडीए की बढ़त दिखी तो कार्यकताओं में उत्साह का माहौल बन गया और आतिशबाजी करने लगे। इसके बाद सभी कार्यकर्ता आजसू पंचायत कार्यालय पहुँचे ओर यहां सभी ने आजसू वरीय नेता अमृतलाल मुंडा एवं मुखिया अरविंद कुमार सिंह को मिठाई खिलाते हुए एनडीए की हुई जीत की बधाई दी। इसके बाद सभी कार्यकताओं ने आतिशबाजी की ओर कार्यालय पर जीत का जश्न मनाया। अमृतलाल मुंडा ने कहा कि यह जीत जनता की है ओर कांग्रेस-झामुमों को अब जनता नकार चुकी है। मौके पर रामध्यानी राम दांगी, लालदेव महतो, लालकिसून महतो, परवेज आलम, अमृत कुमार, मनोज पासवान, शम्भु कुमार, विजय, मंटू, पिंटू, ईनाम, धर्मदेव, निर्मल, सदानंद, अजय, आकाश, बादल, सागर, जगदीश, रामबल्लभ, दिनेश, किशोरी, मुकेश, रंजीत, गुनी, सुभाष, संतोष आदि कार्यकर्त्ता मौजूद थे.

मिहिजाम रेलवे लाइन पर अतिक्रमित भूमि पर चला बुलडोजर

दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा

जामताड़ा जिला के शहरी क्षेत्र मिहिजाम में दूसरे के जमीन पर कब्जा कर अपना बताने वालों के दुकान, झोपर पट्टी और होर्डिंग पर रेलवे का बुल्डोजर गुरुवार को चला। यह कार्रवाई जामताड़ा के मिहिजाम नगर परिषद में हुआ। जहां हावड़ा दिल्ली मेन लाइन किनारे सैंकड़ों दुकान और मकान को तोड़ा गया। इसमें आधा दर्जन होडिंग को बुल्डोजर के जरिए तोड़ा गया। यह सभी झारखंड सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूकता के लिए बनाया गया था। इन होर्डिंग्स के लगने के उपरांत उसके अगल बगल लोग एक एक कर झौपड़ी बनाने लगे। जहां समय के साथ कच्चा से पक्का घर बन गया। यहां जब भी रेलवे महकमा जगह खाली कराने पहुंची। तब तब दुमका सांसद सुनील सोरेन ने कार्रवाई को रोकवा दिया ।इससे भारतीय रेल लाइन की घेरेबंदी जैसी महत्वाकांक्षी योजना प्रभावित हुआ। अंततोगत्वा आज जब रेल का बुल्डोजर चला। तब आमलोगों के दुकान,आवास के साथ सरकार का होडिंग भी तोड़ दिया गया। यह होडिंग जनता के धन से जनता के कल्याणार्थ रेल के जमीन कब्जा कर लगा था ।इस कार्रवाई से मिहिजाम शहरी क्षेत्र से सैंकड़ों लोग बेरोजगार हो गये। जिनके उपर परिवार के पालन पोषण करने का संकट उत्पन्न हो गया है ।

भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति की सेल परिसर में हुई बैठक

दैनिक शुभ भास्कर भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति की बैठक गुरूवार को सेल परिसर में हुई। बैठक में कहा गया कि समिति ने भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर 3-4 मार्च को आउटसोर्सिंग कंपनी बलकुदरा का कोयला डिस्पैच ठप करने का निर्णय लिया था। लेकिन पतरातू प्रखंड में जी-20 समिट कार्यक्रम में कई देशों के प्रतिनिधियों को आना क्षेत्र और राज्य के लिए गौरव की बात है। जिसे देखते हुए आन्दोलन वापस ले लिया गया है। कहा गया कि पिछले 28 फरवरी को भुरकुंडा ऑफिसर्स क्लब में अंचलाधिकारी पतरातू की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वर्ता हुई। जिसमें सीसीएल प्रबंधन, प्रखंड प्रशासन और रोडसेल समिति के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। त्रिपक्षीय वार्ता में कथित विस्थापित समितियों द्वारा 35 वर्ष पुराने भुरकुंडा कोलियरी रोडसेल समिति को भंग करने की मांग की गई जो पुरी तरह से गलत है। समिति इसका पुरजोर विरोध करता है। बैठक में कहा गया कि समिति का गठन प्रखंड और जिला प्रशासन की देखरेख में हुआ है। भुरकुंडा कोलियरी रोडसेल समिति तीन हजार मजदूरों का प्रतिनिधित्व करते आ रही है। समिति को वर्तमान में तीन हजार मजदूरों का समर्थ प्राप्त है। कहा गया कि प्रशासन विस्थापितों को सत्यापित कर रोडसेल श्रमिक के रूप में जोडे.। इसका समिति समर्थन करेगा। लेकिन कथित विस्थापितों के नाम पर आये लोगो की मांग को समिति खारिज करता है। बैठक में कहा गया कि होली के बाद समिति मजदूरों के हक-अधिकार व रोजगार की मांग को लेकर जोरदार आन्दोलन करेगा। मौके पर गिरधारी गोप, रेवती रमण शर्मा, मुकेश पासवान, दर्शन गंझू, अजय सिंह, अरविंद प्रसाद, कुलदीप यादव, प्रेम कुमार साहु, रविन्द्र सिंह, हरिशंकर चैधरी, तुला खान, संजय मिश्रा, रावेल एक्का, सरोजकांत झा, दिनेश मेहता, रोहित करमाली, बुटन नायक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

रामगढ़ उपचुनाव में सुनीता चौधरी ने मारी बाजी

दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता

रामगढ़ । रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 27 फरवरी को संपन्न हुआ और 2 मार्च को सुबह 8 बजे से वोट की गिनती शुरू हुई। पहरे चरण की गिनती से ही सुनीता चौधरी को बढ़त मिलनी शुरू हो गई। पहले चरण में सुनीता चौधरी को बजरंग महतो से 5838 अधिक वोट हासिल हुए। सुनीता चौधरी को 12910 और बजरंग महतो को 7072 मत प्राप्त हुए ।इस तरह गठबंधन प्रत्याशी सुनीता चौधरी को कुल 115243 मत प्राप्त हुए और बजरंग महतो को कुल 93599 मत प्राप्त हुए ।इस तरह बजरंग महतो से सुनीता चौधरी 21644 मतों से विजयी घोषित हुई। इस तरह सुनीता चौधरी हर राउंड में बजरंग महतो से आगे रही ।आजसू और एनडीए के समर्थकों ने जीत की खुशी में आतिशबाजी करते हुए गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। समर्थकों ने मिठाइयां बांटते हुए विजय जुलूस निकाला और गोला के विभिन्न क्षेत्रों में गए। रजरप्पा चौक से डी बी सी चौक होते हुए काली नाथ चौक, गोला चौक बाजार से डाकबंगला होकर विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया।

एनडीए के प्रत्याशी सुनीता चौधरी को उपचुनाव में जीत के लिए बधाई

दैनिक शुभ भास्कर रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में 22 हजार वोटों के भारी अंतर से यूपीए के प्रत्याशी बजरंग महतो को हराया जो की बिलकुल स्वाभाविक जीत है ।लोकतंत्र के महापर्व में अंततः जीत उसी की होती है जिसके पक्ष में ज्यादा लोग मतदान करते हैं ।संतोष महतो ने कहा कि -इस उपचुनाव में रामगढ़ की जनता ने झारखण्ड प्रत्याशी को सुना,समझा और खूब प्यार दिया इसके लिए मैं हमेशा उनका शुक्रगुजार रहूँगा ।जनता मुझे पसंद करती है ये हर जनसभा में खुल कर सामने आया है और लोगों ने भविष्य के नेता के रूप में मुझे स्वीकार भी किया है ।लेकिन इस उपचुनाव में छात्रों,किसानों,महिलाओं सहित तमाम वर्ग के लोगों ने यूपीए सरकार के खिलाफ अपने विरोध को दिखाया है जो की वाजिब भी है ।वर्तमान सरकार ने सभी वर्गों के साथ शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार सहित अन्य मुद्दों पर धोखा देने का काम किया है और इसके बदले इस सरकार को हराकर सबक सिखाना जरूरी था ।हेमंत सोरेन सहित पूरा सरकार रामगढ़ में आकर छाती पीट रहा था कि हर उपचुनाव में उनकी जीत होती रही है इसलिए इनको एक सबक देने का मन रामगढ़ के लोगों ने बनाया और भारी अंतर से हराकर अपनी भावना दिखा दी है ।झारखण्ड पार्टी ने जनभावना से जुड़े मुद्दे यानि केजी से पीएचडी तक की शिक्षा ज़िले में उपलब्ध कराने ,स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था और क्षेत्र के लोगों को जिले में ही रोजगार दिलाने के मुद्दे समझाने की कोशिश की जिसे रामगढ़ के लोगों ने भविष्य की राजनीति के तौर पर स्वीकार किया और वादा भी किया कि अगले चुनाव में मुझे मौका देंगे यही वास्तविक जीत है ।सरकार को इस उपचुनाव से चेतने की जरूरत है कि वो छात्रों युवाओं के भविष्य का सपना दिखाकर जो सत्ता हासिल की है वो अब पूरा नही करने का खामियाजा भुगतना पड़ेगा ।सुनीता चौधरी जी को जो ज़िम्मेदारी मिली है मुझे उम्मीद है उसे वो पूरा करेंगी और क्षेत्र के लोगों को उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप प्रतिनिधित्व दे सकेंगी यही अपेक्षा सबकी है। साथ ही वादा करता हूँ कि -झारखण्ड पार्टी राज्य की मूल पार्टी है और इसलिए संघर्ष और आंदोलन के लिए सतत जनता के बीच रहकर जन मुद्दों को उठाता रहूँगा।

नवादा पंचायत के शाहबाद गाँव में बिजली की करंट लगने से एक व्यक्ति की हुई मौत, घटना की छानबीन में जुटी पुलिस

दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट

भागलपुर जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के शाहाबाद गांव में घर के सेंट्रिंग का काम कर रहे एक व्यक्ति को 11 हजार बिजली के तार से करंट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाबत मृतक के भाई ने बताया की घर से सुबह 7 बजे सैंटरिंग का काम करने के लिए शाहाबाद गया हुआ था । वही घर के छत पर से 11 हजार का तार में सट गया जिससे वह मूर्छित होकर जमीन पर गिर गया। नीचे गीरते देख ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में उसे एक निजी क्लीनिक में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शाहाबाद के वार्ड संख्या 24 निवासी नागेश्वर मंडल के 40 वर्षीय पुत्र अजय मंडल के रूप में हुई है । वही घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस प्रशासन पहुंचकर घटना की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर मायागंज भेज दिया है।

चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर आभूषण पर किया हाथ साफ

दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट

पीरपैती बिहार प्रखंड के प्यालापुर चौक पर स्थित आभूषण दुकान एमके ज्वेलर्स का शटर तोड़कर चोरों ने जेवरात की चोरी कर लिया।सबेरे मकान मालिक ने दुकानदार दीपांकर कुमार दीपक को सूचना दी तो वे अपने घर इटहरी झारखंड से दुकान पहुंचे। सूचना पर इसीपुर बाराहाट पुलिस ने दुकान पर पहुंचकर जांच के। थाना प्रभारी अरविंद साहनी ने बताया कि इस बाबत दुकानदार ने लिखित आवेदन दिया है। चोर चांदी का आभूषण पायल जैन मटिया आदि सामान तकरीबन दो लाख का चोरी कर लिया।20हजार नगदी भी चोरी कर ली। जबकि आसपास के सीसीटीवी आधे को काला जा रहा है।

मजदूर की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दिया गया

दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल पत्रकार कनैया खंडैलवाल

कहलगांव बिहार अमडंडा सहायक थाना क्षेत्र के घुटयानी के42 वर्षीय पुत्र की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बता दें कि खेत में मृतक कर सब देखा गया। परिजन ने मृतक की पहचान पटवारी हादसा पिता ठाकुर हादसा के रूप में हुई।शव देखते ही घर में परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर अमडंडा थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंचे। परिजनों और ग्रामीणों से जानकारी ली मामले में 3 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वही एक नाम दर्ज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवानंद सिंह ने भी घटनास्थल का मुआयना कर परिजनों से पूछताछ कर थाना अध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए। मृतक के पत्नी ने घुटयानी गांव के अरविंद मंडल सहित तीन लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा किया है। पुलिस ने अरविंद मंडल को गिरफ्तार कर लिया है।शव को पोस्टमार्टम हेतु भागलपुर भेज दिया है। मृतक पटवारी मजदूरी करता था। पत्नी और बच्चों ने बताया कि मृतक खर्चे दोपहर में पटवन के लिए निकला था। थाना अध्यक्ष ने रवि कुमार बताया कि अरविंद कुमार के घर पटवारी का आना जाना होता था। रात में अरविंद के घर ही पटवारी गया था। घरवालों ने खदेड़ कर पटवारी को खेत में पकड़ कर्नाटक डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। अन्य दो नाम दर्ज की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। एसडीपीओ शिवानंद सिंह ने कहा कि विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों से आवेदन प्राप्त हुआ है। मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।शेष आज औरतों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सुलतानगंज थाना में होली एवं शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक

दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट

सुलतानगंज बिहार थाना परिसर में होली एंव शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक की गईं इस बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष प्रियरंजन ने किया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मुर्मू, राजस्व अधिकारी रवि कुमार थे।बैठक में सभी राजनीतिक दल एवं सुल्तानगंज प्रखंड के जनप्रतिनिधि एवं नगर परिषद के वार्ड पार्षद सहित नगर परिषद के कर्मचारी गण के साथ संयुक्त बैठक किया गयो बैठक में होली एवं शबे बरात को लेकर चर्चा किया गयो इस दौरान थानाध्यक्ष प्रिय रंजन ने बताया कि होली एवं शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक की गईं बैठक में सभी को शांति एवं सौहार्द वातावरण में त्योहार मनाने की अपील किया गया 'और आवश्यक निर्देश दिया गया है की कानून को उल्लंघन करने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी'

जिला पदाधिकारी डॉ॰ नवल किशोर चौधरी द्वारा कोरियाई बौद्ध यात्रियों के परिभ्रमण संबंधित व्यवस्था हेतु की गयी बैठक

दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट

गोपालगंज बिहार जिला पदाधिकारी, डॉ॰ नवल किशोर चौधरी द्वारा समाहरणालय कार्यालय कक्ष में बिहार परिदर्शनार्थ कोरियाई बौद्ध यात्रियों के दल के जिले मे परिभ्रमण से संबंधित व्यवस्था के लिए बैठक की गयी। ज्ञात हो कि कोरियन बौद्धिष्ट पिलग्रिमेज के तहत दो सौ बौद्ध यात्रियों सहित प्रतिभागियों का दल बिहार राज्य में दिनांक13 फरवरी,2023 से 05 मार्च,2023 तक परिभ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। बौद्ध यात्रियों का दल पैदल यात्रा करते हुए बिहार के पवित्र बौद्ध स्थलों का दर्शन एवं स्थानीय नागरिकों से पारस्परिक विचारों का आदान प्रदान करते हुए अपनी यात्रा जारी रखे हुए हैं जिला पदाधिकारी ने उक्त यात्री दल के जिले के प्रखंडों से यात्रा के दौरान संबंधित सभी पदाधिकारियों को कोरियाई बौद्ध यात्रियों के दल को गोपालगंज जिले में परिदर्शन अवधि के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था ,चिन्हित आवासन स्थल /विश्राम स्थल पर बिजली,शौचालय,पानी की व्यवस्था एवं साफ-सफाई सहित यात्रा के दौरान सुरक्षा आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक निदेश दिये। यात्रियों के दल के आगे एवं पीछे एक एक पुलिस वाहन /एस्कॉर्ट वाहन तथा चिकित्सक एवं नर्श सहित 24 घंटे एंबुलेंस की व्यवस्था की जायेगी। बौद्ध यात्रियों एवं अन्य प्रतिभागियों के आवासन विश्राम स्थलों की स्वच्छता ,पेयजल एवं सम्पर्क पथ आदि की भी सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के निदेश दिये ।साथ ही इस संबंध में तिथि वार विश्राम स्थलों की सूची सभी को उपलब्ध कराई गई और उक्त व्यवस्था हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए ।यात्री दल 4मार्च,05मार्च एवं 06मार्च 2023 को जिले में परिभ्रमण करते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश कर जायेगा बैठक में वरीय उप समाहर्ता राधा कांत ,अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज डॉ॰ प्रदीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोपालगंज संजीव कुमार ,सिविल सर्जन गोपालगंज वीरेंद्र प्रसाद ,प्रखंड विकास पदाधिकारी बैकुंठपुर ,सिधवलिया ,बरौली, माझा, गोपालगंज ,कुचायकोट ,पंचदेवरी सहित संबंधित सभी थाना के थाना प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गोपालगंज ,नगर परिषद बरौली ,कार्यपालक अभियंता पीएचईडी एवं संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक प्राचार्य आदि उपस्थित थे।

इंग्लिश चिचरौन पंचायत के लोहिया स्वच्छ मिशन के तहत सफा सफाई अभियान का शुभारंभ मुखिया खुशबू रानी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किए

दैनिक शुभ भास्कर संजीव कुमार की रिपोट

सुल्तानगंज बिहार प्रखंड के इंग्लिश चिचरौन पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत साफ सफाई अभियान का शुभारंभ पंचायत के मुखिया खुशबू रानी जिला सलाहकार रोहित राज प्रखंड संम्वयक अमृता सिन्हा पंचायत सचिव नंदकिशोर यादव सहित सभी वार्ड सदस्यों के द्वारा हरी झंडी एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि ओम दत्त ने बताया कि स्वच्छ पंचायत को लेकर सरकार की योजना के तहत पंचायत के सभी वार्ड वार्ड में गीला कचरा एवं सूखा कचरा को डस्टबिन वितरण करते हुए साफ सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया जिससे हमारा पंचायत स्वच्छ एवं सुंदर हो सके इसके लिए सभी पंचायत वासियों से अपील की कि आसपास साफ-सफाई रखने की बात कही इस दौरान भाजपा नेता छतीश कुमार झा उर्फ कन्हैया झा पंचायत जदयू अध्यक्ष अरविंद कुमार वार्ड सदस्य नीलम देवी अनीता देवी अभिलाषा कुमारी नीलम देवी अंकित कुमार मेराज खान वार्ड सचिव अशोक कुमार सिंह वार्ड सदस्य प्रियंका कुमारी परवीन बानु सगउप्तआ यासीन उप मुखिया प्रभाकर कुमार सिंह वार्ड सदस्य पंकज कुमार अमृता देवी काजल परवीन नसीमा खातून सहित इत्यादि ग्रामीण मौजूद थे।

अजगैविनाथ धाम में फागुन महोत्सव को लेकर मारवाड़ी समाज के द्वारा निशान शोभायात्रा निकाला गया

दैनिक शुभ भास्कर विकास कुमार की रिपोर्ट

सुल्तानगंज बिहार के अजगैविनाथ धाम में फागुन महोत्सव को लेकर मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ढोल बाजे गाजे के साथ नाचते झूमते हुए निशान शोभायात्रा में शामिल होकर भागलपुर प्राचीन खाटू श्याम मंदिर के लिए पैदल यात्रा करते हुए रवाना हुए इस को लेकर सुलतानगंज थाना अध्यक्ष प्रियरंजन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की गई इस दौरान भवन के सामने बताया कि विश्व शांति एवं विश्व का कल्याण को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निशान शोभायात्रा निकाला गया है सैकड़ों की संख्या में नाश्ते झूमते हुए श्याम का भजन प्राचीन खाटू श्याम मंदिर भागलपुर पहुंचेंगे इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य अमर रामूका ,सुनील रामुका, राजेश रामुका, रोशन कुमार रोशन विकास कुमार सहित इत्यादि सदस्य मौजूद थे।

सूबे में मध्य निषेध पर पूर्ण रूप से रोक के बावजूद भी पकड़ा रहा शराब ,वही ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस से 12 बोतल विदेशी शराब बरामद

दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट

भागलपुर बिहार सूबे में शराब पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है। सेवा समिति तस्कर शराब तस्करी करने से बाज नहीं आ रहा है। वही आरपीएफ भागलपुर द्वारा ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस से 12 बोतल विदेशी शराब लावारिस बैग में बरामद किया । प्लेटफार्म नंबर 4 पर सुबह आरपीएफ की टीम तलाशी अभियान चला रहे थी। ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस में तलाशी में लावारिस बैग मिला। वह खोलने पर शराब मिली। इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि शराब को भागलपुर उत्पाद विभाग की टीम के हवाले कर दिया गया है।

दुर्घटना में जख्मी किशोर की ईलाज के दौरान मायागंज अस्पताल में मौत, वाहन चालक फरार

दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट

भागलपुर बिहार नवगछिया से भवानीपुर के वीरबन्ना के पास बेकाबू वाहन के थक्के से किशोर इमरान अवैध रूप से जख्मी हो गया । नहार निवासी किशोर को इलाज के लिए पहले लोकल पीएससी में ले जाया गया । वहां से उसे बेहतर इलाज के लिए माया गजब लाया गया । जहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई । वह सातवीं कक्षा का छात्र था । ठोकर मारने वाला वाहन चालक फरार हो गया

जिलाधिकारी डॉ॰ नवल किशोर चौधरी द्वारा दिव्यांग लाभुकों को बैटरी चालित ट्राई साईकिल वितरित किया गया

दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट

गोपालगंज बिहार जिला पदाधिकारी द्वारा बुनियाद केन्द्र,गोलपागंज पर दिव्यांग लाभुकों को बैटरी चालित ट्रॉई साईकिल वितरित किया गया। बुनियाद केंद्र ,गोपालगंज मे जिला पदाधिकारी,गोपालगंज के कर कमलों द्वारा मुख्यमंत्री संम्बल योजना अंतर्गत बैटरी चलित ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी को सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा,गोपालगंज शुभांगी सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया गया। जिलाधिकारी ने लाभुकों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल की चाभी,वॉरंटी कार्ड,प्रशस्ति-पत्र सौपने के साथ ही हेलमेट पहना कर रवाना किया।ज्ञात हो कि जिले का 246 लाभुकों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 206 लाभुकों को ऑनलाईन पोर्टल पे स्वीकृत किया जा चुका है।दिनांक 02-03-2023 को बुनियाद केंद्र गोपालगंज जिला पदाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री संबल योजना अंतर्गत 22 लाभुकों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल बितरण किया गया। लाभुकों में दिव्यांग मुन्मुन कुमार पांडेय बैकुंठपुर, परवेज आलम कुचयकोट जो छात्र है ,हरेराम प्रसाद सिधवलिया जो स्वरोजगार करते है आदि को सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शुभांगी सिंह की उपस्थिती में डमी चाभी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अस्पताल रोड में नगर निगम के द्वारा सड़क के किनारे दुकान हटाए जाने पर व्यक्ति ने खा लिया जहर, इलाज जारी

दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रूपेश मिश्रा की रिपोट

कटिहार बिहार शहरी क्षेत्र में नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में कटिहार सदर अस्पताल रोड के किनारों पर दुकान लगाने वालों को नगर निगम की ओर से हटाया जा रहा था और जिनके दुकान खुले नहीं थे उन्हें जेसीबी से दूर कर हटाया जा रहा था इसी दौरान एक गैरेज मिस्त्री पप्पू यादव का बंद पड़ा दुकान को जेसीबी से तोड़ दिया गया और उसके अंदर रखे सारे औजार को लूट लिया गया। जब वह व्यक्ति पहुंचा और अपने दुकान को क्षतिग्रस्त देखा तो नगर निगम के पदाधिकारियों से गुहार लगाने पहुंचा लेकिन किसी ने उनकी बात को नहीं सुना बाद में जहर खाकर वह जान देने की कोशिश की फिलहाल उसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है वही इस घटना के बाद व्यक्ति के परिजन काफी चिंतित है।

जिस यज्ञ में ब्रम्हा, विष्णु महेश का अनादर हो वह कभी सफल नहीं होगा : प्रियंका द्विवेदी

दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट

गोपालगंज बिहार इस कलियुग में श्रीराम चरित मानस कथा के समान मन शुद्धि का सबसे महान उपाय कोई और नहीं है। शांत और एकांत मनोयोग से श्रीराम कथा सुनने से मनुष्य को आत्मिक रूप से शांति मिलती है। उक्त बातें पंचदेवरी के श्री राम जानकी मंदिर परिसर जमुनहां में 24 फरवरी से चल रहे श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ के छ्ठे दिन कथा वाचिका मानस कोकिला प्रियंका द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि भक्तों द्वारा की जाने वाली भक्ति से देवों के देव महादेव बहुत जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं और वह अपने भक्तों के संकटों को हरने के साथ-साथ उनकी इच्छा को भी पूर्ण करते हैं। जिस यज्ञ में ब्रह्मा, विष्णु, महेश का अनादर होता है वह यज्ञ किसी भी सूरत में पूरा नहीं होता और न ही वह मांगलिक होता है। वाचिका ने श्रद्धालुओं से कहा कि माता सती के पिता दक्ष ने यज्ञ का आयोजन किया था। इस यज्ञ में उन्होंने भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिया और माता सती बिना निमंत्रण के ही यज्ञ में पहुंच गई। लेकिन वहां भगवान शिव को देख सती के पिता राजा दक्ष गुस्से से लाल पीले हो गए और उन्होंने भगवान शिव का अनादर किया।भगवान शिव के अनादर को माता सती बर्दाश्त नहीं कर सकीं और उन्होंने अग्निकुंड में कूदकर अपना शरीर अग्निदेवता को समर्पित कर दिया। बाद में उन्होंने माता पार्वती के रूप में जन्म लिया और भगवान शंकर से उनका विवाह हुआ। ब्रह्मा, विष्णु, शिव ये तीनों एक हैं। मौके पर समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र मिश्र, मुखिया अशोक गुप्ता, मणि पाण्डेय, जयराम गुप्ता, अशोक जायसवाल, नरसिंह कुशवाहा, नंदकिशोर तिवारी , डॉ बाबुलाल सिंह, सुनील गुप्ता, रितेश पाण्डेय, बलिराम सिंह, विवेक तिवारी, निराला बाबा, सुरेन्द्र पाण्डेय, प्रदुम्न मिश्र, राजीव केशरवानी, नीरज जायसवाल, अशोक जायसवाल, संदीप केशरी, बालक मिश्र सहित कथा सुनने के लिए पंडाल में पुरुषों के साथ ही सैकड़ों महिला भक्त भी मौजूद रहीं।

बिहार विधान परिषद कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी, 31 मार्च को मतदान व 5 अप्रैल मतगणना की तिथि घोषित, 1178 कुल मतदाता करेंगे मतदान

दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रूपेश मिश्रा की रिपोट

कटिहार बिहार विधान परिषद के कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन अधिसूचना जारी कर दी गई है । कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 14 जिला सम्मिलित हैं, जिनमें पूर्णिया, किशनगंज ,कटिहार, अररिया, सहरसा ,मधेपुरा ,सुपौल, खगड़िया ,भागलपुर ,बांका, मुंगेर, जमुई , लखीसराय एवं शेखपुरा सम्मिलित है । कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचित पदाधिकारी एवं आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल पूर्णिया अधिसूचित किया गया है तथा सभी संबंधित जिलों के जिला अधिकारी सहायक निर्वाचित पदाधिकारी के रूप में अधिसूचित हैं। कार्यक्रम के अनुसार 9 मार्च 2023 को अधिसूचना प्रकाशन के साथ ही नामनिर्देशन प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी तथा 13 मार्च को नामनिर्देशन दाखिल किए जा सकेंगे। नॉमिनेशन निर्वाचित पदाधिकारी सह आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल पूर्णिया के समक्ष दाखिल किया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाएगा। कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिला अंतर्गत कुल 17 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं ,जो 16 प्रखंड मुख्यालय एवं एक नगर निगम कार्यालय कटिहार में स्थापित किए गए है। कटिहार जिला अंतर्गत स्थापित कुल 17 मतदान केंद्रों पर कुल 1178 मतदाता मतदान करेंगे जिनमें 988 पुरुष एवं 190 महिला मतदाता शामिल है। मतदान के बाद पोल्ड मतपेटीका पूर्णिया स्थित वज्रगृह में जमा की जाएगी तथा निर्वाचित पदाधिकारी द्वारा पूर्व में स्थित स्थापित कराए गए मतगणना केंद्र पर 5 अप्रैल को मतगणना संपन्न कराई जाएगी । वाचन के संचालन हेतु जिला स्तर पर कुल 11 कोषांग का गठन किया गया है तथा सभी को शाम को में वरीय नोडल सहायतार्थ पदाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए सभी प्रखंड क्षेत्र में कुल 17 फ्लाइंग स्क्वायड टीम का गठन किया गया है जो मतदान समाप्ति तक कार्यरत रहेंगे।

सुल्तानगंज के कृष्णानंद स्टेडियम में जिला स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट के चौथे दिन 3 गोले से किशनपुर विजयी

दैनिक शुभ भास्कर संजीव कुमार की रिपोर्ट

सुल्तानगंज बिहार कृष्णा नगर स्टेडियम में बउनइलदआ जिला स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट के चौथे दिन किशनपुर बनाम के बीच हुआ मुकाबला इस मैच का उद्घाटन अजगैबीनाथ फुटबॉल क्लब के भूतपूर्व खिलाड़ी श्री राजेंद्र सिंह एवं अजगैबीनाथ फुटबॉल टीम के अध्यक्ष अरुण चौधरी एवं संदीप कुमार उर्फ कुंदन फौजी के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए एवं फुटबॉल में किक मारकर किया गया इस मैच का निर्णायक भूमिका धर्मेंद्र कुमार गुप्ता मुन्ना कुमार दयानंद कुमार के द्वारा किया गया इस दौरान अरुण स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य श्री रवि कुमार मंडल सुशील कुमार चौधरी कुमार अमरेंद्र मोहन सहित इत्यादि ग्रामीण इस मैच में खेल की शुरूआत 8 मिनट में किशनपुर के तरफ से 10 नंबर जर्सी दयानंद ने गोल मारा और फिर आप टाइम में 30 मिनट के बाद फिर से 10 नंबर दिवस के रूप में दयानंद कुमार ने गोली मार कर दो गोल से अपनी टीम को बढ़त दिलाई और खेल के आखिरी समय में तेरा नंबर जर्सी के रूप में गुरुदेव कुमार ने तीसरी गोल दागकर गण बनिया फुटबॉल टीम को तीन गोल से पराजित कर जीत हासिल कर लिया कल दिनांक 3 मार्च को तिलकपुर बनमा श्रीरामपुर के बीच मुकाबला होगा।

कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम मैदान में दक्ष खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, डीएम ने खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रूपेश मिश्रा की रिपोट

कटिहार बिहार प्रखंड स्तरीय खेलकूद में विजेता होने के बाद खिलाड़ियों को जिला स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता कराया जाता है इसी कड़ी में अंडर 14 अंडर-17 और अंडर-19 के बालक और बालिका इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल है जिसमें कई तरह के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है इस खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता हुए टीम राज्य स्तर पर खेलकर जिला का नाम रोशन करेंगे जिसका शुभारंभ कर दिया गया है जो 5 मार्च तक जारी रहेगा।

लीकेज बंद नहीं होने से परेशानी

दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल पत्रकार कनैया खंडेलवाल

कहलगांव बिहार बहुत एशिया ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के तहत नंदलालपुर श्यामपुर महेशमुंडा आदि जगहों पर लीकेज हो रहे जगहों को ठीक करने से पानी चालू किया गया। लेकिन लिखित पूरी तरह बंद नहीं हुआ है जिसे पानी फिर सड़क पर बह रहा है ।पानी बहने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा भाई को काफी कम गहराई में बिछाया गया है। पाइप पर एन एच की खुदाई से वाहनों का दबाव बढ़ गया है जबकि पेयजल आपूर्ति नहीं होने से लगभग 50000 की आबादी इन सभी पंचायतों में प्रभावित हो रही है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का 72 वां जन्मदिन विकास दिवस के रूप में नवगछिया में मनाया गया

दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रजनीश सिंह की रिपोट

नवगछिया बिहार के सीएम नीतीश कुमार का 72 वा जन्मदिन जिला अध्यक्ष त्रिपुरारी भारती के नेतृत्व में मनाया। जिला अध्यक्ष त्रिपुरारी कुमारी भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन को प्रकाश दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष चंदेश्वरी प्रसाद सिंह निपात जदयू नेता प्रमोद कुमार, धनिक लाल दास, पूर्व जिला प्रवक्ता मिलन सागर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहिद रजा, अखिलेश सिंह, हिमांशु भगत ,पायल कुमारी, उमेश चंद्र पटेल ,मनोज लाल, अनिल पटेल, मुरारी मंडल, साकेत बिहारी ,डॉक्टर दीपक कुमार, फैयाज राणा आदि मौजूद थे।

ट्रेन के आगे कूदकर पति ने किया आत्महत्या, पत्नी अंशु सिंह वह परिवार के अन्य लोगों का रो रो कर बुरा हाल

दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रजनीश सिंह की रिपोट

नवगछिया बिहार नवगछिया रेलवे स्टेशन पर पटना मोकामा निवासी कुंदन कुमार के आत्महत्या के बाद उसके पत्नी अंशु और परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। घटना के दूसरे दिन मेहता की पत्नी ने कहा कि हम लोगों में कोई बात नहीं हुआ था। वह पति के साथ.. पार्ट थर्ड की परीक्षा देकर स्टेशन पर पहुंचे थी। पति से खाना निकालने की बात कही जिस पर वह चिल्ला उठा आगे कैसे कूद गए यह समझ नहीं आया। नवगछिया जीआरपी के द्वारा पत्नी के बयान पर 20 केस दर्ज कर उसे पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया गया।

तमिलनाडु गए कमाने हिंदी भाषी मजदूर, अब स्थानीय लोग काम छीनने का आरोप लगाकर कर आत्म घाती हमला कर रहा है

दैनिक शुभ भास्कर प्रभात कुमार मिश्रा की रिपोट

बिहार लोग मजदूरी करने के लिए अन्य राज्य जाते हैं। चुके कांधे पर एक जिम्मेदारी तथा इसके लिए कमाने के लिए पहाड़ के लिए पलायन करते हैं। ऐसे ही आस में घर के परिवार बड़ी मां पत्नी बच्चा भाई सभी एक आस में रहते हैं। लेकिन अन्य राज्यों के लोग हमें रोजगार नहीं मिल रहा है का आरोप लगाकर हिंदी भाषी मजदूरों के साथ निर्मम रूप से हत्या तथा कातिलाना हमला करना संविधान के खिलाफ है। क्योंकि हम इसलिए कह रहे हैं कि अभी कई वीडियो वायरल हो अभी कई वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ताबड़तोड़ वार कर रहे हैं। चाहे बस स्टैंड हो या ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेटफार्म सब जगह हिंदी भाषियों को निशाने पर स्थानीय लोग ले रहा है। वैसे में सीएम व डिप्टी सीएम से परिजनों ने सुरक्षा की गुहार लगाई है। वहीं तमिलनाडु पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार नवादा भागलपुर जमुई लखीसराय गया, पटना, दरभंगा, नालंदा, मधुबनी सहित बिहार के कई जिलों के हजारों लोग तमिलनाडु के विभिन्न जिलों में काम करते हैं। सप्ताह भर पहले तमिलनाडु त्रिपुर से हुई हिंसा राजधानी चेन्नई तक पहुंच गई है। नवादा से वहां काम करने गए लोगों के अनुसार अब तक हमले में दो लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 50 से ज्यादा लोगों के घायल होने की सूचना है। इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव से सुरक्षा की गुहार लगाई है। वैसे मैं परिवार के लोग सदमे में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिहार के लोगों की वजह से उन्हें काम नहीं मिल पा रहा है। रास्ता हो या बस स्टैंड ट्रेन हो या फुटपाथ जहां भी बिहार के लोग दिख रहे हैं उनके साथ बेरहमी से मारपीट की जा रही है। कहा जा रहा है कि हमलों में मधुबनी के दो भाइयों की मौत हो चुकी है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पा रही है। भागलपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड के कनेरी निवासी राजकुमार ने बताया कि हम सब काफी डरे हुए हैं। लोग वीडियो भेज कर घटनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

4 मार्च को होलिकोत्सव को लेकर मारवाड़ी पाठशाला में कवि सम्मेलन

भागलपुर बिहार मारवाड़ी पाठशाला में 4 मार्च को होलिकोत्सव को लेकर कवि सम्मेलन होगा। मारवाड़ी युवा मंच अखिल भारतीय कवि सम्मेलन मित्र वसन्त गोष्ठी 4 मार्च को आज होगा। कवि सम्मेलन के स्वागत जगदीश चंद्र मिश्र पप्पू ने कवि सम्मेलन कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि 1961 में कभी गोपाल सिंह नेपाली हुआ कभी रमेश चंद्र मिश्रा अंगार ने यह शुरू किया था। तब से आज तक या आयोजन होली के समय निश्चित स्थान मारवाड़ी पाठशाला परिषद में होता चला आ रहा है। प्रेस वार्ता में रवि शराब रचित बजाज संजय सिंघानिया अश्वनी जोशी मोंटी आदि मौजूद थे।

भूमि विवाद में हुई मारपीट में एक महिला सहित दो जख्मी

दैनिक शुभ भास्कर, चंद्रशेखर कुमार भगत, अमरपुर, बांका

अमरपुर थाना क्षेत्र के कटहारा गांव में गुरुवार को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार कटहारा गांव के संजय यादव एवं मुकेश यादव के बीच पिछले कुछ सालों से किसी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। एक पक्ष के जख्मी संजय यादव ने बताया कि मुकेश यादव के द्वारा जबरदस्ती जमीन पर कब्जा कर लिया है। उसी को लेकर मुकेश यादव व पत्नी उषा देवी लाठी डंडे से लेश होकर हमला कर जख्मी कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष के मुकेश यादव ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर जब वह घर से बाहर निकल काम करने चले गए थे इसी बीच संजय यादव व रामजी यादव घर में घुस कर मेरी पत्नी के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। दोनों पक्षों के जख्मी का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल अमरपुर में चिकित्सक डॉक्टर रायबहादुर के द्वारा किया गया। वहीं दोनों पक्ष ने इसकी लिखित शिकायत थाने में दे दी है।

तीन कांडों में जब्त शराब का किया गया विनष्टीकरण

दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका

समाहर्ता बांका के आदेशोपरांत चांदन थाना परिसर में चांदन थाना कांड संख्या 1/23 , 7/23, एवं 8/23 में जप्त विदेशी शराब 2138 लीटर और आनंदपुर थाना के तीन कांड में जब्त 50 लीटर देशी शराब का विनष्टीकरण आज ड्रेन आउट विधि से किया गया। विनष्टीकरण के समय अधीक्षक मद्य निषेध बांका, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेलहर और दंडाधिकारी के रूप अंचलाधिकारी, चांदन उपस्थित रहे।

कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका

जिला पदाधिकारी, बांका की अध्यक्षता में कृषि टास्क फोर्स की बैठक जिला कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, तथा सभी कृषि समन्वयक के साथ आहूत की गई, जिसमें जिला पदाधिकारी द्वारा पंचायतवार/योजनावार समीक्षा किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत चल रहे भौतिक सत्यापन का कार्य को अगले 14 से 15 दिनों में साथ ही गरमा बीज वितरण के कार्य को निर्धारित 05.03.2023 तक समाप्त करने का निर्देश दिया गया। आत्मा बांका द्वारा राज्य के बाहर एवं राज्य के अंदर प्रसंस्करण के प्रशिक्षण हेतु बेलहर फारमर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को भेजा जाय। मिट्टी जांच प्रयोगशाला, बांका द्वारा जांच किए गए मिट्टी नमूने का मृदा स्वास्थ्य कार्ड को जल्द से जल्द कृषकों के बीच वितरित करने का निर्देश दिया गया।

समाजसेवियों ने बांटे मंदार के अग्नि पीड़ितों के बीच राहत सामग्री

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अमित कुमार शर्मा, बौसी, बांका

मंदार पर्वत में बीते दिन पूर्व रात्रि में दुकान में लगी भीषण अग्निकांड से दुकानदारों को लाखों की क्षति हुई है। जिससे उनका पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है लोगों को खाने पीने में भी दिक्कत आ रही है इस विपरीत घड़ी में सामाजिक दायित्व और समाज सहयोग के तहत रेड क्रॉस सोसाइटी एवं अन्य समाजसेवियों के द्वारा दुकानदारों के बीच खाद्य एवं अन्य सामग्री वितरित की गई। मंदार पहुंचकर पीड़ित दुकानदारों के बीच गुरुवार को कंबल, वस्त्र और खाद्य सामग्री , बर्तन और अन्य जरूरी सामान का वितरण किया गया। इस सामग्री वितरण के दौरान मुख्य रूप से नगर पंचायत के अध्यक्ष कोमल भारती, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष राजू सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के विश्वजीत सिंह, निपु झा, वार्ड पार्षद गुलशन कुमार सिंह, समाजसेवी शिवु साह, जगवंत सिंह, राणा रणवीर सिंह, निजाम दुरानी आदि के द्वारा पीड़ितों के बीच सहयोग सामग्री बांटी गई।

3 साल से बहन का था प्रेम प्रंसग, भाई ने भरी पंचायत में कराई शादी

दैनिक शुभ भास्कर डॉ अनुप कुमार ,बांका

भाईया रे मेरे राँखी के बंधन को न भुलाना... के कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है बांका जिले के रजौन प्रखंड अंतर्गत एक भाई ने अपनी बहन के प्रेमिका को बुलाकर शादी के बंधन में बाँध दिया। रजौन प्रखंड के भूसिया ग्राम निवासी राकेश उर्फ बीरबल यादव के 21 वर्षीय बेटे सिंटू यादव की सुजालकोरामा गांव की 19 वर्षीय छोटी कुमारी से प्रेम प्रसंग चल रहा था. लड़का ग्रेजुऐशन जबकि लड़की इंटर की छात्रा है. छोटी कुमारी का सिंटू यादव के साथ पिछले तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था. दोनों छुप- छुपकर मिला करते थे. छोटी कुमारी और सिंटू यादव के प्रेम प्रसंग की जानकारी जब छोटी के बड़े भाई विभाष को हुई तो उसने दोनों की शादी कराने का फैसला किया. बहन की शादी प्रेमी के साथ कराने के लिए बड़ा भाई विभाष तो तैयार हो गया लेकिन घर के दूसरे लोगों ने इसका विरोध कर दिया. परिवार वाले इस शादी के लिए कतई नहीं राजी थे. लेकिन उसने परिवार के सभी लोगों को राजी किया और फिर उनकी शादी करा दी. लड़की का बड़ा भाई विभाष गुजरात में रहकर मजदूरी करता है. जब वह गुजरात में था तभी उसे बहन के प्रेम प्रसंग की जानकारी हुई. इसके बाद वह गांव लौटा और बहन को भरोषे में लेकर उससे कहकर उसके प्रेमी सिंटू यादव को बुलवाया. फिर उसने लड़के से इसके बारे में पूछताछ किया और फिर पंचायत बुलाकर दोनों की शादी करा दी. गांव के मंदिर में ही दोनों की शादी कराई गई. इस दौरान लड़का और लड़की दोनों के परिवार के लोग मौजूद थे. दोनों परिवार पंचायत के फैसले के बाद शादी के लिए राजी हो गए थे.

डीएम ने अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल बांका द्वारा क्रियान्वयन योजनाओं की समीक्षा बैठक

दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका

जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, बांका द्वारा क्रियान्वयन योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में कब्रिस्तान घेराबंदी योजना, सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड निर्माण योजना, मंदिर चाहरदीवारी की प्रगतिशील योजना को तय सिमा के अंतर्गत शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वैसे योजना जिसका निविदा का निष्पादन किया जाना है को 20 मार्च तक निविदा का निष्पादित करने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया है। भूमि विवाद के कारण बाधित योजनाओं के संबंध में संबंधित अंचल अधिकारी को भूमि का सीमांकन कर जमीन 3 दिनों में स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, बांका को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत कार्यान्वित कटोरिया प्रखंड अंतर्गत रेफरल अस्पताल में हो रहे निर्माण कार्य को 7 मार्च तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना एवं सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना से कार्यान्वित योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं विशेषताओं के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया।

अमरपुर अंचल कार्यालय में शोकसभा का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर, चंद्रशेखर कुमार भगत, अमरपुर, बांका

अमरपुर अंचल कार्यालय परिसर में पदस्थापित परिचारी नर्मदा देवी की आकस्मिक निधन से अंचल कार्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक नर्मदा देवी विगत तीस वर्षों से अंचल कार्यालय में परिचारी के पद पर कार्यरत थी। सलेमपुर गांव स्थित अपने आवास पर गुरूवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। मृतका अपने पीछे एक दत्तक पुत्र संतोष तिवारी ,तीन पोते -पोतियों समेत भरा पुरा परिवार छोड़कर गई है। गुरूवार को दस बजे मृतका का पार्थिव शरीर अंचल कार्यालय लाया गया। जहां सीओ वत्सांक कुमार के नेतृत्व में अंचल कर्मियो ने पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर भावमिनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। गुरूवार की दोपहर अंचल कर्मियों ने कार्यालय परिसर में सीओ के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस अवसर पर राजस्व कर्मी गयादीन यादव, विकास झा, बिनोद कुमार, अजय कुमार, विधाधर तिवारी, राजेश उपाध्याय, शंकर तिवारी सुभाषचंद्र तिवारी, सुधीर तिवारी, विपिन तिवारी, कैलाश तिवारी, ज्ञानानंद तिवारी सहित शामिल थे।

बेगुसराय की टीम ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

दैनिक शुभ भास्कर, चंद्रशेखर कुमार भगत, अमरपुर, बांका

अमरपुर प्रखंड क्षेत्र के महादेवपुर पंचायत अन्तर्गत बरमसिया गांव में आयोजित बॉलीबॉल प्रतियोगिता में बेगुसराय की टीम ने चपरी टीम को 2/1 से पराजित कर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। बॉलीबॉल प्रतियोगिता में चौदह टीम ने भाग लिया। डे नाईट की मैच में मुंगेर तथा बेगुसराय, चपरी एवं महादेवपुर के बीच सेमीफाईनल मैच खेला गया। जिसमें तीन सैट के खेल में बेगुसराय की टीम ने मुंगेर टीम को दो सैट से पराजित कर तथा चपरी की टीम ने महादेवपुर की टीम को दो सैट से पराजित कर फाईनल में प्रवेश किया। फाईनल मैच में बेगुसराय की टीम ने चपरी टीम को 2/1 से पराजित कर जीत दर्ज कर लिया। विजेता टीम तथा उपविजेता टीम को आयोजन समिती के रंजीत शर्मा, चंदन चौधरी ने संयुक्त रूप से शिल्ड देकर पुरस्कृत किया। टीम में रेफरी की भुमिका मकन्दपुर के अनिल राय, महादेवपुर के बमबम राय ने निभाई। जबकि स्कोरर की भूमिका गोलु कुमार तथा सौरभ राय ने निभाई। इस अवसर पर बमबम राय, निवास शर्मा, विजय शर्मा, प्रभाकर शर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

समाहरणालय में शोक सभा का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर, बांका

बांका समाहरणालय परिसर में गुरुवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। स्वर्गीय नर्मदा देवी अमरपुर अंचल कार्यालय के परिचारी एवं स्वर्गीय बासुकी कुमार गुप्ता बाराहाट प्रखंड के ओरिया पंचायत के डाटा एंट्री ऑपरेटर की मृत्यु हो जाने पर जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं समाहरणालय के कमीर्यों के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया '

बिहार विधान परिषद कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी, 31 मार्च को मतदान व 5 अप्रैल मतगणना की तिथि घोषित, 1178 कुल मतदाता करेंगे मतदान

दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रूपेश मिश्रा की रिपोट

कटिहार बिहार विधान परिषद के कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन अधिसूचना जारी कर दी गई है ।कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 14 जिला सम्मिलित हैं, जिनमें पूर्णिया, किशनगंज ,कटिहार, अररिया, सहरसा ,मधेपुरा ,सुपौल, खगड़िया ,भागलपुर ,बांका, मुंगेर, जमुई , लखीसराय एवं शेखपुरा सम्मिलित है । कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचित पदाधिकारी एवं आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल पूर्णिया अधिसूचित किया गया है तथा सभी संबंधित जिलों के जिला अधिकारी सहायक निर्वाचित पदाधिकारी के रूप में अधिसूचित हैं। कार्यक्रम के अनुसार 9 मार्च 2023 को अधिसूचना प्रकाशन के साथ ही नामनिर्देशन प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी तथा 13 मार्च को नामनिर्देशन दाखिल किए जा सकेंगे। नॉमिनेशन निर्वाचित पदाधिकारी सह आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल पूर्णिया के समक्ष दाखिल किया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाएगा। कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिला अंतर्गत कुल 17 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं ,जो 16 प्रखंड मुख्यालय एवं एक नगर निगम कार्यालय कटिहार में स्थापित किए गए है। कटिहार जिला अंतर्गत स्थापित कुल 17 मतदान केंद्रों पर कुल 1178 मतदाता मतदान करेंगे जिनमें 988 पुरुष एवं 190 महिला मतदाता शामिल है। मतदान के बाद पोल्ड मतपेटीका पूर्णिया स्थित वज्रगृह में जमा की जाएगी तथा निर्वाचित पदाधिकारी द्वारा पूर्व में स्थित स्थापित कराए गए मतगणना केंद्र पर 5 अप्रैल को मतगणना संपन्न कराई जाएगी ।वाचन के संचालन हेतु जिला स्तर पर कुल 11 कोषांग का गठन किया गया है तथा सभी को शाम को में वरीय नोडल सहायतार्थ पदाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए सभी प्रखंड क्षेत्र में कुल 17 फ्लाइंग स्क्वायड टीम का गठन किया गया है जो मतदान समाप्ति तक कार्यरत रहेंगे।

डीएम ने तंबाकू नियंत्रण हेतु छापेमारी दस्ते के गठन का दिए निर्देश

दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, संवाददाता बांका

जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष जिला तंबाकू नियंत्रण समन्वयक समिति अंशुल कुमार की अध्यक्षता में सरकारी पदाधिकारियों एवं अन्य हितधारकों हेतु जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों के अलावा पुलिस के अधिकारी भी उपस्थित हुए। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि तंबाकू के सेवन से न सिर्फ सेहत पर इसका दुष्प्रभाव परता है साथ ही आर्थिक नुकसान भी होता है। तंबाकू सेवन न करके जिंदगी के साथ-साथ आर्थिक नुकसान को भी बचाया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने तंबाकू नियंत्रण हेतु छापामार दस्ते के गठन का निर्देश दिया साथ ही उसके सभी सदस्यों को शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में अवस्थित सभी तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को हटाते हुए नियमित रूप से छापामारी करने का निर्देश दिया। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने-अपने कार्यालयों में तंबाकू मुक्त क्षेत्र का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस अभियान को सफल करने के लिए हमें मिलकर प्रयास करनी होगी। जिससे हम अपने आने वाले पीढ़ी के भविष्य को बचा सकते हैं। साथ ही समाज के आम लोगों के बीच जाकर लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक करना होगा। जिससे तंबाकू के सेवन पर नियंत्रण लगाने में सफलता मिलेगी। तंबाकू नियंत्रण हेतु राज्य सरकार की तकनीकी सहयोग संस्थान सोशियो इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी (सीड्स) के वरीय राज्य कार्यक्रम प्रबंधक श्री शोमेल रस्तोगी ने राज्य सरकार एवं सीड्स के द्वारा संयुक्त रूप से राज्य के सभी 38 जिलों में चलाए जा रहे तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सीओटीपी --2003 की विभिन्न धाराओं के बारे में विस्तार से बताया। श्री रस्तोगी ने बताया कि तंबाकू सेवन करना एक खतरनाक आदत है जहां छोटे-छोटे बच्चे हैं वहां तो स्थिति और भी अधिक नाजुक बन जाती है। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को अभियान के रूप में चलाए जाने के काफी अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। सभी स्तर पर तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कोविड-19 से लड़ कर विजय प्राप्त किया गया उसी प्रकार हमें तंबाकू को समाप्त करना हैं तो लड़ाई लड़नी होगी। विदित हो कि सार्वजनिक स्थलों यथा सिनेमा हॉल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक सड़क, शिक्षण संस्थानों, एवं कार्यालयों सहित अन्य स्थानों पर धूम्रपान करना दंडनीय अपराध है। कार्यशाला के प्रारंभ में सिविल सर्जन डॉक्टर रविंद्र नारायण ने सभी प्रतियोगियों का स्वागत किया तथा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित जिले में की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। आज संवेदीकरण कार्यशाला में प्रभारी उप विकास आयुक्त, बांका, सिविल सर्जन, बांका, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बांका, पुलिस उपाधीक्षक, बांका, एनसीडी सेल के वित्तीय सह लॉजिस्टिक सलाहकार, सीड्स के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति के कार्यक्रम प्रबंधक के साथ अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।